मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 212

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

जयपुर, सोमवार, 23 जून, 2025

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित





12

## इजराइल और ईरान की जंग में अमेरिका की एंट्री



# अमेरिकी हमलों से थर्राया ईरान

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा- ईरान ने शांति कायम नहीं की तो होंगे और बड़े हमले**

**अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर गिराए बंकर बस्टर बम**

**फोर्डो, नतांज और इस्फहान न्यूक्लियर साइट्स को बनाया निशाना**

विशेष संवाददाता

**तेहरान/तेल अवीव।** इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष दूसरे हफ्ते में प्रवेश कर गया है। संघर्ष विराम के लिए स्विट्जरलैंड के जिनेवा में ईरान और यूरोपीय देशों के बीच हुई बातचीत में कोई नतीजा नहीं निकला। वहीं इजराइल ने कहा है कि वह लंबे सैन्य अभियान के लिए तैयार है। दोनों पक्षों के बीच लगातार जारी हमलों के बीच अमेरिका भी खुलकर युद्ध में कूद गया है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर सफल हमले का दावा किया है। हमला भारतीय समयानुसार रविवार सुबह 4:30 बजे हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे ऐतिहासिक क्षण करार दिया है। वहीं ईरान की तरफ से भी इजराइल में कई ठिकानों पर मिसाइलें दागी गईं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनकी वायु सेना ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों फोर्डो, नतांज और इस्फहान न्यूक्लियर साइट्स पर बड़ा हमला किया है। अमेरिकी सेना ने इन ठिकानों पर पूरी तैयारी के साथ बम गिराए, जिसमें मुख्य निशाना फोर्डो था। डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि सभी लड़ाकू विमान सुरक्षित रूप से ईरानी हवाई क्षेत्र से बाहर निकल गए और अपने बेस की ओर लौट गए। उन्होंने कहा कि ऐसी क्षमता दुनिया की किसी और सेना में नहीं है। उन्होंने इसे अमेरिका की सैन्य शक्ति की एक बड़ी उपलब्धि बताया और अब शांति की अपील की है। यह हमला उस समय हुआ जब ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर इजराइल के सामने चिंता बनी हुई है।

फोर्डो एनरिचमेंट प्लांट



### 125 जेट भेजे, इनमें 7 बी-2 बॉम्बर


ईरान पर हमले के बाद अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने हमले की डिटेल दी है। जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल डैन केन ने बताया कि इस मिशन में 125 एयरक्राफ्ट शामिल थे। इस ऑपरेशन में 7 बी-2 स्टेल्थ बॉम्बर्स ने हिस्सा लिया, जिन्होंने ईरान के फोर्डो और नतांज न्यूक्लियर ठिकानों पर 13,608 किलो वजनी बस्टर बम गिराए। इस एयर स्ट्राइक के बाद अमेरिका ने मिडिल ईस्ट स्थित अपने सभी एयरबेस पर हाई अलर्ट जारी कर दिया। गौरतलब है कि ईरान के खिलाफ इजराइल के मिलिट्री कैंपेन पर फैसला करने के लिए ट्रंप ने दो हफ्ते का समय लिया था। उन्होंने कहा था कि दो हफ्ते में इसका फैसला करेंगे और ये कोई नहीं जानता कि वे क्या करने जा रहे हैं।

नतांज- एटॉमिक फैसिलिटी सेंटर



### ईरान केवल इजराइल नहीं, अमेरिका के लिए भी खतरा : डोनाल्ड ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने बहुत पहले ही तय कर लिया था कि मैं ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दूंगा। ईरान सिर्फ इजराइल के लिए नहीं, बल्कि अमेरिका के लिए भी खतरा है। ईरान पिछले 40 सालों से अमेरिका और इजराइल के खात्मे की बात करता रहा है। अगर ईरान शांति कायम नहीं करता तो इससे भी बड़ा हमला होगा। उन्होंने कहा कि मिडिल ईस्ट के दबंग को अब शांति बनानी चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि हमलों का मकसद 'ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकना और दुनिया को परमाणु खतरे से बचाना' था। मैं दुनिया को बता सकता हूं कि यह हमला एक शानदार सैन्य सफलता थी।



इस्फहान- परमाणु टेक्नोलॉजी सेंटर



### मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति से की बात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान इजराइल संघर्ष में अमेरिका के हमले के बाद रविवार दोपहर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से टेलीफोन पर बात की और संघर्ष बढ़ने पर चिंता जताने के साथ ही सभी पक्षों से संवाद एवं कूटनीति से समाधान खोजे जाने पर बल दिया। मोदी ने एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से बात की। हमने वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की। हाल की वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता को शीघ्र बहाल करने के लिए तत्काल तनाव कम करने, संवाद एवं कूटनीति के हमारे आह्वान को दोहराया गया।

### ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम पीछे हुआ : जेडी



अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दावा किया है कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को काफी पीछे कर दिया है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अब एक कूटनीतिक रास्ता तलाश रहे हैं। वेंस ने कहा कि हम अब इसे लंबा खींचना नहीं चाहते हैं। ना ही इसे आगे बढ़ाना चाहते हैं। हम ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को पूरी तरह से खत्म करना चाहते हैं।

### परमाणु संयंत्रों पर हमले के बाद तिलमिलाया ईरान, अमेरिका को दी कड़ी चेतावनी

**तेहरान/ यरूशलम।** अमेरिका के हमले के बाद तिलमिलाए ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कड़ी चेतावनी देते दी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'ईरान को अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों के खिलाफ कार्रवाई करने और मुंह तोड़ जवाब देने का पूरा वैध अधिकार है। अपनी संप्रभुता, हितों और नागरिकी की रक्षा के लिए हमारे सभी विकल्प खुले हैं। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि उसने संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानून और परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का उल्लंघन किया है। सुबह जो कुछ हुआ, वह ना सिर्फ निंदनीय है, बल्कि इसके दूरगामी और खतरनाक परिणाम होंगे। संयुक्त राष्ट्र के प्रत्येक सदस्य देश को इनका विरोध करना चाहिए।

### पाकिस्तान ने अमेरिका के हमलों की निंदा की

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार ने एक्स पर लिखा कि पाकिस्तान ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमलों की निंदा करता है, जो इजराइल के लगातार हमलों के बाद हुए हैं। हम क्षेत्र में तनाव एवं हिंसा और बढ़ने की आशंका को लेकर बेहद चिंतित हैं। ये हमले अंतरराष्ट्रीय कानूनों के सभी नियमों का उल्लंघन हैं और ईरान को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत अपनी रक्षा करने का वैध अधिकार है।

### पहलगाम हमला : आतंकियों को पनाह देने वाले 2 लोग गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के दो महीने बाद एनआईए ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए की जांच में खुलासा हुआ है कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को पनाह दी थी। गिरफ्तार आरोपियों के नाम परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार हैं। पूछताछ में दोनों ने आतंकियों की पहचान बताई और यह भी पुष्टि की कि वे पाकिस्तानी नागरिक थे और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए थे। परवेज और बशीर ने हमले से पहले तीनों आतंकियों को हिल पार्क स्थित एक अस्थाई ढोक (झोपड़ी) में जानबूझकर ठहराया था। उन्होंने उन्हें खाना और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई थीं।

### ईरान से 311 भारतीय नागरिकों को लेकर दिल्ली पहुंची उड़ान



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** इजराइल के साथ संघर्ष में उलझे ईरान में फंसे लोगों को निकालने के लिए शुरू हुए ऑपरेशन सिंधु के तहत रविवार को 311 भारतीय नागरिकों को लेकर एक और विशेष उड़ान यहां पहुंची। वहीं देर रात एक और उड़ान के पहुंचने की उम्मीद जताई गई। मौजूदा उड़ान के साथ अब तक 1,428 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला जा चुका है।

मानसून ने पकड़ी रफ्तार, 1 जून से अब तक सामान्य से 133 फीसदी ज्यादा बारिश

## माउंट आबू में 24 घंटे में 7 इंच पानी बरसा

- **बूंदी में बाइक सहित बहा युवक, लोगों ने बचाया, सिरोही में पुलिया बही**
- **आज जयपुर समेत 27 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में मानसून की बरसात जारी है। तेज बारिश से कई नदियां उफान पर हैं। जयपुर, कोटा, टोंक, सवाई माधोपुर, बारां, सिरोही में रविवार को कई जगह तेज बारिश हुई। सिरोही के माउंट आबू में 181 मिमी (7 इंच) बारिश दर्ज हुई, इससे यहां कई नदियां उफान पर हैं और कई छोटे-बड़े गांवों एवं कस्बों का संपर्क दूसरे स्थानों से कट गया। उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में भी बादल छाए और कई जगह हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं प्रदेश में 1 जून से अब तक सामान्य से 133 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग ने सोमवार को जयपुर समेत 27 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

भीलवाड़ा में कोठारी नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। सिरोही में नेशनल हाईवे (दिल्ली-गुजरात) पर पानी भर गया है। इससे दिल्ली से कांडला (गुजरात) जाने वाला रूट बाधित हो गया। सिरोही में मूंगथला के आगे पुलिया बह गई। इससे रेवदर-आबूरोड का रास्ता बंद हो गया। बूंदी के भीमलत एरिया में नाला पार करते समय युवक बाइक समेत बहने लगा। लोगों ने उसे बचाया।



खारी नदी, जालौर

### दो दिन अतिभारी बारिश की संभावना

मौसम विभाग ने सोमवार और मंगलवार को राजस्थान के पूर्वी हिस्से में भारी से अतिभारी बारिश की संभावना जताते हुए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। तेज बारिश के कारण प्रदेश के कई बांधों में पानी की आवक हुई। बूंदी के गुढ़ा डेम, जयपुर के छापरवाड़ा, भीलवाड़ा के मेजा डेम, दौसा के मोरेल डेम समेत अन्य छोटे बांधों में भी पानी की आवक होने से यहां का गेज बढ़ गया।

### 27 जून तक बारिश का दौर रहेगा जारी

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के ऊपर एक लो प्रेशर सिस्टम बना हुआ था, जो राजस्थान के पूर्वी हिस्सों की तरफ बढ़ रहा है। इस सिस्टम के असर से भरतपुर, जयपुर, अजमेर और कोटा संभाग के जिलों में 23 और 24 जून को भारी और कहीं-कहीं अतिभारी बारिश हो सकती है। वहीं पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर संभाग के कुछ भागों में 25-27 जून के दौरान आंधी-बारिश की गतिविधियों में बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।



बूंदी

### जयपुर में हुई तेज बारिश

जयपुर में रविवार की दोपहर और शाम को तेज बारिश का दौर चला। इस दौरान सीतापुरा, प्रतापनगर, सांगानेर, मानसरोवर, बाईस गोदाम, टोंक रोड, जेएलएन रोड समेत आसपास के इलाकों में तेज बारिश हुई।

### पश्चिमी राजस्थान में तेज गर्मी, पारा 42 डिग्री दर्ज

बीकानेर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर में रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा तापमान श्रीगंगानगर में 42.9 डिग्री दर्ज हुआ। जैसलमेर में अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री, बीकानेर में 41.2 डिग्री, चूरू में 40.6 डिग्री और बाड़मेर में 38.9 डिग्री दर्ज हुआ।



राजसमंद

## फ्लाइट ऑपरेशन में गड़बड़ी की तो सस्पेंड होगा एयरलाइन का लाइसेंस

**विमान हादसे के बाद हवाई सेवा पर डीजीसीए सख्त**

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने प्रतिकूल मौसम के दौरान एयरलाइन के परिचालन के लिए गाइडलाइन जारी की है। डीजीसीए ने एअर इंडिया को चेतावनी दी है कि अगर फ्लाइट ऑपरेशन में गड़बड़ियां जारी रहीं तो एयरलाइन का लाइसेंस सस्पेंड किया जा सकता है या वापस भी लिया जा सकता है।

गाइडलाइन में इस बात पर बल दिया गया है कि सुरक्षा को 'समय-सारिणी के पालन' से अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा पायलटों को अप्रत्याशित परिस्थितियों में उड़ानों का मार्ग बदलने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। अनुसूचित और गैर-अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों को परिचालन परिपत्र जारी करते हुए डीजीसीए ने कहा कि पायलटों को दृश्य संकेतों की उपकरणों से जांच करनी चाहिए, ताकि सटीक दृष्टिकोण और लैंडिंग आकलन सुनिश्चित हो सके तथा बारिश में या गीली हवाई पट्टी पर रात्रि परिचालन के दौरान होने वाले दृश्य भ्रम से निपटा जा सके। यह सर्कुलर हाल ही केदारनाथ क्षेत्र में हुई हेलिकॉप्टर दुर्घटनाओं और श्रीनगर जा रही एक इंडिगो फ्लाइट में गंभीर टर्बुलेंस की घटना के बाद आया है।

परिचालन संबंधी अनिश्चितता पर जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव का हवाला देते हुए डीजीसीए ने उड़ान चालक दल को अत्यधिक सतर्कता बनाए रखने की सलाह दी है, 'जिसमें समय-सारिणी के पालन पर सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।



### एअर इंडिया ने सिंगापुर की दो फ्लाइट सस्पेंड की

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने तीन फ्लाइट्स को 15 जुलाई तक अस्थाई रूप से सस्पेंड कर दिया। इनमें दो इंटरनेशनल फ्लाइट बेंगलुरू से सिंगापुर, पुणे से सिंगापुर की हैं। वहीं एक डोमेस्टिक फ्लाइट है, जो मुंबई से बागडोगरा संचालित होती है। एयरलाइन ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी दी।

**सरकार का सबसे अहम प्रशासनिक फेरबदल,** वित्त में पांच और गृह विभाग में करीब तीन साल बाद बदलाव

# वित्त, गृह, उर्जा, उद्योग सहित कई प्रमुख विभागों के मुखिया बदले

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश की मौजूदा भाजपा सरकार ने सत्ता संभालने के बाद अपना सबसे अहम प्रशासनिक फेरबदल रविवार रात किया। सरकार ने अपने सबसे आला 62 आईएएस अधिकारियों के विभाग बदले हैं। वहीं 21 आईएएस अधिकारियों को उनके मौजूदा पद के साथ अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। इस प्रशासनिक फेरबदल का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था, क्योंकि इस दौरान एक अतिरिक्त मुख्य सचिव का निधन हो गया, वहीं कुछ अधिकारी दिल्ली चले गए और कुछ रिटायर हो गए। ऐसे में ज्यादातर अधिकारियों के पास अतिरिक्त कार्यभार था। इस सूची में 11 जिला कलेक्टर और तीन संभागीय आयुक्तों का तबादला भी किया गया है।



अखिल अरोड़ा | अपर्णा अरोड़ा | आलोक गुप्ता | सुबोध अग्रवाल

इस बदलाव की सबसे अहम बात यह है कि कुर्सी संभालने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पहली बार वित्त और गृह विभाग के मुखिया बदले हैं। वित्त विभाग में लगभग पांच साल से काम कर रहे अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा को पीएचईडी विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार को वन और पर्यावरण विभाग सौंपा गया है। ये दोनों ही अधिकारी पिछली कांग्रेस सरकार में इन पदों पर लगाए गए थे और लंबे समय से इन पदों पर बने हुए थे। उम्मीद की जा रही थी कि सत्ता परिवर्तन के बाद इन्हें बदला जाएगा, लेकिन सीएम भजनलाल शर्मा ने लगभग डेढ़ साल बाद इन्हें बदला है। वित्त विभाग की जिम्मेदारी अब वैभव गालरिया संभालेंगे जो अब तक नगरीय विकास विभाग संभाल रहे थे। इसी तरह गृह विभाग की जिम्मेदारी भास्कर आत्माराम सावंत को सौंपी गई है, जो पीएचईडी विभाग संभाल रहे थे।

एक बड़ा बदलाव यह है कि मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता का तबादला उद्योग विभाग में प्रमुख सचिव पद पर किया गया है। इनके अलावा लंबे समय से वन और पर्यावरण विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहीं अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा को अब सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की जिम्मेदारी दी गई है तथा इस विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे पूर्व सीएम अशोक गहलोत के प्रमुख सचिव कुलदीप रांका को उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग सौंप दिया गया है। इनके अलावा एक बड़ा बदलाव अजिताभ शर्मा का है। राइजिंग राजस्थान जैसे बड़े आयोजन सफलतापूर्वक अंजाम देने के प्रतिफल के रूप में अब उन्हें उर्जा विभाग के प्रमुख सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं अतिरिक्त प्रभार के रूप में अब उनके पास विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड की जिम्मेदारी भी रहेगी।

शेष पृष्ठ 8 पर »

### देवाशीष पृष्टि को यूडीएच

देवाशीष पृष्टि को यूडीएच विभाग की कमान सौंपी गई हैं। देवाशीष करीब साढ़े 4 साल ब्रुसेल्स में भारतीय उच्चायुक्त में डिप्टी चीफ ऑफ मिशन की जिम्मेदारी संभालने के बाद पिछले साल ही राजस्थान लौटे थे। उसके बाद उन्हें वित्त विभाग में लगाया गया था, लेकिन अब उन्हें प्रमुख शासन सचिव यूडीएच विभाग लगाया गया है। इनके अलावा जयपुर ग्रेटर नगर निगम की आयुक्त रुक्मिणी रियार का तबादला कर उन्हें पर्यटन विभाग के आयुक्त पद पर लगाया है।

### इन जिलों में नए कलेक्टर

कानाराम सवाई माधोपुर, जिला कलेक्टर और मजिस्ट्रेट, कल्पना अग्रवाल टोंक जिला कलेक्टर और मजिस्ट्रेट, रामअवतार मीणा निदेशक विभागीय जांच, पीयूष समरिया कोटा कलेक्टर और मजिस्ट्रेट, प्रियंका गोस्वामी कोटपूतली-बहरोड़ कलेक्टर और मजिस्ट्रेट, अरुण कुमार हसीजा राजसमंद कलेक्टर और मजिस्ट्रेट. कमलराम मीणा ब्यावर जिला कलेक्टर और मजिस्ट्रेट, श्वेता चौहान फलौदी जिला कलेक्टर और मजिस्ट्रेट, महेंद्र खड़गावत डीडवाना-कुचामन जिला कलेक्टर और मजिस्ट्रेट लगाया गया है। पुखराज सैन प्रबंध निदेशक चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, शुभम चौधरी को वित्त (व्यय द्वितीय) विभाग संयुक्त शासन सचिव जयपुर, डॉ. भारती दीक्षित संयुक्त शासन सचिव वित्त (व्यय-प्रथम) विभाग, सुरेश कुमार ओला आयुक्त निवेश संवर्धन ब्यूरो, आशीष मोदी निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, पदेन संयुक्त शासन सचिव एवं पंचायती राज विभाग सहित अन्य का तबादला किया गया है।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



**पुलिस थाने में मौत का मामला :** सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा की समझाइश पर दो घंटे में खत्म हुआ धरना

# मृतक मनीष पांडे के परिवार को मिलेगा न्याय

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सदर थाने में पुलिस हिरासत में युवक मनीष पांडे की मौत के बाद एसएमएस अस्पताल मोर्चरी पर सामाजिक संगठनों और परिजनों का धरना रविवार को सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा के आश्वासन पर खत्म हो गया।

विधायक शर्मा ने एसएमएस अपस्ताल मोर्चरी में पीड़ित परिवार से मुलाकात की और पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारियों से वार्ता की। विधायक शर्मा की मध्यस्थता में वार्ता के दौरान मृतक परिवार को आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य के लिए नौकरी, प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच और दोषी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई के आश्वासन पर प्रदर्शनकारियों एवं परिजनों में सहमति बनी और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू हुई। उपस्थित लोगों ने विप्र महासभा संस्थापक सुनील उदेईया और परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी की अगुवाई में विधायक गोपाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।



इससे पूर्व मामले को लेकर विप्र महासभा संस्थापक सुनील उदेईया व परशुराम सेना के संस्थापक अनिल चतुर्वेदी, महामंत्री जितेंद्र मिश्रा, देवेंद्र शर्मा आदि के नेतृत्व में मृतक के परिजन और अन्य संबंधी एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठे थे। गौरतलब है कि 28 वर्षीय मनीष मूलतः यूपी का रहने वाला था, जो यहां मांग्यावास में पत्नी और दो बेटियों के साथ रह रहा था।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को मनीष को वाहन चोरी के आरोप में पकड़कर सदर थाने लाया गया था। शनिवार को पूछताछ के लिए उसे एचएम कार्यालय के पास कमरे में बैठा रखा था। इस दौरान उसने पास पड़े तौलिए से पंखे के पास लगे पाइप से फंदा लगा लिया। पुलिस का कहना है कि वहां मौजूद संतरी ने तुरंत थाने को अलर्ट किया और मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मियों ने मनीष को फंदे से उतारकर बनीपार्क सैटेलाइट हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां से उसे एसएमएस रैफर किया गया, जहां मनीष की मौत हो गई। हालांकि, परिजनों ने पुलिस प्रशासन के बयान से असहमति जताई है।

## रिहायशी इलाके में बसों की आवाजाही नहीं होगीः गोपाल शर्मा

**जयपुर।** सिंधी कैंप बस स्टैंड परिसर की दीवार तोड़कर पीछे की कॉलोनी में रास्ता निकाला जा रहा है, जिसका आम जनता द्वारा विरोध किया जा रहा है।

सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने मौके पर पहुंच कर जनता का पक्ष समझने का प्रयास किया। साथ ही अधिकारियों से बातचीत कर लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार एवं सक्षम अधिकारियों से बात करके सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा कि रिहायशी इलाके में बसों की आवाजाही नहीं हो। इस दौरान स्थानीय पार्षद एवं जयपुर नगर निगम हेरिटेज के चेयरमैन रविप्रकाश सैनी, पवन शर्मा नटराज, विरोध कर रहे स्थानीयवासी और सिंधी कैंप थानाधिकारी श्याम सुंदर भी पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर मौजूद रहे।





## यूनिटी मॉल और राजस्थान मंडपम को लेकर अफवाहें बेबुनियाद!

- **वन भूमि नहीं, वैध अधिग्रहित जमीन पर हो रहा विकास**
- **हाईकोर्ट और एनजीटी ने झूठे दावों को किया खारिज**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर के पास राजस्थान सरकार की दो बड़ी परियोजनाएं 'यूनिटी मॉल और राजस्थान मंडपम' को लेकर कुछ लोग भ्रामक प्रचार कर रहे हैं कि ये जंगल की जमीन पर बन रही हैं और हजारों पेड़ काटे जा रहे हैं, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।

रीको ने साफ किया है कि ये जमीन कभी भी वन भूमि नहीं रही। यह निजी खातेदारी ज़मीन थी, जिसे 1980 के दशक में कानून के तहत अधिग्रहित कर रीको को दी गई थी। इस पर पहले जैम स्टोन पार्क और फिर फिनटेक सिटी की योजना बन चुकी है।

कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि यहां जैव विविधता थी, जबकि असल में यह ज़मीन वर्षों से खाली पड़ी थी और यहां उगे पौधे-पेड़ प्राकृतिक रूप से बढ़े थे। निर्माण से पहले सभी पेड़ शिफ्ट किए जा रहे हैं और जिन पेड़ों को हटाना ज़रूरी है, उनके बदले 10 गुना वृक्ष लगाए जाएंगे। इस मामले में हाईकोर्ट और एनजीटी भी साफ कर चुके हैं कि यह वन भूमि नहीं है और प्रोजेक्ट पूरी तरह वैध है। कोर्ट ने झूठ फैलाने वालों पर जुर्माना भी लगाया है।

यूनिटी मॉल 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' को बढ़ावा देगा और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय मंच देगा। वहीं राजस्थान मंडपम जयपुर को वैश्विक सम्मेलन हब बनाएगा। दोनों से हजारों रोजगार और निवेश के अवसर पैदा होंगे। रीको ने कहा है कि दोनों प्रोजेक्ट पर्यावरण नियमों के तहत पूरी पारदर्शिता से विकसित हो रहे हैं।

बीकानेर क्षेत्र में खाद-बीज व्यापारियों के गोदामों का कृषि मंत्री ने किया निरीक्षण

# किसानों को मिले गुणवत्ता वाले कृषि सामान और बीजः किरोड़ीलाल मीणा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने शनिवार और रविवार को बीकानेर क्षेत्र में बीज, खाद व्यापारियों के यहां गोदामों का निरीक्षण किया। मंत्री मीणा ने गोदारा एग्रो एजेंसी बीकानेर के यहां से जब्त और कोलायत क्रय विक्रय सहकारी समिति लि. को सुपुर्द किए गए 468.25 क्विंटल ग्रीन अर्थ एग्रो केमिकल्स के उत्पादित बायो स्टीमूलेंट का भी निरीक्षण किया।

कृषि मंत्री किरोड़ी लाल ने कहा कि प्रत्येक निरीक्षक अपने क्षेत्र में सघन निगरानी रखें एवं नियमित रूप से कृषि आदान विक्रेता और उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी निर्माताओं के परिसर का निरीक्षण करें। कहीं से भी यदि कृषि आदान यथा बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी के अवैध बिक्री अथवा उत्पादन की सूचना प्राप्त होती है, तो सूचना को तत्काल सत्यापित करें एवं नियमानुसार कार्यवाई करें। किसानों को उच्च गुणवत्ता के कृषि सामान उपलब्ध होने चाहिए।

### बीकानेर क्षेत्र में रहा कार्रवाई का केन्द्र

बीकानेर में आदान गुण नियंत्रण अभियान के अंतर्गत कार्यवाही की गई। कार्यवाही में भूरा कॉम्प्लेक्स, समतानगर, बीकानेर स्थित परिसर में स्थित गोदामों में छापामारी की कार्यवाही की गई, जो रविवार सुबह तक चली। संबंधित फर्मों से गोदाम की वैध अनुमति से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया, लेकिन गोदाम लाइसेंस में दर्ज नहीं होने के कारण अवैध पाए गए। इस सारी कार्यवाही के दौरान सहायक निदेशक सुभाष चंद्र की ओर से 6950 किलो उर्वरक जमींदार विकास सेवा सहकारी समिति के गोदाम से, सहायक निदेशक कृषि विस्तारमीनाक्षी शर्मा की ओर से 226 लीटर कीटनाशी एवं 150 किलो सल्फर जे पी खाद बीज एजेंसी के गोदाम से, सहायक निदेशक कृषि सुरेन्द्र मारू की ओर से 680 किलो बीज एवं 2191 किलो उर्वरक शिव शक्ति खाद बीज भंडार के गोदाम से, गिरिराज चरण कृषि अधिकारी ने 860 लीटर कीटनाशी शिवशक्ति खाद बीज भंडार के गोदाम से, कविता गुप्ता कृषि अधिकारी ने 5560 किलो बीज, 2372 किलो उर्वरक एवं 50 किलो कीटनाशी अन्नदाता एग्रो एजेंसी के गोदाम से जब्त किया। निरीक्षण के समय कीटनाशी के 16, उर्वरक के 13 एवं बीज के 3 नमूने लिए गए हैं, जिन्हें गुणवत्ता की जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।



गोदाम लाइसेंस में दर्ज नहीं होने एवं बीज नियंत्रण आदेश, उर्वरक नियंत्रण आदेश तथा कीटनाशी एक्ट के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन एवं अनियमितता पाए जाने पर बीकानेर के अन्नदाता एग्रो एजेंसी, शिवशक्ति खाद बीज भंडार, जे पी खाद बीज एजेंसी एवं जमींदार विकास सेवा सहकारी समिति लि. के भूरा कॉम्प्लेक्स में गोदामों को सीज किया गया। जिला कलेक्टर बीकानेर को जब्ती की कार्यवाही की सूचना देकर पुलिस थाना बीछवाल में संबंधित फर्मों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है।

## प्री.बीपीएड, प्री.एमपीएड, बीएड, एमएड प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से प्री.बीपीएड, प्री.एमपीएड, बीएड, एमएड प्रवेश परीक्षा संपन्न हो गई है। नैक में ए प्लस ग्रेड मिलने के बाद राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से इन परीक्षाओं के लिए विश्वविद्यालय को नोडल एजेंसी बनाया गया था। इस प्रवेश परीक्षा को 18 केंद्रों पर आयोजित किया गया।

राजस्थान विश्वविद्यालय में परीक्षा के परीक्षा संयोजक प्रो. आर. एन. शर्मा ने बताया कि प्री.बीपीएड परीक्षा प्रथम पारी में सुबह 10 से 11.30 बजे तक हुई। इस परीक्षा में 84.72 प्रतिशत उपस्थिति रही। इसी प्रकार प्री.एमपीएड, प्री.एमएड, प्री.बीएड-एमएड परीक्षा दूसरी पारी में दोपहर 1.30 से 3 बजे तक संपन्न हुई, जिसमें एमपीएड में 84.67 प्रतिशत, एमएड में 72.91 प्रतिशत और बीएड-एमएड में 65.43 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

## पशु चिकित्सालयों के लिए 208 पद सृजितः जोराराम

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पशुपालन विभाग में चिकित्सालयों के क्रमोन्नत या नए उप केंद्र खोलने सहित अन्य विकासात्मक बजट घोषणाएं पूरी हो रही हैं। इसी क्रम में हाल ही में 25 बहुउद्देश्यीय पशु चिकित्सालयों में 208 नए पदों के सृजन की भी स्वीकृति जारी कर दी गई है। इसके साथ ही 50 पशु चिकित्सालयों के क्रमोन्नयन की वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति भी जारी कर दी गई है।



पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि बजट 2025-26 की घोषणाओं की बात करें तो अब तक 50 फीसदी से ज्यादा घोषणाएं पूरी की जा चुकी हैं। इसी क्रम में नागौर के डेगाना, डीडवाना कुचामन के मकराना, खैरथल तिजारा के मुंडावर, जालौर के सांचोर, भीलवाड़ा के शाहपुरा व गंगापुर, जयपुर के दूदू, झुंझुनूं जिले के बगड़, धौलपुर जिले के गांव बाड़ी के प्रथम श्रेणी चिकित्सालय को बहुउदेशीय पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत किया गया है। इन क्रमोन्नत बहुउदेशीय चिकित्सालयों के लिए उपनिदेशक, पशु चिकित्सा अधिकारी, कनिष्ठ सहायक, एक्स-रे टैक्नीशियन व पशुधन परिचर सहित कुल 116 पद सृजित किए गए हैं।

पशुपालन मंत्री जोराराम ने बताया कि 25 प्रथम श्रेणी से बहुउदेशीय पशु चिकित्सालय, 50 पशु चिकित्सालय से प्रथम श्रेणी चिकित्सालय तथा 100 उप केंद्रों को पशु चिकित्सालयों में क्रमोन्नत किया गया था। साथ ही प्रदेश में 500 नए उप केंद्र खोलने की स्वीकृति भी जारी की गई।

### प्रदेश के 50 पशु चिकित्सा उप केंद्र क्रमोन्नत

जोराराम कुमावत ने बताया कि पशुपालन विभाग के शासन उप सचिव संतोष करोल ने 50 पशु चिकित्सा उपकेंद्रों को पशु चिकित्सालयों में क्रमोन्नत के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने क्रमोन्नत चिकित्सालयों के लिए पशु चिकित्सा अधिकारी व पशुधन सभी क्रमोन्नत पशु चिकित्सालयों के लिए फर्नीचर व उपकरण के लिए 30-30 हजार रुपए की स्वीकृति की अनुमति भी दी गई है।

## महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बनीपार्क में किया योगाभ्यास



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बनीपार्क में योगाभ्यास किया गया। इसमें विद्यालय के सभी शिक्षक और स्टाफकर्मियों के साथ अन्य सामाजिक संगठनों और स्थानयी प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। विद्यालय के प्रभारी महेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि योग दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि बीकानेर निदेशालय के उपनिदेश स्पोर्ट्स अरविन्द व्यास रहे। इस मौके पर संस्था प्रधान संध्या आर्य राजकीय महारानी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बनीपार्क की संस्था प्रधान सुनीता मल्होत्रा सहित बड़ी संख्या में अन्य साथियों ने योग किया। योग प्रशिक्षक सुमन पूनिया और वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक सुमन चौधरी के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया गया।

## पिछले मानसून से तीन गुना अधिक पौधे लगाएगा जेडीए

- **हरियाली को लेकर कवायद**
- **शहर में दस केंद्रों पर किए जाएंगे वितरित**
- **स्वयं के स्तर पर किए जाने वाले पौधरोपण में की कटौती**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मानसून में जयपुर में किए जाने वाले पौधरोपण के लिए जेडीए ने शहर में 10 केंद्रों पर पौधे वितरित करने की व्यवस्था की है। जेडीए के अनुसार इस बार पिछले मानसून से तीन गुना अधिक पौधे लगाने की योजना है, लेकिन स्वयं के स्तर पर किए जाने वाले पौधरोपण में इस बार कटौती की है। पिछले मानसून में जेडीए ने करीब 70 हजार पौधों को अपने स्तर पर विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लगाया था। इस बार इसमें कटौती की गई है।



इस साल जेडीए 60 हजार पौधे लगाएगा, जो पिछले मानसून से 10 हजार कम हैं। जानकारों का मानना है कि जेडीए सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाने वाले पौधों में कटौती कर इन्हें बेचान करने पर ज्यादा फोकस कर रहा है। जेडीए ने इस बार राजधानी में कुल 2 लाख 45 हजार पौधे वितरित और रोपित करने के लिए तैयार किए हैं। जेडीसी आनंदी के अनुसार मानसून के दौरान राजधानी में 2 लाख 45 हजार पौधे लगाए जाएंगे, जो पिछले मानसून में लगाए पौधों की संख्या से तीन गुना अधिक हैं।

### प्रति पौधा रुपए 50 की दर से, ऊंचाई 10 फीट

जेडीए द्वारा 40 हजार पौधे आमजन को रियायती दर पर वितरित किए जाएंगे। रियायती दर पर प्रत्येक व्यक्ति को आईडी पर अधिकतम 5 फलदार, फूलदार एवं छायादार प्रजाति के पौधे उपलब्ध करवाए जाएंगे। प्रति पौधा 50 रुपए की दर से आमजन को वितरित किए जाएंगे। जेडीए की ओर से लगाए जाने वाले और आमजन को वितरित किए जाने वाले पौधे 10 फीट ऊंचाई के होंगे। जो आमजन को शहर में 10 केंद्रों पर वितरित किए जाएंगे।

### पौधरोपण के लिए आवेदन करना होगा

ये पौधे सरकारी, कार्यालयों, विद्यालयों, अस्पतालों, कॉलोनियों महाविद्यालय, विश्वविद्यालय आदि स्थानों पर जेडीए की ओर से लगाए जाएंगे। जिन स्थानों के लिए संबंधित संस्था या विकास समिति के आवेदन आएंगे, वहां जेडीए के ठेकेदार की ओर से पौधरोपण किया जाएगा। पौधे लगाने के बाद उनकी सार-संभाल का काम संबंधित विकास समिति या संस्था करेगी। सेंट्रल पार्क सहित विभिन्न पार्कों में पौधे लगाए जाएंगे। जेडीए कालवाड़ रोड स्थित गजाधरपुरा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में 1 लाख पौधे मियांवाकी तकनीक से लगाएगा। वहीं गोल्फ क्लब की पार्किंग रॉयल सिटी, निवारू रोड, नारायण विहार, 200 फीट एचटी लाइन के नीचे ग्रीन बेल्ट, आमेर कुंडा से ताज होटल, भारत माता सर्किल से नारायण विहार 200 फीट रोड, महल रोड, प्रभुदयाल मार्ग, सांगानेर फ्लाई ओवर से होटल रनवे तक महिमा पनाश रोड एयरपोर्ट रोड से महाराणा प्रताप सर्किल तक 18000 पौधे लगाए जाएंगे।

# कांग्रेस को कलम की ताकत कभी समझ नहीं आई, डबल इंजन सरकार दे रही जनता को जवाबः शेखावत

**केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री का सियासी वारः कांग्रेस पर तंज, डोटासरा पर सीधा निशाना**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में हमेशा सरकार रिमोट कंट्रोल से चली है। इतना ही नहीं, कई बार तो प्रधानमंत्री तक को ये समझ ही नहीं आया कि असली ताकत उनके पास है या कहीं और।

मीडिया से बातचीत करते हुए शेखावत ने कहा कि कांग्रेस में फैसले कभी थोपे जाते थे, कभी पलट दिए जाते थे और कई बार तो कैबिनेट के निर्णयों को सार्वजनिक मंचों पर फाड़कर मजाक बनाया गया। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस को लगता है कि भाजपा में भी सब कुछ ऐसे ही चलता होगा, लेकिन भाजपा की संस्कृति में ऐसी परंपरा नहीं है। हम संविधान से चुनी गई सरकार हैं और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का काम कर रहे हैं।'



### राहुल गांधी पर कटाक्ष, 'पराजय का रिकॉर्ड बना लिया'

महाराष्ट्र चुनावों को लेकर राहुल गांधी की ओर से चुनाव आयोग पर उठाए गए सवालों पर शेखावत ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार हार रहे हैं, लेकिन अपनी हार को छुपाने के लिए कभी ईवीएम, कभी सुप्रीम कोर्ट, अब चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हैं। शेखावत ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़ा कर कांग्रेस जनता में अविश्वास फैलाना चाहती है, लेकिन अब देश की जनता पूरी तरह जागरूक है।

### 'डोटासरा अपनी हार नहीं पचा पा रहे'

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा को लेकर शेखावत ने कहा कि जब-जब डोटासरा की हालत डगमग होती है, वह ऊंची आवाज में भाजपा को कोसना शुरू कर देते हैं। वे पहले खुद के गिरेबां में झांकना सीखें। शेखावत ने कहा कि राजस्थान में भाजपा की डबल इंजन सरकार बनने के बाद हुए चुनावों में भाजपा को जबरदस्त समर्थन मिला है, यहां तक कि डोटासरा के क्षेत्र में भी हार का स्वाद उन्हें चखना पड़ा है।

### '2023 को याद कर लें डोटासरा'

कानून व्यवस्था पर कांग्रेस के हमलों पर जवाब देते हुए शेखावत ने कहा कि 2023 से पहले की स्थिति पर नजर डाल लें, तब सरकार कैसे फेल थी, जनता आज भी याद रखे हुए है।

## 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 126 विद्यार्थी हुए सम्मानित

महानगर संवाददाता

**मुख्य अतिथि जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने किया होनहारों को सम्मानित**

**जयपुर।** ब्राइटमून पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में रविवार को प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र यादव ने की। सांसद मंजू शर्मा ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 126 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सांसद मंजू शर्मा ने विद्यार्थियों और लोगों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का भी आह्वान किया। इस मौके पर विद्यालय निदेशक गौरव यादव ने विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में अवगत कराते हुए विद्यार्थी जीवन में अनुशासन और निरंतरता का महत्व बताया। कार्यक्रम में विद्यालय की पूर्व छात्रा और न्यूज एंकर आयुषी मिश्रा, पार्षद दिनेश कांवट, प्रियंका अग्रवाल, रूप कंवर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ऑनलाइन गेम में पैसे हारे तो बहू ने घर में कर डाली चोरी

## सास-ससुर के बाहर जाने पर रची चोरी की झूठी साजिश, गिरफ्तार



महानगर संवाददाता

**डूंगरपुर।** आसपुर के दोवड़ा थाना क्षेत्र में ऑनलाइन गेम में पैसे हारने के बाद बहू ने अपने ही घर में चोरी कर डाली। घरवालों के बाहर जाने पर बहू ने घर में चोरी की झूठी कहानी रची। थाना अधिकारी तेज करण सिंह ने बताया कि हथाई निवासी देवीलाल ने थाने में मामला दर्ज कराया था, जिसमें बताया कि उनकी पत्नी मायके गई थी। घर पर उनका छोटा बेटा विवेक व बड़े बेटे रोहित की पत्नी पूजा थे। देवीलाल के घुटनों में दर्द के इलाज के लिए डूंगरपुर चले गए। थाना अधिकारी तेज करण सिंह ने बताया जब देवीलाल वापस घर लौटे तो बेटे विवेक व बहू पूजा ने चोरी की सूचना दी। मौके पर देखा तो तिजोरी का सामान बिखरा हुआ था। सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस को पूजा की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने बताया कि पूजा से पूछताछ में सामने आया कि वह 6 महीने से मोबाइल पर 'रश' नाम का ऑनलाइन गेम खेलती थी। गेम में पैसे हार जाने और अधिक पैसों की जरूरत के कारण उसने यह योजना बनाई। पूजा ने अलग-अलग समय पर घर से पुराने सोने-चांदी के जेवरात चुराए। सास-ससुर के बाहर होने का फायदा उठाकर घर का सामान बिखेर दिया और चोरी की झूठी कहानी रची।

पुलिस ने पूजा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि देवीलाल का बड़ा बेटा रोहित कुवैत में काम करता है। आगरा निवासी पूजा से ढाई साल पहले उसकी शादी हुई थी। छोटा बेटा विवेक बीए की पढ़ाई कर रहा है।

## टक्कर के बाद ट्रेवलर गाड़ी खड़ी कारों से टकराई, चार लोग घायल, मौके पर मची चीख-पुकार

# बेकाबू गैस टैंकर की टक्कर से यात्रियों को छूकर निकल गई मौत

महानगर संवाददाता

**दौसा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में गिरिराज धरण मंदिर के पास सत्कार होटल के सामने जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे-21 पर देर रात एक एलपीजी टैंकर ने ट्रेवलर गाड़ी को टक्कर मार दी और गाड़ी ने होटल के सामने खड़ी गाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे एक युवक सड़क पर गिर गया। इस दौरान वहां खड़े आधा दर्जन लोग बाल-बाल बच गए।



हैड कांस्टेबल हनुमान सिंह ने बताया कि शनिवार देर रात भरतपुर की ओर जाते समय एक ट्रेवलर बस होटल के सामने रुकी। ट्रेवलर बस में सवार लोग होटल कर्मचारी से बात कर रहे थे, तभी पीछे से आए एक बेकाबू एलपीजी टैंकर ने टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रेवलर बस होटल के सामने खड़ी कारों से टकरा गई, जिससे एक होटल कर्मचारी भी सड़क पर गिर गया। हैड कांस्टेबल ने बताया कि अचानक हुए घटनाक्रम से ट्रेवलर बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। होटल के सामने खड़े आधा दर्जन यात्री भी बाल-बाल बच गए। ट्रेवलर बस में सवार 4 यात्री घायल हो गए और 7 कारें क्षतिग्रस्त हो गईं।

### होटल के सामने खड़े आधा दर्जन लोग बाल-बाल बचे

हादसे का सीसीटीवी सामने आया है, जिसमें बेकाबू टैंकर सड़क किनारे खड़ी ट्रेवलर गाड़ी को पीछे से टक्कर मारते दिख रहा है। सूचना पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने घटनाक्रम की जानकारी ली और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू करवाया। हादसे के समय होटल के सामने करीब आधा दर्जन यात्री खड़े थे। एक होटल कर्मचारी ट्रेवलर गाड़ी में सवार यात्रियों से बात कर रहा था। इस दौरान एलपीजी टैंकर ने ट्रेवलर को टक्कर मार दी, जिससे वहां खड़े यात्री बाल-बाल बच गए। उन्हें लगा जैसे मौत उनके पास से गुजर कर चली गई।

### गैस का रिसाव होने से हो सकता था बड़ा हादसा

ट्रेवलर गाड़ी को टक्कर मारने के बाद टैंकर पलटने से बच गया। टैंकर पलट जाता तो एलपीजी का रिसाव होने से बड़ा हादसा हो सकता था। वहां दो दर्जन से ज्यादा यात्री मौजूद थे। हादसे के बाद होटल संचालक पर भी सवाल उठ रहे हैं, लोगों का कहना है कि होटल कर्मचारी यात्री वाहनों को हाईवे पर ही रुकवाकर खाने के लिए मनुहार करते हैं। ट्रेवलर गाड़ी हाईवे पर खड़ी नहीं होती तो यह हादसा नहीं होता।

# लॉरेंस गैंग के शूटर ने ज्वेलर को धमकी देकर मांगी रंगदारी

## बीस लाख की डिमांड कर कहा- किसी गलतफहमी में मत रहना, तेरे पीछे बंदे लगे हैं

महानगर संवाददाता

**भरतपुर।** जिले के अटलबंद थाना इलाके में ज्वेलर को लॉरेंस गैंग के शूटर के नाम से धमकी मिली है। शूटर ने 20 लाख रुपए की डिमांड की। उसने बोला कि लॉरेंस ग्रुप का शूटर हूं, किसी गलतफहमी में मत रहना। इसके बाद मैसेज किया कि तेरे परिवार की जानकारी है, तेरे पीछे अपने बंदे लगे हुए हैं। तिलकधारी ज्वेलर्स के मालिक राजकुमार गोयल ने बताया कि वह वृंदावन गया हुआ था, वहां बेटे शेखर का कॉल आया। उसने बताया कि एक धमकी भरा कॉल आया है। उसने मैसेज करके भी धमकी दी है और



20 लाख रुपए की डिमांड की है। बेटे ने बताया कि उसके फोन की बैटरी डाउन थी। इसलिए कॉल पर पूरी बात नहीं हुई। बीच में ही फोन स्विच्ड ऑफ हो गया। इसके बाद कॉलर ने वॉट्सएप पर एक के बाद एक 5 मैसेज किए। इनमें लिखा है कि लॉरेंस गैंग, तेरे बारे में सब जानते हैं। दो दिन में तुझे पैसा देना है, 20 लाख रुपए। किसी तरह की गलतफहमी में मत रहना। तेरे पीछे अपने बंदे लगे हुए हैं, याद रखना। तेरे घर-परिवार के बारे में सब जानते हैं।

### पूरे बाजार को पुलिस की सुरक्षा देने की मांग

पीड़ित ज्वेलर ने बताया कि इसके बाद रात को फिर 2 मैसेज आए। इनमें लिखा था कि तेरे घर परिवार के बारे में सब जानकारी है। लॉरेंस गैंग। बाकी तेरी मर्जी। ज्वेलर ने कहा कि मैंने बेटे से दोनों स्क्रीन शॉट मांगे। मैसेज पढ़कर हम घबरा गए। रविवार सुबह में वृंदावन से लौटा और हमने 100 नंबर पर पुलिस को कॉल किया, लेकिन लाइन व्यस्त आ रही थी। इसके बाद में सर्राफा बाजार गया और साथी व्यापारियों से इस घटना का जिक्र किया। पीड़ित ज्वेलर ने बताया कि हम 5-7 व्यापारी मिलकर अटलबंद थाने पहुंचे और पुलिस से कहा कि हम सब व्यापारियों को सुरक्षा मिलनी चाहिए। भरतपुर के बाजार में पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। पूरे बाजार को पुलिस की सुरक्षा मिलनी चाहिए। अगर व्यापारी डर कर रहेगा तो कैसे काम चलेगा।

### डेढ़ साल पहले भी मांगी थी 10 लाख की फिरौती

पीड़ित ज्वेलर राजकुमार ने बताया कि डेढ़ साल पहले भी मुझे लॉरेंस गैंग के नाम से 10 लाख की फिरौती के लिए धमकी मिली थी। जानकारी मिली कि धमकी देने वाले को पकड़ लिया गया। पुलिस ने उस वक्त मेरे घर पर एक और दुकान पर चार सुरक्षाकर्मी लगाए थे। मेरे मना करने के बाद ही पुलिस ने सुरक्षा घेरा हटाया था। डीएसपी पंकज यादव ने बताया कि ज्वेलर राजकुमार गोयल के बेटे शेखर गोयल के फोन पर लॉरेंस ग्रुप के नाम से 20 लाख की फिरौती की धमकी मिलने की शिकायत आई है। इस मामले में जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की जांच कर रहे हैं।

# चलती ट्रेन से गिरने पर पोल से टकराया सिर, युवक की मौत

**जयपुर (मसं)।** बिंदायका थाना इलाके में रविवार सुबह रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव पड़ा मिला। चलती ट्रेन से नीचे गिरने पर पोल से सिर टकराने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को एसएमएस हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। एसआई मोहन सिंह ने बताया कि हादसा धानक्या रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर स्थित रेलवे फाटक के पास हुआ। रेलवे ट्रैक के पास रविवार सुबह युवक की लहूलुहान हालत में लाश मिलने पर सनसनी फैल गई। मौके पर जुटी भीड़ ने सुबह करीब 9 बजे बिंदायका थाना पुलिस को शव मिलने की सूचना दी। पुलिस ने सूचना पर पहुंचकर मौका-मुआवना किया और मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने मृतक की पहचान नहीं होने पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एसएमएस हॉस्पिटल की मोर्चरी भिजवाया। पुलिस की प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि युवक की मौत देर रात हुई है। चलती ट्रेन से नीचे गिरने पर उसका सिर पोल से टकराया है। सिर में गंभीर चोट लगने से काफी ब्लड निकलने से उसकी मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब 35 साल है, जिसने गुलाबी कलर की शर्ट व नीले कलर की जींस पेंट पहन रखी है। मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

# ग्रामीणों को बीस साल बाद थमाए लोन चुकाने के नोटिस

## अब से 6 गुना ज्यादा लौटाने होंगे, नहीं चुकाने पर जेल भेजने की धमकी

महानगर संवाददाता

**पाली।** जिले की खिमेल ग्राम सेवा सहकारी समिति का लोन वसूली का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक सहकारी समिति ने ग्रामीणों को 20 साल से भी पहले दिए गए लोन की रिकवरी के नोटिस थमा दिए हैं। अब ग्रामीणों को मूलधन से करीब 6 गुना ज्यादा पैसा चुकाना होगा। हालांकि, जिन लोगों को नोटिस दिए गए हैं उनका कहना है कि हमें याद भी नहीं है कि हमने ये लोन कब लिया था। वहीं, समिति का कहना है कि पहले लोन रिकवरी के नोटिस जारी क्यों नहीं हुए, इसकी जानकारी नहीं है। समिति के अनुसार जिन 40 लोगों को लोन रिकवरी के नोटिस दिए गए हैं उन्होंने अलग-अलग समय लोन लिया था। इन सभी का लोन 31 मार्च 2004 को अवधिपार हो गया था। हालांकि, इसके बाद इन लोगों को कभी नोटिस नहीं दिए गए। अब 4 दिन के भीतर दो बार नोटिस जारी कर समिति ने लोन चुकाने के लिए कहा है। लोन नहीं चुकाने पर जेल भेजने की धमकी दी जा रही है। हालांकि ग्रामीण समिति के लोन देने के दावों को ही गलत बता रहे हैं। समिति ने जो रिकवरी लिस्ट जारी की है, उसमें मूलधन से 7 गुना तक ज्यादा ब्याज जुड़ा हुआ है।



### रिकॉर्ड देखकर अवधिपार वालों को दिए नोटिस

इस मामले को लेकर समिति मैनेजर जसवंत सिंह ने कहा कि रिकॉर्ड देखकर अवधिपार ऋण वालों को नोटिस जारी किया है। वर्ष 2024 की ऑडिट रिपोर्ट में समिति के अवधिपार ऋण वाले लोगों को नोटिस जारी किया है। मैं सितम्बर 2023 से खिमेल गांव में व्यवस्थापक लगा हूं। इससे पहले वाले व्यवस्थापक ने अवधि पार ऋ की वसूली क्यों नहीं की, इसके बारे में मैं नहीं जानता। मामले में पाली सेंट्रल कॉ-ऑपरेटिव बैंक के एमडी प्रशांत कल्ला ने कहा कि यदि इस तरह का मामला है तो इसकी जानकारी लेकर जांच करवाएंगे। अगर किसी किसान के नाम जमीन ही नहीं है और उसको लोन दिया गया है तो यह जांच का विषय है। समिति स्तर पर किसी तरह की गड़बड़ हुई है तो उसकी जांच करवाएंगे।

नोटिस मिलने के बाद सावतीराम देवासी, बगदाराम हिरागर और चुन्नीलाल सरगरा ने 18 जून को लिखित में एक शिकायत समिति को दी है।

# निजी स्कूल के टीचर ने पेड़ पर फंदा लगाकर की आत्महत्या

## सुसाइड नोट में पैसों के लेन-देन में 3 लोगों पर परेशान करने का आरोप

महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** खेतड़ी थाना इलाके के राजोता गांव में एक निजी स्कूल के टीचर ने पेड़ से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। टीचर के कपड़ों से पुलिस को एक चाकू और सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें टीचर ने 3 लोगों पर पैसे के लेन-देन को लेकर परेशान करने का आरोप लगाया है। टीचर ने सुसाइड नोट में लिखा कि मैं इन लोगों को लाखों रुपए दे चुका हूं। फिर भी ये परेशान कर रहे हैं। इससे मानसिक रूप से परेशान हूं। डिप्रेशन का इलाज चल रहा है। दुखी होकर सुसाइड कर रहा हूं। थानाधिकारी कैलाश चंद ने बताया कि रविवार सुबह सूचना मिली कि राजोता गांव में तालाब के पास खेजड़ी के पेड़ से एक व्यक्ति लटका हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को उतारा। मृतक की पहचान



हरियाणा के महेंद्रगढ़ नांगल चौधरी की ढाणी निवासी रास्वरूप गुर्जर पुत्र जयमल निवासी के रूप में हुई। थानाधिकारी ने बताया कि रामस्वरूप राजोता गांव में ही एक प्राइवेट स्कूल में टीचर था। राजोता गांव में उसका ननिहाल था। वह पिछले 15 साल से यहीं पर रह रहा था और अविवाहित था। कपड़ों की तलाशी लेने पर रामस्वरूप की जेब से एक चाकू और सुसाइड नोट मिला। सुसाइड नोट में लिखा था कि खेतड़ी की ढाणी लगरिया वाली के राजेंद्र लादी, शेर सिंह व टेकचंद पैसों के लेन-देन को लेकर 2 साल से परेशान कर रहे हैं। इन लोगों को लाखों रुपए दे चुका हूं। फिर भी ये परेशान कर रहे हैं। इससे मानसिक रूप से तंग रहने लगा हूं। मैं अलवर में डिप्रेशन का इलाज भी करा रहा हूं। पिछले 11 दिन से ये लोग ज्यादा ही परेशान कर रहे थे, जिससे दुखी होकर सुसाइड कर रहा हूं।

### दुकानदार, ठेकाकर्मी व लॉटरी वाले पर आरोप

जानकारी के अनुसार सुसाइड नोट में टीचर ने जिन 3 लोगों को जिक्र किया है, वे राजोता के आसपास के गांवों के ही रहने वाले हैं। राजेंद्र लादी किराना व्यापारी है। शेर सिंह कॉपर कंपनी में ठेके पर लगी एक फर्म में काम करता है। जबकि टेकचंद सोसाइटी की लॉटरी लगाकर पैसे कलेक्शन करने का काम करता है। थानाधिकारी ने बताया कि सुसाइड नोट के आधार पर मामले की जांच की जाएगी। फिलहाल शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। परिजन जो रिपोर्ट देंगे, उसके आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई को आगे बढ़ाएंगे।

# घर के सामने बात कर रहे दो युवकों को कार ने कुचला

## 100 मीटर तक घसीटा, सड़क पर पड़े शवों पर से कई गाड़ियां गुजरीं

महानगर संवाददाता

**भीलवाड़ा।** जिले के बदनोर इलाके में अपने घर के सामने खड़े होकर बात कर रहे होटल संचालक और पार्टनर को कार ने कुचल दिया। रफ्तार इतनी तेज थी कि दोनों को कार 100 मीटर तक घसीटती ले गई। सड़क पर पड़े शवों के ऊपर से कई अन्य गाड़ियां भी गुजर गईं। दोनों के शव इतने क्षत-विक्षत हो गए थे कि पहचान में नहीं आ



रहे थे। एक युवक की पत्नी ने चप्पलों से पति की पहचान की। एएसआई इंद्र सिंह ने बताया कि कमलेश गुर्जर पुत्र नारायण लाल गुर्जर निवासी बदनोर व मदन अहीर निवासी सकतपुरिया हमीरगढ़ की सड़क हादसे में मौत हुई है। राजसमंद-भीलवाड़ा हाईवे पर इनका होटल है और भीलवाड़ा-ब्यावर नेशनल हाईवे पर घर है, जो सिर्फ आधा किलोमीटर की दूरी पर है। दोनों एक ही घर में रहते थे। वे होटल से निकलकर पैदल अपने घर की ओर लौटे थे।

दोनों युवक अपने घर के बाहर खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। तभी बदनोर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि युवक कार के नीचे फंस गए और 100 मीटर तक घसीटते चले गए। उसके बाद कई भारी वाहन उनके ऊपर से गुजर गए।

इससे दोनों के शव बुरी तरह कुचल गए और पहचान करना मुश्किल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बदनोर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाया, लेकिन शवों की हालत ऐसी थी कि पहचान पाना कठिन था। इसी दौरान कमलेश की पत्नी वहां पहुंची और चप्पल देखकर शव की पहचान की।

### एक ही घर में रहते थे, साथ में करते थे काम

कमलेश व मदन एक ही मकान में रहते थे और होटल में साथ काम करते थे। होटल बंद करने के बाद रोज दोनों साथ ही घर लौटते थे। मदन तीन दिन पहले ही कमलेश के महादेव होटल को लीज पर लेकर काम करने लगा था। इससे पहले वह पास ही स्थित एक अन्य होटल में करीब 10 महीने तक काम कर चुका था। वह कमलेश के साथ उसके घर पर ही रहता था। इधर आरोपी ड्राइवर कार लेकर मौके से फरार हो गया। बदनोर पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। फिलहाल पुलिस ड्राइवर की तलाश में जुटी है।

# बस ने टक्कर मार बाइक सहित युवक को एक किमी घसीटा, मौत

**टोंक (मसं)।** सदर थाना क्षेत्र में टोंक-सवाई माधोपुर नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इस दौरान बाइक बस के नीचे फंस गई। हादसे में बाइक सवार महिला व एक युवक उछलकर साइड में गिर गए, जबकि बाइक चला रहा युवक नीचे फंस गया। टक्कर मारने के बाद भी रोडवेज ड्राइवर ने बस नहीं रोकी और बाइक के साथ युवक को करीब 1 किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गया। हादसे में बाइक के साथ फंसे युवक की मौत हो गई, जबकि गंभीर घायल पत्नी और बड़े भाई को जयपुर रेफर किया गया। सदर थाना प्रभारी जयमल ने बताया कि अशोक बैरवा पुत्र सूरजमल बैरवा निवासी अयाना कोटा अपनी पत्नी मोनिका और भाई विजेंद्र बैरवा के साथ जयपुर में रहकर काम करता था। किसी रिश्तेदार की मौत होने पर वह पत्नी व भाई के साथ बाइक पर गांव जा रहा था। इस दौरान टोंक-सवाई माधोपुर नेशनल हाईवे पर तारण गांव के पास उनियारा की तरफ से आ रही सवारियों से भरी रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। बस की टक्कर लगने पर मोनिका व विजेंद्र उछलकर साइड में गिर गए, जबकि अशोक बैरवा बाइक के साथ रोडवेज बस के नीचे फंस गया, जिसे बस ड्राइवर 1 किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गया। जानकारी के अनुसार गांव के बाहर ड्राइवर ने बस रोकी और फरार हो गया। बस में बैठी सवारियों और आसपास मौजूद लोगों ने बाइक को बस के नीचे से निकाला और तीनों घायलों को लहूलुहान हालत में सआदत हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां अशोक को मृत घोषित कर दिया, जबकि मोनिका व विजेंद्र को गंभीर हालत में जयपुर रेफर कर दिया।

# बेकाबू ट्रेलर ने टोल बूथ को किया चकनाचूर, अनहोनी टली

महानगर संवाददाता

**उदयपुर।** जिले के गोगुंदा में एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। यहां देर रात एक तेज रफ्तार बेकाबू ट्रेलर टोल बूथ की केबिन से जा टकराया। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि ट्रेलर करीब दो फीट के डिवाइडर पर चढ़ते हुए सीधा केबिन में घुस गया। राहत की बात यह रही कि घटना के समय टोल बूथ की लाइन बंद थी। न तो केबिन में कोई कर्मचारी मौजूद



था और न ही आगे कोई वाहन खड़ा था। अगर ऐसा होता तो बड़ी जनहानि हो सकती थी। हादसे में टोल बूथ की केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद टोल नाके पर कार्यरत कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही गोगुंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार पिंडवाड़ा की तरफ से आ रहा ट्रेलर बेकाबू होकर टोल बूथ से टकरा गया। हादसे में ट्रेलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक भी घायल हो गया, जिसे गोगुंदा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोगुंदा थानाधिकारी श्याम सिंह चारण ने बताया कि टोल बूथ हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ट्रेलर बेकाबू होकर टोल बूथ केबिन में घुस गया था, जिससे केबिन को काफी नुकसान हुआ है। हालांकि, अभी तक इस मामले में किसी की तरफ से कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। थानाधिकारी ने बताया कि जैसे ही शिकायत मिलेगी, मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# खाना मांगने पर बहू ने ससुर पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

## चीख-पुकार सुनकर परिजनों ने दौड़कर बचाई जान, बीएसएफ के रिटायर्ड हैड कांस्टेबल बुरी तरह झुलसे

महानगर संवाददाता

**अलवर।** खैरथल-तिजारा जिले के तिजारा थाना क्षेत्र के राईखेड़ा गांव में रविवार सुबह बीएसएफ से रिटायर्ड हैड कांस्टेबल के खाना मांगने पर बड़ी बहू ने चेहरे पर पेट्रोल फेंककर आग लगा दी। बुजुर्ग की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे उनके बेटे और छोटी बहू ने किसी तरह आग बुझाई और तुरंत उन्हें अस्पताल



पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक पीड़ित का चेहरा और ऊपरी हिस्सा बुरी तरह झुलस गया है। फिलहाल उनका इलाज जारी है। तिजारा थाना पुलिस को अभी तक पीड़ित ने शिकायत नहीं दी है। बीएसएफ से रिटायर्ड हैड कांस्टेबल लाल सिंह जोगी ने बताया कि उन्होंने रविवार सुबह अपनी बड़ी बहू लक्षिता से भोजन की मांग की थी। बहू के मना करने पर घर में कहासुनी हो गई। इसी दौरान लक्षिता ने गुस्से में आकर लाल सिंह के चेहरे पर पेट्रोल छिड़क दिया और माचिस से आग लगा दी। चीख-पुकार सुनकर घर में मौजूद छोटी बहू और बेटे ने दौड़कर आग बुझाई और गंभीर हालत में लाल सिंह को तिजारा के सामान्य अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थानाधिकारी ने कहा कि फिलहाल इस संबंध में कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जैसे ही लिखित शिकायत मिलेगी, तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पेंशन और प्रोपर्टी को लेकर चल रहा है विवाद

पीड़ित लाल सिंह ने बताया कि उनकी बड़ी बहू लक्षिता पहले भी कई बार उनके साथ दुर्व्यवहार कर चुकी है। वे दो साल पहले बीएसएफ से रिटायर होकर घर लौटे थे। बहू लगातार उनकी पेंशन अपने पास रखना चाहती है, जबकि उन्हें अपनी छोटी बेटी की शादी के लिए तैयारी करनी है और अपनी पत्नी का भी खर्चा खुद उठाना पड़ता है। लाल सिंह ने बताया कि उनके पास थोड़ी सी जमीन भी है, जिसे उन्होंने अपनी मां के नाम करवा रखा है, लेकिन बहू वह जमीन भी अपने नाम करवाना चाहती है।

### पहले भी गर्म चिमटे से दाग चुकी बड़ी बहू

पीड़ित लाल सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं है जब लक्षिता ने उनके साथ हिंसक व्यवहार किया हो। इससे पहले भी एक बार वह गर्म चिमटे से उन्हें दाग चुकी है। उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराने की बात कही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और परिवार के अन्य सदस्यों से पूछताछ की जा रही है।

तिजारा थानाधिकारी महेन्द्र सिंह यादव ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि रायखेड़ा गांव में एक परिवार की महिला ने अपने ही घर के सदस्य पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। पीड़ित को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### लालसोट विधायक की अगुवाई में भाजपा की नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष का महिला शक्ति ने किया स्वागत

# कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाएं: लक्ष्मी रेला

महानगर संवाददाता





**लालसोट।** लालसोट विधानसभा मुख्यालय पर रविवार को नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी रेला के आगमन पर लालसोट विधायक रामविलास मीणा की अगुवाई में जहां महिला शक्ति ने उनका फूलमाला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया, वहीं कार्यकर्ताओं ने भी शॉल ओढ़ाकर जिला अध्यक्ष का अभिनंदन किया। मुख्यालय पर बडाया धर्मशाला में स्थित विधायक कार्यालय में लालसोट विधायक रामबिलास मीणा के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का पुष्प भेंट कर स्वागत-अभिनंदन किया

जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला ने नारी शक्ति और भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ धरातल पर पहुंचाएं, जिससे आमजन को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि संगठन के निर्देशानुसार सबको साथ लेकर एकजुट होकर संगठन का कार्य करना है। इस दौरान सभापति पिंकी चतुर्वेदी, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री मूर्ति मीणा, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुमन मीणा, भाजपा नेता शंभूलाल कुई वाला, जिला उपाध्यक्ष अनिल बैनाड़ा, सभापति प्रतिनिधि सोनू बिनोरी, दौलतपुरा मंडल अध्यक्ष बलराम बैरवा, रामगढ़ पचवारा मंडल अध्यक्ष श्रीफूल मीना, लालसोट शहर मंडल अध्यक्ष अनिल बुर्जा, दिनेश जोशी, दीपक सेडुलाई, विनोद कोराका, कन्हैयालाल नालावास, अशोक चौधरी, सत्यनारायण बोहरा, सांवलराम सेरबाट्या, मुकेश किराड़ी, कांजी मीना, केदार मीना, सुरेश सैनी, संजय कोराका,सत्यनारायण शर्मा, हनुमान मीना, प्रभुलाल देवली, हीरालाल बैरवा, जगमोहन मालिया, श्रीराममीना, लड्डू मीना, मुकेश हाडोत्या, मोहन लाल मीना, रेखा सेन, हेमलता कायथवाल, विजयलक्ष्मी, राहुवास मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह राजावत, रूपसिंह बैपलावत सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं महिलाएं मौजूद रही।

## भारतीय किसान संघ का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न





महानगर संवाददाता

**बस्सी।** भारतीय किसान संघ की ओर से गांव रामसर पालावाला में बस्सी तहसील अभ्यास वर्ग के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता डॉ. सांवरमल सोलेट महामंत्री प्रांत जयपुर ने की। इस अवसर पर कालूराम बागड़ा प्रांत अध्यक्ष, राधेश्याम शर्मा जिला अध्यक्ष जयपुर, लक्ष्मी नारायण शर्मा मंत्री जयपुर, डॉ. यशोदा मीणा महिला प्रमुख, जगदीश उपाध्यक्ष जयपुर, रामनिवास शर्मा तुंगा तहसील प्रभारी, बजरंगलाल शर्मा जिला उपाध्यक्ष प्रभारी बस्सी, हरिनारायण शर्मा तहसील अध्यक्ष बस्सी का भारतीय किसान संघ का दुपट्टा पहन कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर ग्राम इकाई के गठन एवं नियमित बैठक आयोजित करने तथा तहसील अभ्यास वर्ग के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय किया गया। सभी पदाधिकारियों ने बताया कि जैविक खेती आज के इस युग में किस तरह से आवश्यक है। उन्होंन जैविक खेती करने के अलग-अलग तरीके व उपाय बताए। सभी किसान साथियों को कहा कि गाय का गोबर अपने खेतों में डालकर अच्छी पैदावार करें। बिना किसी केमिकल व दवाइयों के गाय के गोबर से ऑर्गेनिक खेती करके किसान अपना मुनाफा बढ़ा सकते हैं।

बजरंग लाल शर्मा जिला उपाध्यक्ष प्रभारी बस्सी ने भी किसानों को भारतीय किसान संघ से जुड़कर इस संगठन को मजबूत करने की अपील की। कालूराम बागड़ा प्रांत अध्यक्ष ने बताया कि प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए। बारिश का सीजन शुरू हो चुका है और सभी किसान भाई अधिक से अधिक पौधे लगाएं और पर्यावरण को शुद्ध बनाएं।

### जोधपुर डिस्कॉम प्रबंध निदेशक ने बैठक में बिजली अधिकारियों को दिए निर्देश

# समय पर हो बिजली आपूर्ति, लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डेलू

महानगर संवाददाता



**जैसलमेर।** जोधपुर डिस्कॉम प्रबंध निदेशक डॉ. बीएल डेलू ने रविवार को पंचायत समिति सम के सभागार में बिजली विभाग की समीक्षात्क बैठक ली। बैठक में मुख्य अभियंता, अधिशासी अभियंता सहित जिले के अधीक्षण अभियंता और सहायक अभियंता मौजूद रहे।

प्रबंध निदेशक डेलु ने बिजली विभाग के अधिकारियों और फील्ड स्टाफ को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में बिजली आपूर्ति में हो रही अव्यवस्थाओं में सुधार कर निर्बाध बिजली आपूर्ति कर जनता को राहत प्रदान करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्य में लापरवाही और गैर जिम्मेदारी सामने आने पर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने जिले में राजस्व वसूली, छीजत, बिलिंग स्टेटस, खराब और जले हुए मीटर में परिवर्तन, सतर्कता मामले, जीएसएस प्रगति, आरडीडीएस योजनान्तर्गत कार्यों की प्रगति, घरेलू और कृषि कनेक्शनों की पेंडेंसी, एक मार्च 2019 से पूर्व और पश्चात आवेदनों की सूची की समीक्षा की। वहीं जिले के 200 एम्पियर से ज्यादा लोड वाले 11 केवी जीएसएस की सूची और लोड कम करने की कार्य योजना पर चर्चा की तथा प्रगति की जानकारी ली। डेलू ने कुसुम क्मोनेट योजना के ए और सी कार्यों की समीक्षा की, वहीं 33 केवी सब स्टेशनों की ट्रिपिंग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

#### जीएसएस का किया आकस्मिक निरीक्षण

प्रबंध निदेशक डेलू ने गर्ल्स स्कूल के पास बन रहे आरडीडीएस सब स्टेशन जीएसएस का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने जीएसएस के निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले बीस दिन में जीएसएस का कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। साथ ही दरबारी गांव में स्वीकृत जीएसएस का कार्य पूरा करने के लिए 25 दिन का समय दिया। उन्होंने बताया कि जिले में स्वीकृत सभी जीएसएस का कार्य अगले डेढ़ माह में पूरा हो जाएगा।

## चाकसू विधायक बैरवा ने किया चिकित्सा सुविधाओं का लोकार्पण



महानगर संवाददाता

**चाकसू।** राजकीय उपजिला चिकित्सालय परिसर में रविवार को यहां आयोजित एक समारोह में क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा ने बाल चिकित्सा केंद्र, नवजात शिशु वार्ड, दवा वितरण केंद्र का लोकार्पण किया।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार मीना ने बताया कि बाल चिकित्सा केंद्र, नवजात शिशु वार्ड, दवा वितरण केंद्र भामाशाहों के सहयोग से शुरू किया गया है। भामाशाह महेंद्र कर्णावत, ग्रामोदय सामाजिक शिक्षण संस्थान, सनवरन खान, चंद्रप्रकाश कुमावत के सहयोग से यह मरीजों को उक्त सुविधाएं मिल सकेंगी। समारोह में पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा, बद्रीनारायण चौधरी प्रधान प्रतिनिधि चाकसू, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ऋतुराज मीणा, संजय शर्मा, सीताराम गुर्जर, शिवराज गुर्जर, शंकर गुर्जर, लालाराम जादम, सत्यनारायण जादम, गिर्राज डूंगरी, मोतीलाल सैनी सहित नगर पालिका पार्षद, भाजपा पदाधिकारी और आम जन मौजूद रहे।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस आज

### भाजपा 25 जून को मनाएगी आपातकाल विरोधी दिवस



महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस एवं आपातकाल विरोधी दिवस को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला सवाई माधोपुर के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में हुई।

जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि बैठक में तय किया गया कि 23 जून को मंडल स्तर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस मनाया जाएगा। साथ ही 25 जून को आपातकाल विरोधी दिवस को जिला मुख्यालय पर वृहद स्तर पर मनाने को लेकर योजना बनाई गई।

बैठक में कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए मंडल एवं जिले के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी भी सौंपी गई। कार्यक्रम संयोजक डॉ. भरतलाल मथुरिया ने बताया कि 25 जून को प्रातः 11 बजे रणथंभौर मैरिज गार्डन में आपातकाल विरोधी दिवस एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस संयुक्त रूप में भी मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर करेंगे। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंगलाल जाट, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, जिला महामंत्री हरिओम गर्ग, कोषाध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल, शहर मंडल अध्यक्ष कपिल जैन, जिला उपाध्यक्ष मीरा सैनी, संतोष मथुरिया, मुकेश शर्मा, पार्षद रामसिंह गुर्जर, देवेंद्र मोहन गौतम आदि उपस्थित रहे।

### खरतरगच्छ संघ की संघ शास्ता वर्षावास 2025 की तैयारियों को लेकर हुई बैठक, कमेटियां बनाई

## जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी का चातुर्मास प्रवेश 6 जुलाई को



महानगर संवाददाता



**बाड़मेर।** स्थानीय प्रताप जी पोल स्थित खरतरगच्छ आयंबिल शाला में श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ चातुर्मास व्यवस्था कमेटी के तत्वावधान में रविवार को अध्यक्ष अशोक धारीवाल की अध्यक्षता में जैन समाज के संगठनों व संस्थानों व कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसमें चातुर्मास की तैयारियों को लेकर कमेटियां बनाई गई।

कमेटी के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश भंसाली व सचिव बाबुलाल बोथरा हेमरत्न ने बताया कि बाड़मेर नगर में श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ में 2025 का वर्षावास खरतरगच्छाधिपति युगदिवाकर गुरुदेव आचार्य जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा. एवं साध्वी डॉ. विद्युत्प्रभा श्रीजी म.सा. आदि श्रमण-श्रमणीवृंद के संघ शास्ता वर्षावास 2025 का चातुर्मास प्रवेश 6 जुलाई को कल्याणपुरा पार्श्वनाथ जिनालय महावीर चौक से होगा। इसके बाद चातुर्मास को सफल बनाने के लिए तैयारियों के लिए जैन समाज के संगठनों व कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार दोपहर खरतरगच्छ आयंबिल शाला भवन प्रतापजी पोल में हुई। बैठक में चातुर्मास को ऐतिहासिक बनाने के लिए कई सुझाव लिए गए। कई कमेटियां गठित की गई। बोथरा ने बताया कि संघ शास्ता 2025 के वर्षावास के तैयारियों के लिए आंमत्रण पत्रिका प्रकाशन एवं वितरण कमेटी, वित्त व्यवस्था कमेटी, आवास व्यवस्था कमेटी, टेंट व्यवस्था कमेटी, सुरक्षा व्यवस्था कमेटी, चातुर्मास प्रवेश वरघोड़ा व्यवस्था कमेटी, साधु-साध्वी वैयावच्च कमेटी, तपस्या व्यवस्था कमेटी, भोजन निर्माण कमेटी, भोजन वितरण कमेटी, जल व्यवस्था कमेटी, समाचार प्रकाशन मीडिया कमेटी, शोसल मीडिया व प्रचार-प्रसार कमेटी, वाहन व्यवस्था कमेटी सहित कई व्यवस्थाओं की कमेटियां बनाई गई और व्यवस्थाएं सौपी गई।

## निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में 55 रोगी लाभान्वित



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** स्वर्गीय चंद्रमणि शर्मा धर्मार्थ चिकित्सा संस्थान श्रीमाधोपुर में दोपहर 2 से 4 बजे तक निशुल्क न्यूरोलॉजी चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया। संस्थान के युगल किशोर शर्मा जोशी तथा समाजसेवी छाजूराम खेड़ीवाल के अनुसार शिविर में डॉ. कपिल खंडेलवाल न्यूरो फिजिशियन ने लकवा, न्यूरो, सर्वाइकल, मिर्गी, स्पाइन, नर्वस बीमारी से ग्रसित 55 मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया।

### भानपुर कलां में रक्तदान शिविर का आयोजन

## 207 यूनिट रक्त एकत्र, हर रक्तदाता को मिला पौधा

महानगर संवाददाता



**जमवारामगढ़/भानपुर कलां।** भानपुर कलां कस्बा स्थित नवयुवक मंडल भवन परिसर में रविवार को नानूराम नांछी देवी हेल्थ एंड एजुकेशन सोसाइटी की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक चले शिविर में कुल 207 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो कि क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। खास बात यह रही कि प्रत्येक रक्तदाता को एक-एक पौधा भेंट किया गया, ताकि रक्तदान के साथ-साथ पर्यावरण सरंक्षण का भी संदेश समाज तक पहुंचे। शिविर में कल्याण ब्लड बैंक एवं एसएमएस ब्लड बैंक की टीमों ने रक्त संग्रहण का कार्य किया।

#### महिलाओं की भी रही उत्साहजनक भागीदारी

शिविर में महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। इससे समाज में एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया। इससे यह संदेश गया कि सेवा कार्यों में महिलाएं भी समान रूप से आगे हैं और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभा रही हैं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गोपाल मीना रहे, वहीं जमवारामगढ़ प्रधान रामफूल गुर्जर, पूर्व सरपंच रामसहाय कांकरेलिया, एजुकेशन सोसाइटी अध्यक्ष प्रभु शर्मा ने रक्तदाताओं का सम्मान करते हुए उन्हें मोमेंटो, प्रशंसा पत्र और पौधे भेंट किए।

### लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की नई कार्यकारिणी का गठन

## सैनी पांचवीं बार बने अध्यक्ष, मारवाल बने सचिव

महानगर संवाददाता



**श्रीमाधोपुर।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की सम्पन्न आम सभा में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सीताराम सैनी को पांचवीं बार पुनः क्लब का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सैनी के अनुसार अनिल कुमार मारवाल सचिव पद संभालेंगे तथा ललित कुमार सैनी कोषाध्यक्ष रहेंगे। इसके अलावा बजरंग लाल कुमावत को प्रथम उपाध्यक्ष, डॉ. मंगल यादव को द्वितीय उपाध्यक्ष एवं सागरमल सैनी को तृतीय उपाध्यक्ष, रमेशचंद सैनी को सहसचिव एवं डॉ. विनय खंडेलवाल को सहकोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। डॉ. महेंद्र प्रताप तिवारी क्लब के संरक्षक रहेंगे।

इस मौके पर क्लब के परमानंद सोनी, डॉ. सुरेंद्र सिंह शेखावत, डॉ. नीलकंठ कयाल, राजेंद्र प्रसाद जांगिड़, सागरमल हवाई, रेवत सिंह, मानक चंद तिवारी, निरंजन कुमार अग्रवाल, प्रकाश चंद शर्मा, विक्रम सैनी, बनवारी लाल कुमावत, मनोज मालपानी, रामावतार वर्मा, श्रीराम कुमावत आदि उपस्थित रहे।

### विश्व हिंदू परिषद प्रखंड के अध्यक्ष का जन्मोत्सव मनाया

# 'जन्मदिन रात को नहीं, सुबह भगवान को भोग लगाकर मनाएं'

महानगर संवाददाता





**नवलगढ़।** कस्बे में हिंदू जागरण मंच की ओर से आदर्श विद्या मंदिर में सामाजिक समरसता जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दू जागरण मंच के जिला संरक्षक रामकुमार सिंह राठौड़ ने की। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिंह जाखल रहे। विशिष्ट अतिथि संजीवनी के अध्यक्ष डॉ. दयाशंकर जांगिड़, प्रो. मोतीचंद मालू व विश्व हिंदू परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष राममोहन सेकसरिया रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत राम दरबार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। मंचस्थ अतिथियों ने पं. शंकरलाल शर्मा के मार्गदर्शन में सनातनी विधि से पूजा-अर्चना करके आरती की व मिठाई का भोग लगाकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष राममोहन सेकसरिया का जन्मदिन सामाजिक समरसता, हिन्दू रिति रिवाज व सादगी से मनाकर समाज के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विधायक विक्रम सिंह जाखल की ओर से उनके भाई धर्मेंद्र सिंह जाखल ने राममोहन सेकसरिया को साफा व पुष्प माला पहनाकर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में हिन्दू समाज से आह्वान किया गया कि अपने जन्मदिन आदि के कार्यक्रम केक काटकर व मोमबत्ती बुझाकर रात्रि को बारह बजे नहीं वरन दीप प्रज्जवलित करके, भगवान को मिठाई का भोग लगाकर हिन्दू रिति रिवाज से प्रातःकाल मनाएं।

डॉ. गिरधारी लाल ने समरसता के प्रत्येक बिंदु को जीवन में समान भाव से अपनाते हुए वास्तविक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। हिंदू जागरण मंच के जिला संरक्षक रामकुमार सिंह राठौड़ ने संगठन के समरसता उद्देश्यों को समझाते हुए बताया कि हमें व्यवहार व घरेलू जीवन में समरसता का भाव घोलना चाहिए। संचालन सुरेश कुमावत ने किया।

इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के अध्यक्ष मोहनलाल चूड़ीवाल, फूलचंद सैनी, जयंती बील, सीताराम घोड़ेला, रिटायर्ड तहसीलदार जगदीश माहिच, सुरेन्द्र सिंह, इन्द्रप्रकाश जोशी, सुभाष सिंह कच्छावा, हरिराम सैनी, प्रवीण बासोतिया, नेमीचंद शर्मा, कमल किशोर पंवार, नरोत्तम शर्मा, भानूप्रकाश छापोला, डॉ. शिखरचंद जैन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रेफ ग्लोबल की पहल: 'स्टोरी योगा' से कराया बालकों को योग



**जैसलमेर।** जिले के सम और जैसलमेर ब्लॉक में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन रेफ ग्लोबल के सहयोग से संचालित किया गया। जिले के 15 आंगनबाड़ी केंद्रों और 2 सरकारी स्कूलों में योग से संबंधित गतिविधियां आयोजित की गईं। ये सभी केंद्र और स्कूल एफएलआईपी (फाउंडेशनल लर्निंग इंप्रूवमेंट प्रोग्राम) और ईसीई (अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन) कार्यक्रमों के अंतर्गत संचालित हो रहे हैं। इस आयोजन में कुल 355 बच्चों ने भाग लिया। रेप ग्लोबल के स्टाफ विलेज फेसिलिटेटर्स व शिक्षकों द्वारा इस बार योग को सिखाने के लिए नया तरीका अपनाया गया, जिसे 'स्टोरी योगा' कहा गया। इसमें बच्चों को योग आसनों के साथ एक रोचक और शिक्षाप्रद कहानी के माध्यम से जोड़ते हुए अभ्यास कराया गया। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती गई, बच्चे उसी के अनुरूप योगासन करते गए। यह तरीका बच्चों को योग सिखाने का मजेदार, सहभागितापूर्ण और प्रभावशाली माध्यम साबित हुआ। बच्चों ने ताड़ासन, भुजंगासन, वृक्षासन जैसे विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



## 12वां भारत गौरव पुरस्कार समारोह 3 जुलाई को



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** संस्कृति युवा संस्था की ओर से आयोजित 12वां भारत गौरव पुरस्कार समारोह आगामी 3 जुलाई को लंदन स्थित ब्रिटिश संसद में आयोजित होगा। इस वर्ष 25 विशिष्ट विभूतियों को भारत गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा, जो भारतीय जीवन मूल्यों और संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला रहे हैं।

इस समारोह के मुख्य अतिथि महंत डॉ. नरेश पुरी महाराज, मेहंदीपुर बालाजी धाम होंगे। अध्यक्षता यूनाइटेड किंगडम के सांसद नवेंदु मिश्रा करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र शर्मा, बैरोनेश संदीप वर्मा और लॉर्ड रामी रांझर, राकेश के. शुक्ला, ख्यातनाम अभिनेता अनु कपूर तथा पूर्व महापौर सुनील चोपड़ा उपस्थित रहेंगे।

इस आयोजन की संचालन समिति में अधिवक्ता एच.सी. गणेशिया (संरक्षक), गोविन्द पारीक, सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हरिप्रसाद शर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष गौरव धामाणी, महामंत्री सुनील जैन, बर्मिंघम से यूके समन्वयक पंकज हर्ष एवं ऑक्सफोर्ड से यूके समन्वयक आलोक शर्मा सम्मिलित हैं।

## कवयित्री डॉ. कीर्ति काले को स्व. चन्द्रप्रकाश चंदर स्मृति पुरस्कार



**जयपुर (मसं)।** विख्यात कवयित्री डॉ. कीर्ति काले को शनिवार की शाम साहित्यिक संस्था 'कृतिकार' की ओर से स्थानीय चैंबर भवन में आयोजित साहित्यिक समारोह में इस वर्ष का प्रतिष्ठित स्व. चन्द्रप्रकाश चंदर स्मृति पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर कवयित्री शोभा चंदर की 2 कृतियों का विमोचन भी किया गया। समारोह की अध्यक्षता चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष डॉ. केएल जैन ने की। मुख्य अतिथि आईएएस एसएस बिस्सा, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवि लोकेश कुमार सिंह साहिल व पूर्व अतिरिक्त निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क डॉ. गोविन्द पारीक रहे। मुख्य वक्ता केवीएस के पूर्व उपायुक्त जगदीश मोहन रावत राव ने डॉ. कीर्ति काले को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। शोभा चंदर ने श्रीफल एवं पारितोषिक प्रदान किया। समारोह में डॉ. कीर्ति काले ने स्व. चंदर को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में शोभा चंदर द्वारा रचित दोहा संग्रह 'ओ मेरे मनमीत' एवं नज़्म संग्रह 'एहसास के लम्हे' का विमोचन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्यंग्यकार प्रभात गोस्वामी, शास्त्रीय संगीत की विदुषी मधु भट्ट, वरिष्ठ गीतकार गोपाल शर्मा, गोविन्द भारद्वाज, प्रतिभा पालीवाल, कवयित्री नम्रता शर्मा, कविता शर्मा, नीता भारद्वाज, वैद्य रमाशंकर और लक्ष्मण लड़िवाल साहित्य साहित्य प्रेमी जन उपस्थित रहे।

## श्री दादू सुरभि 11 कुंडीय महायज्ञ के पोस्टर का विमोचन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री दादू गौ सेवा समिति की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ, श्री दादू सुरभि 11 कुण्डीय महायज्ञ तथा श्री गोपाल-रुकमणी एवं शिव-पार्वती मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 4 जुलाई से निवाई स्थित श्री दादू दयाल गौशाला में आयोजित होगा। पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा और संत प्रकाश दास महाराज ने आयोजन के पोस्टर का विमोचन किया।

आयोजन से जुड़े भानु गौतम ने बताया कि इस सात दिवसीय ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ 4 जुलाई सुबह 7 बजे भव्य कलश यात्रा से होगा, जो बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, झिलाई से यज्ञ स्थल तक निकाली जाएगी। इसके बाद श्रीमद्भागवत कथा का प्रारंभ महामंडलेश्वरविष्णु शरण दास महाराज के श्रीमुख से होगा। कथा में प्रतिदिन विविध दिव्य प्रसंगों एवं लीलाओं का वर्णन किया जाएगा, जिनमें प्रथम दिवस श्रीमद्भागवत महात्म्य, ज्ञान-वैराग्य, भक्ति चरित्र, धुन्धकारी उधार एवं श्री शुकदेव प्राकट्य प्रसंग रहेगा।

इस आयोजन में गौ ऋषि संत प्रकाश दास महाराज का सान्निध्य प्राप्त होगा। यज्ञ का संचालन वैदिक विद्वान यज्ञाचार्य पंडित मुरलीधर शास्त्री (आकोडिया) द्वारा किया जाएगा।

## पंचकुंडीय यज्ञ एवं कार्यकर्ता गोष्ठी का सफल आयोजन

### साधना, सेवा एवं संस्कार आधारित गतिविधियों में 80 से अधिक परिजनों ने लिया भाग



**जयपुर।** चेतना केंद्र दुर्गापुरा पर रविवार को पंचकुंडीय यज्ञ एवं कार्यकर्ता गोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी से मणिशंकर पाटीदार, प्रहलाद शर्मा, मंगल टोडवाल, विद्याधर सहित लगभग 80 से अधिक परिजनों ने भाग लिया।



मणिशंकर पाटीदार एवं प्रहलाद शर्मा ने साधना अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिला साधिकाओं को संकल्प पत्र पुस्तिकाएं सौंपीं। सभी नवीन साधकों को प्रतिदिन 3 माला तथा वरिष्ठ साधकों को 14 माला प्रतिदिन एक वर्ष तक जप करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान योग दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों से योगाभ्यास कराया गया। यज्ञ की विधि एवं महत्व से अवगत कराया गया।

### आग पर भोग लगाने की परंपरा को सुदृढ़ बनाने का लिया संकल्प

# गोविंददेवजी मंदिर में पंचकुंडीय बलिवैश्व गायत्री महायज्ञ सम्पन्न

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गायत्री परिवार की ओर से आषाढ़ कृष्ण एकादशी के अवसर पर गोविंददेवजी मंदिर परिसर में पंचकुंडीय बलिवैश्व गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी को यज्ञ में आहुतियां प्रदान करने का अवसर मिला।





यज्ञ गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की विद्वान टोली के निर्देशन में सम्पन्न हुआ, जिसमें वैदिक मंत्रों की गूंज और अग्निहोत्र की पवित्र लपटों ने वातावरण को दिव्यता से भर दिया। गोविंद्रदेवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में हुए महायज्ञ में 200 से अधिक श्रद्धालुओं ने यज्ञ किया। आचार्य पीठ से दिनेश आचार्य ने कहा कि वर्तमान युग में गैस चूल्हों के प्रचलन से अग्नि को भोग देने की परंपरा लुप्त होती जा रही है। इसी को पुनर्जीवित करने के लिए गायत्री परिवार ने एक विशेष तांबे का पात्र तैयार कराया है, जिसके माध्यम से घर में सुरक्षित रूप से अग्नि को भोग लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब परिवारजन अपने लिए नहीं, अपनों के लिए सोचते हैं तो परिवार और राष्ट्र दोनों सशक्त होते हैं। भोजन भेद जैसे व्यवहार त्यागकर, सभी के लिए प्रेमपूर्वक भोजन बनाना भी बलिवैश्व की भावना में सम्मिलित है। यही संवेदना और समर्पण जीवन को यज्ञमय बनाते हैं। कार्यक्रम में बलिवैश्व यज्ञ प्रक्रिया का लाइव डेमो भी दिया गया, जिससे उपस्थितजनों ने बलिवैश्व यज्ञ की विधि को व्यवहारिक रूप में समझा। गायत्री चेतना केंद्र बनीपार्क के कैलाश अग्रवाल और रमेश अग्रवाल के सौजन्य से तांबे के बलिवैश्व पात्र आधे मूल्य पर उपलब्ध कराए गए।

### बलिवैश्व यज्ञ की सरल विधि में छिपा है महान उद्देश्य

गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजनों ने बताया कि घर पर बने शुद्ध, सात्विक अन्न में से थोड़ा भाग अलग निकालकर पांच आहुति के रूप में अग्नि को समर्पित करना चाहिए। इसके लिए गायत्री मंत्र के साथ विशेष तांबे के पात्र में आहुति दी जाती है और शेष अन्न को यज्ञप्रसाद के रूप में परिवारजनों में बांटा जाता है।

### पंच महायज्ञों के माध्यम से आत्मोन्नति और लोकमंगल

गायत्री परिवार राजस्थान प्रभारी ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि बलिवैश्व यज्ञ केवल यज्ञ नहीं, बल्कि पंच महायज्ञों की प्रेरणा का केंद्र है। ब्रह्मयज्ञ -आत्मा और परमात्मा के मिलन की साधना, देवयज्ञ -देवत्व की प्राप्ति और चेतना का उत्कर्ष, ऋषियज्ञ -ज्ञान संवर्धन और वैदिक मूल्यों का संरक्षण, नरयज्ञ -सेवा, प्रेम और करुणा का विकास, भूतयज्ञ- प्रकृति और प्राणियों के प्रति आत्मीयता का विस्तार।

### योगिनी एकादशी

# गोविंददेवजी मंदिर की दर्शन व्यवस्था में आंशिक बदलाव से श्रद्धालुओं को राहत

महानगर संवाददाता





**जयपुर।** आषाढ़ कृष्ण पक्ष की योगिनी एकादशी के पर्व पर गोविंददेवजी मंदिर में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन द्वारा दर्शन व्यवस्था में किए गए आंशिक बदलाव श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुए।

मंदिर प्रशासन की ओर से एकतरफा बैरीकेड दर्शन व्यवस्था लागू की गई। इसके अंतर्गत बिना जूते-चप्पल आने वाले श्रद्धालु मंदिर छावन से प्रवेश कर परिक्रमा करते हुए मुख्य निकास से बाहर निकले, जबकि जूते-चप्पल पहने श्रद्धालुओं को रैंप दर्शन की अलग व्यवस्था प्रदान की गई। किसी भी दर्शनार्थी को मंदिर परिसर में रुकने या फोटोग्राफी की अनुमति नहीं थी, जिससे व्यवस्था पूर्णतः अनुशासित और सुगम बनी रही। इस व्यवस्था को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए करीब 100 स्वयंसेवकों ने सेवाएं दीं।

सुबह महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुर श्री गोविंददेवजी का पंचामृत अभिषेक हुआ। ठाकुरजी को लाल रंग की नटवर पोशाक धारण कराकर गोचारण लीला के भाव से विशेष श्रृंगार किया गया। राजभोग झांकी के समय सागारी व्यंजन एवं फलों का भोग अर्पित किया गया। सुबह मंगल आरती से लेकर रात्रि सयन झांकी तक करीब 2 लाख श्रद्धालुओं ने ठाकुर श्री गोविंददेवजी के दर्शन किए, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और भावनाओं की मधुर तरंगों से परिपूर्ण रहा।

### श्री सरस निकुंज में सजी पुष्प-सुगंधित झांकी



आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज, दरिबा पान, सुभाष चौक में योगिनी एकादशी पर रविवार को दिव्य आध्यात्मिक आयोजन सम्पन्न हुआ। श्री ठाकुर श्री राधा सरस विहारी जू सरकार की भव्य ऋतु झांकी का दर्शन वैष्णव श्रद्धालुओं के लिए दिव्य अनुभव बना। इस झांकी को ऋतु पुष्पों एवं ऋतु फलों से सुंदर रूप से सजाया गया, जिसने उपस्थित जनसमुदाय को आध्यात्मिक आनंद से अभिभूत कर दिया। इस अवसर पर श्री शुक संप्रदाय के पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज ने ठाकुर श्री राधा सरस विहारी जी को विशेष सागारी व्यंजन एवं ऋतु फलों का भोग अर्पित किया। प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि इस अवसर पर अनेक श्रद्धालु, संत, गौड़ीय आचार्य व वैष्णव जन उपस्थिति रहे।

### 1100 किलो आमों से सजाई विशेष झांकी

शाम को 1100 किलो आमों से सुसज्जित विशेष झांकी प्रस्तुत की गई, जो भक्तों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। इस झांकी के उपरांत आमों को प्रसाद रूप में भक्तों में वितरित किया गया। योगिनी एकादशी पर श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से व्रत रखकर भगवान विष्णु की आराधना की। व्रतधारियों ने लक्ष्मी-नारायण, कनकधारा और कुबेर पूजन कर विशेष आध्यात्मिक एवं सांसारिक लाभ की कामना की।

### यहां भी हुए विशेष आयोजन

जयपुर के अन्य प्रमुख मंदिरों राधा दामोदरजी मंदिर (चौड़ा रास्ता) एवं श्री गोपीनाथजी मंदिर (पुरानी बस्ती) में भी एकादशी पर वेदोक्त मंत्रोच्चार, अभिषेक, श्रृंगार व भोग सहित विशेष आयोजन सम्पन्न हुए।

## सुरों में बंधी एक शाम 'मेलोडीज फॉरएवर' 29 को

**जयपुर (मसं)।** शहर की सांस्कृतिक फिजाओं में एक बार फिर सुरों की मिठास घुलने वाली है। संकल्प कल्चरल सोसाइटी की ओर से महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम (विद्या आश्रम) में 29 जून को संगीत प्रेमियों के लिए गीतों भरी शाम 'मेलोडीज फॉरएवर' का आयोजन किया जाएगा। संकल्प के संस्थापक एवं चेयरमैन राजेश शर्मा ने बताया कि आयोजन में श्रोताओं को 23 गीतों की विविध भावनाओं से भरी गीत माला सुनने को मिलेगी। क्रिएटिव डायरेक्टर जया शर्मा ने बताया कि इसमें चार प्रोफेशनल महिला गायिकाएं और संकल्प से जुड़े 9 शौकिया गायक-गायिकाएं प्रस्तुति देंगे। कलाकारों के साथ दिल्ली का लोकप्रिय डो रे मी ऑर्केस्ट्रा म्यूजिक डायरेक्टर सतीश पोपली के निर्देशन में विभिन्न वाद्य यन्त्रों पर संगत करेगा।

इस मौके पर प्रसिद्ध भजन गायक पं. जगदीश नारायण शर्मा का भक्ति संगीत के क्षेत्र में चार दशक से भी अधिक समय तक उल्लेखनीय योगदान देने के लिए सम्मान भी किया जाएगा।

## जवाहर कला केन्द्र में महिलाएं सजाएंगी 'जीत जाएंगे हम'

### शहर की 18 महिलाएं पेश करेंगी अमर संगीतकार लक्ष्मीकांत प्यारेलाल के सुपरहिट गीत

**जयपुर (मसं)।** जवाहर कला केन्द्र के रंगायन ऑडिटोरियम में 28 जून को शहर की 18 महिलाएं कार्यक्रम 'जीत जाएंगे हम' में अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। शाम 6 बजे से 'सरगम' ग्रुप के बैनर पर होने वाला ये कार्यक्रम सुपरिचित गायिका मुक्ता चड्ढा के निर्देशन में आयोजित होगा। इस मौके पर मुक्ता भी अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रम की संयोजक उषा अग्रवाल और अनुराधा माथुर ने बताया कि ये सावन का महीना है इसलिए सभी गायिकाएं सौम्य, स्नेहिल और गगनवर्ण के प्रतीक लेवेंडर कलर के परिधान पहनकर कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। कार्यक्रम अमर संगीतकार लक्ष्मी कांत प्यारेलाल को समर्पित है। प्रदेश की पहली ध्रुवपद गायिका डॉ. मधु भट्ट तैलंग कार्यक्रम की मुख्य अतिथि और राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा और आकाशवाणी की कार्यक्रम प्रमुख रेशमा खान समारोह की विशिष्ट अतिथि होंगी। कार्यक्रम में प्रवेश निशुल्क रहेगा।

### विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने किया योगाभ्यास

## भारतीय संस्कृति का लोहा मान पूरी दुनिया में योग मनाया जाना गर्व का विषय : गोपाल शर्मा

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विप्र फाउंडेशन राजस्थान, जोन-1 के पदाधिकारियों ने रविवार को मानसरोवर स्थित श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ भवन में योगाभ्यास किया।

योग शिविर के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा रहे। विप्र फाउंडेशन जोन 1 के अध्यक्ष राजेश कर्नल ने बताया कि योग गुरु मनीष आचार्य के निर्देशन में आयोजित शिविर में प्रमुख पदाधिकारियों ने योग की बारीकियां जानी। साथ ही प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से स्वास्थ्य लाभों की जानकारी ली। इस अवसर पर विधायक गोपाल शर्मा ने योग, ध्यान, प्राणायाम का सनातन संस्कृति में महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ये गर्व का विषय है कि आज पूरी दुनिया में हमारी संस्कृति का लोहा मान योग दिवस मनाया जाता है।

कार्यक्रम संयोजक अजय पारीक ने बताया कि इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री पवन पारीक, राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र हर्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री सतीश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष केदार शर्मा, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, रामगोपाल शर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 15 दिवसीय अभिरुचि शिविर का शुभारंभ



**जयपुर (मसं)।** किशोरी विकास प्रकल्प भाग 3 माधव नगर में रविवार को 15 दिवसीय अभिरुचि शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन किशोरी विकास प्रांत सह प्रमुख डॉ. अंजु सिंह ने किया। शिविर में किशोरियों को लोकनृत्य, लोकगीत, मेहंदी एवं जूडो-कराटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर का संचालन आशा शर्मा ने किया। इस अवसर पर चना, गुड़ और केले का भोग लगाकर सभी किशोरियों को प्रसाद वितरित किया गया। प्रचार मंत्री रितु चतुर्वेदी ने बताया कि इस अवसर पर कल्पना शर्मा, करिश्मा शर्मा, जया शर्मा एवं रेनू सेनी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## ब्रह्मयोग शिविर-2025 संपन्न



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान, गुप्त वृंदावन धाम एवं पतंजलि योग समिति ने जगतपुरा स्थित मथुरा गार्डन में ब्रह्मयोग शिविर का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें 500 से अधिक योग प्रेमियों, साधकों, स्थानीय नागरिकों, महिलाओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

योग प्रशिक्षक दीपिका जैन एवं प्रियकांत गौतम ने योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं जीवनशैली सुधार पर आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च के चिकित्सक, वरिष्ठ आचार्य एवं ट्रस्ट सदस्य व मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि यह अनूठा आयोजन न केवल योग का, बल्कि एक गहरे आध्यात्मिक अनुभव का केंद्र बना, जिसने सभी प्रतिभागियों के हृदय को छू लिया व हर पल को यादगार बना दिया।

ट्रस्ट प्रबंध निदेशक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य योग के माध्यम से शरीर, मन और आत्मा को संतुलित कर स्वस्थ समाज की स्थापना करना रहा। सिद्ध स्वरूप दास ने योग को भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा की अनुपम देन बताते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। उन्होंने योग को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद, परिवहन मंत्रालय के सदस्य डॉ. निर्मल जैन, पतंजलि योग समिति की राज्य प्रभारी डॉ. सरिता गुर्जर, विक्रम कांवत, दुर्गा वर्मा, संगीता सक्सेना, मनीष लालवानी, दिनेश आलोरिया आदि मौजूद रहे।

# जीवन में सुख-शांति अर्जन में नहीं, विसर्जन में है : मुनि आदित्य सागर

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** श्रुत संवेगी महाश्रमण आदित्य सागर मुनिराज ने कहा कि हम अच्छे जीवन के लिए प्रयास तो करते हैं परंतु सही उपाय नहीं करते। जीवन में वास्तविक सुख और शांति अर्जन में नहीं, विसर्जन में है। वे कीर्ति नगर स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश के उपरांत आयोजित धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे।

मुनि श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि गुरुओं की सान्निधि सबसे बड़ी संपत्ति है। जिसके अंतरंग में संतोष है, वही सबसे बड़ा सुखी व्यक्ति है। प्राप्ति का वास्तविक आनंद छोड़ने में है, जोड़ने में नहीं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में संतोष ही सच्चा सुख है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपना आत्म-सम्मान बनाए रखना चाहिए। इस अवसर पर धर्मसभा की शुरुआत समाजश्रेष्ठी कुशल ठोलिया, मधु ठोलिया एवं विकास सेठी द्वारा भगवान पार्श्वनाथ के चित्र के अनावरण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। पुष्पेन्द्र कुमार एवं संतोष कुमार बयाना वालों ने पादप्रक्षालन किया, जबकि कोटा निवासी संजय बड़जात्या ने मुनि श्री को जिनवाणी भेंट की।

कार्यक्रम में बांसवाड़ा की प्रसिद्ध गायिका दिशी जैन ने भक्ति गीतों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। वहीं नन्हीं बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत मंगल-मंगल घड़ी मंगलाचरण ने सभा को भावविभोर कर दिया।

दो वर्षों में 2000 किलोमीटर से अधिक का विहार सम्पन्न करवाने वाले संघपति विकास सेठी (भीलवाड़ा) सहित अन्य अतिथियों का मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रेम कुमार जैन, मंत्री जगदीश जैन एवं प्रचार मंत्री आशीष बैद द्वारा अभिनंदन किया गया।

सभा में समाज के प्रमुख गणमान्यजन उमराव मल संघी, अशोक जैन नेता, महेश काला, सुनील बख्शी, प्रदीप जैन, विनोद जैन कोटखावदा, राजीव जैन गाजियाबाद, मनोज झांझरी, सुधीर जैन, सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### भव्य यश कीर्ति जुलूस

इससे पूर्व मुनि संघ का दुर्गापुरा जैन मंदिर से कीर्ति नगर तक यश कीर्ति जुलूस निकाला गया। महावीर नगर दिगंबर जैन मंदिर पहुंचने पर बैंड-बाजों के साथ श्रद्धालुओं ने मुनि संघ की अगवानी की। जुलूस में हाथी, घोड़े, बग्गियां, महिला मंडल की सदस्याएं रंग-बिरंगे पारंपरिक वस्त्रों में नाचते-गाते और 21 स्कूटरों पर बालक-बालिकाएं हाथ में जैन ध्वज लेकर जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। महिलाओं ने डांडिया नृत्य और पचरंगे गुब्बारों के साथ शोभायात्रा में उत्साह बढ़ाया। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पादप्रक्षालन एवं मंगल आरती की गई।

# बुजुर्ग होते विश्व में भारत की महत्ता

## देश में लगातार बढ़ रही बुजुर्गों की संख्या

**देश** में 16वीं जनगणना की अधिसूचना जारी हो चुकी है। देश में यह पहली ऐसी जनगणना होगी, जहां आंकड़ों का संकलन कागज-कलम से न होकर डिजिटल आधार पर किया जाएगा। साल 2011 के बाद होने वाली इस जनगणना में जाति गणना भी शामिल होगी। इस जनगणना से भारत में गरीबी, शिक्षा, लोगों की आय, लिंगानुपात, जाति, पंथ, अमीरी-गरीबी, युवा-बुजुर्ग इत्यादि की तस्वीर साफ होगी। अभी हम युवा देश हैं, लेकिन हाल ही में देश में लिंगानुपात से संबंधित जो रपटें आई हैं, उनमें देश में वृद्धजनों की बढ़ती आबादी का आकलन किया गया है। इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। पहली रिपोर्ट प्लेसेस नामक जर्नल में प्रकाशित हुई है। इसके आंकड़े बताते हैं कि आज भारत का हर चौथा-पांचवां बुजुर्ग स्मृति लोप, भाषा का ठीक से प्रयोग न करने, सोचने-समझने और निर्णय लेने की क्षमता के कमजोर हो जाने जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। दूसरी रिपोर्ट भारतीय स्टेट बैंक ने जारी की है। इसके अनुसार भारत की कामकाजी आबादी की औसत आयु 2021 में 24 वर्ष के मुकाबले साल 2026 में बढ़कर 28-29 वर्ष हो जाएगी।

आज चीन की कामकाजी औसत आयु 39.5 साल है। वहीं यूरोप में यह 42 साल, उत्तरी अमेरिका में 38 और एशिया में 32 साल है। वैश्विक स्तर पर यह औसत आयु 30.4 वर्ष दर्ज की गई है। एसबीआइ की रिपोर्ट संकेत देती है



कि भारत में शून्य से चौदह साल के बच्चों की आबादी में गिरावट आ रही है। साल 1991 में इनकी जो आबादी 36.4 करोड़ थी, वह साल 2026 में घटकर 34 करोड़ रहने वाली है। आबादी में साल 1991 में इनकी जो हिस्सेदारी 37 प्रतिशत थी, वह वर्ष 2026 में घटकर 24.3 प्रतिशत रह जाएगी। इस प्रकार 60 साल से अधिक उम्र के लोगों की आबादी विगत ढाई दशक में बढ़कर दोगुनी हो गई है।

**अभी संयुक्त राष्ट्र की नवीनतम जनसांख्यिकी रिपोर्ट से पता चला है कि साल 2025 के अंत तक भारत की आबादी दुनिया में सर्वाधिक 1.46 अरब तक पहुंच जाएगी। इस रिपोर्ट से देश की जनसंख्या संरचना, प्रजनन क्षमता और जीवन प्रत्याशा में भविष्य में बड़े परिवर्तन के संकेत मिलते हैं। उपरोक्त रपटों का सार यही है कि यदि भारत में बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है तो फिलहाल उससे कहीं बढ़े हुए अनुपात में कामकाजी युवक-युवतियों की संख्या भी बढ़ रही है। आज ब्रिक्स देशों में जन्म दर और जनसंख्या वृद्धि दर साल दर साल घट रही है। जापान, फ्रांस, जर्मनी, आस्ट्रेलिया व ब्रिटेन जैसे देशों में जनसंख्या के बढ़ने का स्तर अमूमन शून्य हो चुका है। निसंदेह भविष्य में वहां वृद्धजनों की संख्या बढ़ेगी और कार्यशील जनसंख्या कम होती जाएगी।**

इसका अर्थ है कि साल 2001 में बुजुर्गों की जो आबादी 7.9 करोड़ थी, वह साल 2026 में बढ़कर 15 करोड़ के आसपास पहुंच जाएगी। इनमें 7.7 करोड़ पुरुष और 7.3 करोड़ महिलाएं होंगी। इसी तरह वर्ष 2001 में देश में जो कामकाजी आबादी 58.6 करोड़ थी, साल 2026 में इसके बढ़कर 91 करोड़ होने का अनुमान है। माना जा रहा है कि अगली जनगणना में देश की कुल आबादी में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी कामकाजी लोगों की होगी। इसी संदर्भ में तीसरी रिपोर्ट केंद्र सरकार के सांख्यिकी मंत्रालय ने प्रकाशित की है। यह बताती है कि देश में साल 2036 तक बच्चों व किशोरों की आबादी में गिरावट दर्ज होगी और बुजुर्गों व मध्यम उम्र के लोगों की संख्या बढ़ेगी। इस रिपोर्ट के अनुसार साल 2021 में आबादी में 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की हिस्सेदारी 26.2 प्रतिशत थी, लेकिन 2026 में यह घटकर 20.6 प्रतिशत रह जाएगी।

साल 2021 में 35-49 आयुवर्ग के लोगों की आबादी में हिस्सेदारी 19.1 प्रतिशत थी, लेकिन साल 2026 में इस आयुवर्ग का प्रतिशत बढ़कर 23 प्रतिशत हो जाएगा। वर्तमान में देश की आबादी में 60 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लोगों का प्रतिशत 9.5 है। साल 2036 में ऐसे लोगों की आबादी बढ़कर 13.9 प्रतिशत हो जाएगी। चौथी रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की है। इसमें कहा गया है कि अगले 25 वर्षों में भारत की आबादी में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की हिस्सेदारी 20.8 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। अर्थात देश में हर पांचवां व्यक्ति बुजुर्ग की श्रेणी में होगा। साल 2024-2050 के बीच देश की कुल आबादी 18 प्रतिशत ही बढ़ेगी, लेकिन वृद्ध जनसंख्या में 134 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होगी। इस रिपोर्ट के अनुसार साल 2022-2023 तक भारत में बुजुर्गों की आबादी 14.9 करोड़ थी। यानी कुल आबादी में इनका हिस्सा 10.5 प्रतिशत था। इस तरह देश में 100 कामकाजी लोगों पर 16 वृद्धजन निर्भर हैं। इससे देश में कामकाजी युवाओं और वृद्धजनों के बीच संतुलन के बिगड़ने की आशंका है। अभी संयुक्त राष्ट्र की नवीनतम जनसांख्यिकी रिपोर्ट से पता चला है कि साल 2025 के अंत तक भारत की आबादी दुनिया में सर्वाधिक 1.46 अरब तक पहुंच जाएगी। इस रिपोर्ट से देश की जनसंख्या संरचना, प्रजनन क्षमता और जीवन प्रत्याशा में भविष्य में बड़े परिवर्तन के संकेत मिलते हैं। उपरोक्त रपटों का सार यही है कि यदि भारत में बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है तो फिलहाल उससे कहीं बढ़े हुए अनुपात में कामकाजी युवक-युवतियों की संख्या भी बढ़ रही है। आज ब्रिक्स देशों में जन्म दर और जनसंख्या वृद्धि दर साल दर साल घट रही है। जापान, फ्रांस, जर्मनी, आस्ट्रेलिया व ब्रिटेन जैसे देशों में जनसंख्या के बढ़ने का स्तर अमूमन शून्य हो चुका है। निसंदेह भविष्य में वहां वृद्धजनों की संख्या बढ़ेगी और कार्यशील जनसंख्या कम होती जाएगी। इससे उनका उत्पादन स्वतः ही घटेगा। भविष्य में भारत उन देशों में प्रमुख होगा, जहां कार्यशील युवा जनसंख्या सबसे अधिक होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2047 तक जिस विकसित भारत की कल्पना कर रहे हैं, उसके लिए यदि युवाओं की ऊर्जा, शक्ति, उत्साह व सामर्थ्य देश के काम आएगा तो उसी अनुपात में वरिष्ठजनों का अनुभव भी भारत के निर्माण में पथ प्रदर्शक का कार्य करेगा। फिर भी आज की आवश्यकता यही है कि युवाओं के बेहतर भविष्य के साथ वरिष्ठजनों के लिए सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा के भी प्रबंध हों।

# अमेरिका-पाकिस्तान फिर एक साथ

## भारत को लंबे कूटनीतिक और सैन्य संग्राम के लिए कसनी होगी कमर

श्रीराम चौलिया

**कार्ल मार्क्स** ने कहा था कि इतिहास खुद को दोहराता है, पहले त्रासदी के रूप में और फिर मजाक के रूप में। कट्टर जिहादी सोच वाले पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष और फील्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में भोज के लिए बुलाकर और पाकिस्तान से गहरे सामरिक तालमेल की पेशकश करके मार्क्स के कथन को प्रासंगिक कर दिया। साल 1980-88 में अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने तत्कालीन पाकिस्तानी तानाशाह जनरल जियाउल हक को गले लगाया था, फिर राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश ने भी जनरल परवेज मुशर्रफ को। क्या करीब हर 20 वर्षों में खेले जा रहे इस खतरनाक खेल का तीसरा अध्याय अब आरंभ हुआ है? जनरल जिया और मुशर्रफ की तुलना में मुनीर पाकिस्तान के औपचारिक राष्ट्राध्यक्ष नहीं हैं, लेकिन उन्हें उसी तरह का रुतबा हासिल है। अमेरिका अतीत में भी पेश किए जा चुके भूराजनीतिक तर्कों के आधार पर ही नए सिरे से पाकिस्तान को अपने करीब लाने की कोशिश कर रहा है।

रीगन को जिया की जरूरत इसलिए पड़ी थी, क्योंकि वे पाकिस्तान के पड़ोसी देश अफगानिस्तान से सोवियत संघ को वापस धकेलना चाहते थे। अमेरिका को अपने सहायक के रूप में लड़ने के लिए मुजाहिदीन चाहिए थे, जो पाकिस्तान ने उपलब्ध कराए। जिया खुद जिहादी प्रवृत्ति के थे। एक समय उन्होंने कश्मीर हड़पने के इरादे से भारत के खिलाफ जिहाद का आह्वान किया था। तब अमेरिका ने इसकी अनदेखी की थी, क्योंकि उसका मकसद साम्यवाद को टक्कर देना था। रीगन की भांति ही बुश ने भी मुशर्रफ को अरबों डालर की आर्थिक और सैन्य मदद देकर अफगानिस्तान में बदलाव के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया। तब अमेरिका को उस कट्टर जिहादी तालिबान की सरकार गिरानी थी, जिसने अमेरिका में 9/11 हमलों के जिम्मेदार ओसामा बिन लादेन को शरण दी थी। अमेरिका के पैसे और हथियारों से लैस पाकिस्तान ने दोनों बार अपनी उपयोगिता सिद्ध की, लेकिन दोहरा खेल भी खेला। उसने अमेरिका को कुछ हद तक खुश रखते हुए दक्षिण एशिया में जिहादी जहर घोला। उसके इसी पाखंड से ऊबकर ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में पाकिस्तान को सैन्य सहायता पूर्णतः रोक दी थी। साल 2018 में पाकिस्तान को झूठा और धोखेबाज कहने वाले ट्रंप आज उसकी प्रशंसा कर रहे हैं। दरअसल विश्व राजनीति में फिर ऐसा मोड़ आया है, जब अमेरिका को अपने भूराजनीतिक लक्ष्यों को साधने के लिए पाकिस्तान की जरूरत आन पड़ी है, इसीलिए वह उसे रिझा रहा है।

पाकिस्तान के पड़ोसी ईरान पर अमेरिका के निकटतम साथी इजरायल ने हमला बोल दिया है। इस हमले का अंतिम उद्देश्य तेहरान में तख्तापलट है। ट्रंप ने मुनीर के साथ बैठक में ईरान पर चर्चा की और यह भी कहा कि इस मामले पर पाकिस्तान मुझसे सहमत है। अमेरिका को लगता है कि शिया ईरान में अयातुल्ला अली खामेनेई जैसे सर्वोच्च नेता की तानाशाही के खात्मे के लिए सुन्नी पाकिस्तान को अग्रिम मोर्चे के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। अमेरिका ने पाकिस्तान को इसके लिए भी शाबाशी दी कि वह अफगान-पाकिस्तान सीमा पर इस्लामिक स्टेट के आतंकियों को पकड़ने और उन्हें मार गिराने में वाशिंगटन का अभूतपूर्व साझेदार बन गया है। भारत को अंदेशा है कि इस सबके चलते अमेरिका पहलगाम जैसे पाकिस्तानी बर्बर आतंकी कृत्यों की अनदेखी कर सकता है। वैसे तो ट्रंप भारत के आतंक विरोधी अभियान को समर्थन का वादा करते हैं और चीन की चुनौती का सामना करने के लिए भारत को करीब लाना चाहते हैं, लेकिन यह स्पष्ट ही है कि महाशक्तियों की रणनीति



एक देश के हितों तक सीमित नहीं रहती। फिलहाल वाशिंगटन का प्रमुख लक्ष्य ईरान में बदलाव और अमेरिका पर हमला करने की ताक में रहने वाले इस्लामिक स्टेट से निपटना है। अगर मुनीर ट्रंप के साथ सौदा करते हैं और पाकिस्तान अमेरिका से पुनः सैन्य सामग्री और आर्थिक लाभ लेने लगता है तो इससे अमेरिका पाकिस्तान को चीन के साये से भी बाहर निकाल सकता है।

अमेरिका का रणनीतिक लक्ष्य व्यापक और बहुआयामी है, जो भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा हितों से मेल खाता नहीं दिख रहा है। यदि अमेरिका पाकिस्तान को चीन के चंगुल से निकालने में सफल हो जाता है तो इससे भारत का भला होगा, लेकिन यदि पाकिस्तान अमेरिका की शरण में जाकर भारत में पहलगाम जैसे जघन्य जिहादी हमले कराने का दुस्साहस करेगा तो इससे भारत को खतरा बढ़ जाएगा। ट्रंप की मानें तो उन्होंने मुनीर को इस कारण धन्यवाद जताने के लिए अमेरिका आमंत्रित किया, क्योंकि पाकिस्तान ने भारत से युद्ध करने से परहेज किया। ट्रंप ने मुनीर की कथित सूझबूझ को सराहा और उनकी बराबरी भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से करते हुए कहा कि दोनों की परिपक्वता के चलते अमेरिका ने दक्षिण एशिया में परमाणु युद्ध रोक दिया। ऐसे बेबुनियाद दावे खारिज करने के ही लिए ट्रंप से फोन पर वार्ता में मोदी ने दो टूक कहा कि कश्मीर पर किसी भी देश की मध्यस्थता भारत को कतई मंजूर नहीं है।

कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भी प्रधानमंत्रभ मोदी ने आतंक की जड़ पर सबका ध्यान केंद्रित करते हुए आतंकवाद पर विकसित देशों के दोहरे मापदंड की आलोचना की। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित देश किसी भी देश पर आर्थिक प्रतिबंध लगा देते हैं, लेकिन आतंकवाद का खुलेआम समर्थन करने वाले देशों को पुरस्कृत करते हैं। आतंक-आतंक में अंतर स्वार्थी सोच है। इसके कारण ही विश्व समुदाय आतंक की समस्या पर काबू नहीं कर पाया है। भारत को पाकिस्तान का आतंकी चेहरा सामने लाने और उसे काबू में रखने का प्रयास करते रहना होगा। भारत को लंबे कूटनीतिक-सैन्य संग्राम के लिए कमर कसनी होगी, क्योंकि महाशक्तियों की चिरपरिचित दोहरी मानसिकता और पाकिस्तान के बिकाऊ रवैये से साफ होता है कि आतंकवाद पर अंकुश लगाने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की सीमाएं हैं।

# बिहार में भाजपा की नजर उत्तराधिकार पर

सुधीर कुमार शर्मा

**बिहार** में भारतीय जनता पार्टी के एक दलित विधायक के साथ हाल ही में हुई बातचीत में राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के बारे में नई सच्चाई सामने आई। समस्तीपुर क्षेत्र के विधायक एक गणितज्ञ हैं, वह पंचायत और बाद में 2020 के विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए भाजपा की ओर से उनकी सेवाएं मांगे जाने तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में पूर्णकालिक प्रचारक भी थे। वह भाजपा में एक प्रभावशाली दलित आवाज हैं। उन्होंने बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री के बारे में कहा कि हम वास्तव में नीतीश का सम्मान करते हैं, न केवल सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए, बल्कि उनके जीने के तरीके के लिए भी। उनका कोई परिवार नहीं है। पिछले इन सभी वर्षों में उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है। उनके पास जो कुछ भी था, उन्होंने बिहार को दिया है। इस हिसाब से वह उन मूल्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो हमें आरएसएस में सिखाए गए हैं।

नीतीश चुनावों में अपनी पार्टी जनता दल यूनाइटेड का नेतृत्व कर रहे हैं और यह उनका आखिरी चुनाव हो सकता है, लेकिन अब उनकी गिरगिट जैसी राजनीति और प्रशासन पर ढीली पकड़ के बारे में ताने सुनने को मिलते हैं। एक समय ऐसा भी था जब नीतीश कुमार ने राज्य में भाजपा को हिलाकर रख दिया था। बहुत लोगों को याद होगा कि जब 2006 में राजग ने घोषणा की थी कि सरकारी स्कूलों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य किया जाना चाहिए, नीतीश ने बिहार में इसे लागू करने से इनकार कर दिया, जबकि जेडीयू राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा थी। जून 2010 में पटना में आयोजित भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान स्थानीय दैनिकों में पूरे पेज का विज्ञापन छपा, जिसमें नीतीश कुमार ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को बाढ़ राहत सहायता के रूप में 5 करोड़ रुपए देने के लिए धन्यवाद दिया था, लेकिन बिहार को भिखारी के रूप में चित्रित करने से नाराज नीतीश कुमार ने भाजपा नेताओं के लिए आयोजित रात्रि भोज को रद्द कर दिया।

नीतीश कुमार ने गुजरात सरकार को 5 करोड़ रुपए भी लौटा दिए। इसके बाद जून 2013 में गोवा में नरेन्द्र मोदी को भाजपा के 2014 के लोकसभा चुनाव अभियान समिति का प्रमुख नियुक्त किए जाने के तुरंत बाद जदयू ने भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के साथ अपना गठबंधन तोड़ दिया। अब वे फिर से दोस्त हैं, हालांकि भाजपा जदयू में होने वाले कदमों, खासकर उत्तराधिकार पर सावधानी पूर्वक नजर रख रही है। भाजपा के लिए यह जरूरी है कि जदयू का एक इकाई के रूप में अस्तित्व रहे। बिहार के अत्यंत पिछड़े वर्ग (ईबीसी) कुर्मी व कोइरी जातियां अभी भी नीतीश कुमार के पीछे मजबूती से



खड़ी हैं। सामाजिक विरोधाभासों के कारण उनके भाजपा में आने की संभावना नहीं है। नीतीश कुमार ने वैकल्पिक कुर्मी नेताओं को खड़ा करने की कोशिश की है, जो उनके बाद बागडोर संभाल सकते हैं। अफसरशाह से राजनेता बने और कुर्मी आरसीपी सिंह ऐसे ही नेताओं में से एक थे, लेकिन उनकी महत्वाकांक्षा उन पर हावी हो गई।


भाजपा के आकलन के अनुसार बिहार के वर्तमान मंत्री श्रवण कुमार अगले सबसे अच्छे दावेदार हैं, जो नालंदा से सात से अधिक बार विधायक रह चुके हैं। नीतीश कुमार के प्रति उनकी निष्ठा निर्विवाद है और इसी तरह उनकी अपने समुदाय पर पकड़ भी। संजय झा और विजय कुमार चौधरी जेडीयू में प्रभावशाली हैं और नीतीश कुमार के विश्वासपात्र हैं, लेकिन वे उच्च जाति के हैं। अन्य लोगों की भी जेडीयू के सामाजिक आधार पर नजर है। ईबीसी धानुक जाति के मंगनी लाल मंडल को राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) का अध्यक्ष नियुक्त करना इसी हिसाब का रणनीतिक कदम है। भाजपा के आकलन के अनुसार इस चुनाव में हिंदुत्व को पीछे रखना ही बेहतर है। निश्चित रूप से पार्टी बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दों को उठाएगी, खासकर किशनगंज जैसे इलाकों में जहां 65 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन धार्मिक मुद्दों पर विवाद खड़ा करने का यह सही समय नहीं है, क्योंकि नीतीश के साथ गठबंधन ने राजग को मुस्लिम समर्थन दिलाया है, भले ही छोटा हो।

इसके बजाय शासन और राज्य में प्रशासनिक क्षमता बनाने के लिए लगातार राज्य सरकारों, खासकर अपने पहले कार्यकाल में नीतीश कुमार के प्रयासों को लेकर अपील होगी। उदाहरण के लिए यह कोई संयोग नहीं है कि बिहार में पुलिस बल में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अब भारत में सबसे अधिक 24 फीसदी है और साल 2022 से 2024 के बीच ही यह 2 फीसदी बढ़ गया है। यह आंशिक रूप से नीतीश कुमार की ओर से मुख्यमंत्री के रूप में अपने पहले 2005-2014 और दूसरे 2015-2020 के कार्यकाल में लड़कियों की शिक्षा में किए गए निवेश का परिणाम है। पार्टी का मानना है कि शराबबंदी पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है और जो लोग इसके खिलाफ तर्क देते हैं, जिनमें आरके सिंह जैसे पार्टी के पूर्व सांसद भी शामिल हैं, वे जमीनी हकीकत को नहीं समझते हैं।

शराबबंदी को लागू करने में तमाम खामियों और खामियों के बावजूद भारतीय जनता पार्टी का मानना है कि सिर्फ इसी मुद्दे पर महिलाओं का वोट जाति से ऊपर है। पलायन को रोकने के लिए मिथिलांचल के विकास जैसे क्षेत्रीय मुद्दों को भी बिहार में विकास के मुद्दे के रूप में तैयार किया जाएगा। अगर मोदी-नीतिशमार के संयुक्त प्रयास से भारतीय जनता पार्टी को भारी लाभ होता है, लेकिन जेडीयू को नहीं, तो क्या नीतीश कुमार को समीकरण से पूरी तरह बाहर किया जा सकता है? इस सवाल का जवाब कोई नहीं दे रहा है, लेकिन जैसा कॉरपोरेट भाषा में कहा जाता है, फिलहाल नीतीश कुमार टीम के एक बहुमूल्य सदस्य हैं।

## राशिफल


**आज दिनांक 23 जून, 2025, सोमवार, विक्रम संवत् 2082, आषाढ़ माह कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, कृतिका नक्षत्र, गरिजा करण, धृति योग, राहुकाल: सुबह 7:27 से 9.07 बजे तक, सूर्योदय सुबह 5:46 बजे, सूर्यास्त सायं 7:11 बजे, चंद्रोदय सुबह 3:11 बजे, चंद्रास्त सायं 5:17 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:02 बजे से 12:55 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:10 से 4:58 बजे तक, चंद्रमा वृषभ राशि में संचार करेगा।**




आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। दूसरों से वो काम न करवाएं जो आप नहीं करना चाहते। आज धन के मामले में कुछ शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं। भूमि व संपत्ति संबंधी कार्य होंगे। किसी भी काम में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। अपने कार्यों को ध्यान से पूरा करें, जरा सी भी लापरवाही नुकसानदेह हो सकती है।





आज का दिन आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि का दिन रहेगा। परिवार में किसी बात को लेकर चिंता रह सकती है। अपना काम छोड़कर दूसरों की मदद करने का आपके मन में भाव आयेगा। आज भविष्य को ध्यान में रखकर निवेश करने के अवसरों को तलाश करें।





आज आपके मन में नए-नए विचार उत्पन्न होंगे। आपके अपने व्यक्तिगत कार्य भी पारिवारिक सदस्यों की मदद से काफी हद तक पूरे हो जाएंगे। आप में से कुछ लोगों की संपत्ति में आज के दिन की शुरुआत आपके लिए बेहतर होने वाली है। मुनाफा होने का संकेत हैं, प्रॉपर्टी खरीद सकते हैं।





आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से फलदायक रहेगा। झूठ बोलने वालों से बचकर रहें। शादीशुदा लोगों का गृहस्थ जीवन खुशनुमा रहेगा। आज कर्ज आदि से दूर रहें। वर्तमान परिस्थिति में प्रॉपर्टी सेल से अच्छा फायदा होने की उम्मीद दिख रही है।





आज का दिन आपको भाग्य का साथ मिलने का है। निजी स्वार्थ के कारण कोई इंसान आपके परिवार में भ्रम पैदा कर सकता है, सावधान रहें। किसी व्यक्ति के प्रति बढ़ता आकर्षण केवल एकतरफा ही है, इस बात का अहसास आज हो सकता है। आज आप भगवान शिव की आराधना करें यह आपके लिए लाभदायक रहेगा।




नए व्यक्ति के जीवन में आने से आपको खुद के प्रति सकारात्मकता महसूस होगी। कुछ चीजों का ध्यान नहीं रखेंगे, तो उनके खोने की संभावना है। जिन लोगों का व्यापार सुस्त पड़ गया है वो तरक्की की राह पकड़ लेंगे। मशीनरी संबंधित कारोबार में कुछ नए ऑर्डर मिल सकते हैं।





आज आप प्रेम जीवन में काफी रोमांटिक मूड में रहेंगे। आज का दिन आर्थिक मामले में आपके अनुकूल नहीं है, इसलिए सोच-समझकर और सावधानी पूर्वक से खर्च करें। वित्तीय सलाह के बारे में अपने माता-पिता से बात करें।





आज आपके माता-पिता के साथ कुछ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। आज अपने जीवनसाथी पर भरोसा बनाए रखें, रिश्तों में और मजबूती आएगी। आर्थिक मजबूती आने वाली है। आप कारोबार में कोई नया प्रयोग कर रहे हैं, तो कोशिश में लगे रहें।





आज अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं। आज कुछ घरेलू जरूरी काम अगले दिन के लिए टाल सकते हैं। आज मनोरंजन के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों को अप्रत्याशित लाभ मिल सकता है। घरेलू स्तर पर किसी प्लान को धरातल पर उतारने के लिए मेहनत करनी होगी।




आप दूसरों के साथ खुले मन से बात करेंगे। वर्तमान परिस्थिति में आपको अच्छे नेतृत्व और सटिक कदम उठाने की जरूरत है। आज आपको धन लाभ के लिए अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। बिजनेस के लिए आपको ज्यादा दौड़-भाग करनी पड़ सकती।




आज आपको बहन की आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है। नए काम और नई बिजनेस डील सामने आ सकती है। जो लोग प्रबंधन की नौकरी से जुड़े हैं, उन्हें अच्छी प्रगति मिलेगी। आवश्यक विषयों में सक्रियता बना कर रखें।




आज का दिन आपके लिए कुछ मामलों में अच्छा साबित हो सकता है। आप अपना कोई फैसला दूसरे पर डालने की कोशिश ना करें। परिवार में किसी को सुधारने का जिम्मा आप खुद उठा सकते हैं। अगर आप अविवाहित हैं तो आज का दिन आपके लिए काफी दिलचस्प रहेगा। पति-पत्नी के बीच बेहतरीन सामंजस्य रहेगा।

## रावण एक अबूझ पहेली

प्रेरक प्रसंग

**लंकापति** रावण को महापंडित माना जाता है। जहां एक ओर रावण को परम तपस्वी, शिव भक्त व समस्त वेदों का ज्ञाता माना गया है, वहीं उसे एक अत्याचारी, अहंकारी व क्रूर शासक भी कहा जाता है। यही विरोधाभास रावण को एक अबूझ पहेली बनाता है। यह तो स्पष्ट है कि सिर्फ सीता के अपहरण के कारण ही राम के हाथों रावण की मृत्यु हुई थी। एक बार रावण भ्रमण करता हुआ हिमालय के घने जंगलों में जा पहुंचा, वहां उसने एक रूपवती कन्या को तपस्या में लीन देखा। कन्या के रूप-रंग के आगे रावण का राक्षसी रूप जाग उठा और उसने उस कन्या की तपस्या भंग करते हुए उसका परिचय जानना चाहा। कन्या ने अपना परिचय देते हुए रावण से कहा कि हे राक्षसराज, मेरा नाम वेदवंती है। मैं परम तेजस्वी महर्षि कुशध्वज की पुत्री हूं और पिता की इच्छा थी कि भगवान विष्णु ही मेरे पति बनें। पिता की उस इच्छा के विरुद्ध शम्भू नामक दैत्य ने सोते समय पिता की हत्या कर दी और माता ने भी पिता के चिता में कूदकर अपनी जान दे दी। इतना कहने के बाद सुंदरी ने रावण को यह भी कह दिया कि अपने तप के बल से आपकी गलत इच्छा को जान गई हूं। इतना सुनते ही रावण क्रोध से भर गया और अपने दोनों हाथों से उस कन्या के बाल पकड़कर अपनी ओर खींचने लगा, इससे क्रोधित होकर कन्या दशानन को यह शाप देते हुए अग्नि में समा गई कि मैं तुम्हारे वध के लिए फिर से किसी धर्मात्मा पुरुष की पुत्री के रूप में जन्म लूंगी। शास्त्रों के अनुसार कन्या का यही रूप सीता बनकर रामायण में रावण की मृत्यु का कारण बना। एक अन्य कथा के अनुसार गृत्समद नामक ब्राह्मण लक्ष्मी को पुत्री रूप में पाने की कामना से प्रतिदिन एक कलश के अग्र भाग से मंत्रोच्चारण के साथ जल डालता था। एक दिन ब्राह्मण कहीं बाहर गया तो रावण इनकी कुटिया में आया और यहां मौजूद ऋषियों को मारकर उनका रक्त कलश में भर लिया। यह कलश लाकर रावण ने मंदोदरी को सौंप दिया। एक दिन जब रावण बाहर गया, तब मौका देखकर मंदोदरी ने कलश में रखा रक्त पी लिया, जिससे मंदोदरी गर्भवती हो गई। लोक-लाज के डर से मंदोदरी अपनी पुत्री को कलश में रखकर उस स्थान पर छुपा गई, जहां से जनक ने उसे प्राप्त किया। दूसरी ओर रावण से जुड़ा यह प्रसंग उसके अंतिम दिनों का है। जिस समय रावण मरने की ओर था, तब श्रीराम ने लक्ष्मण को उसके पास भेजा था और कहा था कि उसके पास जाकर बड़े आदर से बैठ जाना और उससे कहना कि हमें कुछ ज्ञान की बातें बताएं। लक्ष्मण ने वैसा ही किया। लक्ष्मण के रावण के पास जाकर आग्रह करने पर रावण ने लक्ष्मण को ज्ञान की तीन बातें बताई थीं।

## सुडोकु 2148

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 6 | | | |
| | | | | | | | | |
| | 9 | 1 | | 8 | | | | 6 |
| 3 | | | 2 | | 4 | | 6 | 5 |
| | | | 3 | | | 4 | | 9 |
| | | 9 | 6 | | | | | |
| | 4 | | | | | | 8 | |
| 5 | | 8 | | | | 2 | | |
| 2 | | | | | | | 3 | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

**सुडोकु 2147 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 4 | 7 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 | 7 |
| 5 | 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 6 | 1 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 8 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 9 | 1 | 7 | 8 | 2 |
| 6 | 4 | 1 | 7 | 3 | 2 | 8 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 1 | 4 | 3 |

# बुमराह का पंजा, भारत ने गंवाए दो विकेट

## भारत को कुल 96 रन की बढ़त

विशेष संवाददाता

**लीड्स।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल बारिश की वजह से जल्दी समाप्त हो गया। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपनी छाप छोड़ी। बुमराह ने इंग्लैंड की पहली बारी 465 रन पर समेटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बुमराह ने पांच अंग्रेज बल्लेबाजों का शिकार किया। भारत ने 96 रन की कुल बढ़त हासिल कर ली है। केएल राहुल और शुभमन गिल नाबाद लौटे।

दिन की शुरुआत में इंग्लैंड ने तीन विकेट से आगे खेलना शुरू किया। ओली पोप 100 रन और हैरी ब्रूक (0) क्रीज पर उतरे। पोप ने अपने स्कोर में 6 रन ही जोड़े थे कि प्रसिद्ध कृष्णा ने भारत को चौथी सफलता दिलाई। कप्तान बेन स्टोक्स 20 रन बनाकर मोहम्मद सिराज का शिकार बने। हालांकि, हैरी ब्रूक को जेमी स्मिथ का साथ मिला। दोनों के बीच 73 रन की साझेदारी हुई। हैरी ब्रूक शतक से चूक गए और 99 रन बनाकर आउट हुए। अंत में क्रिस वोक्स और ब्रायडन कार्से ने अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम का स्कोर 450 के पार पहुंचा दिया। वोक्स ने 38 रन की पारी खेली और बुमराह का चौथा शिकार बने। बुमराह ने टंग को आउट कर पंजा खोला। कृष्णा ने तीन, सिराज को दो विकेट मिले। भारत को 6 रन की बढ़त मिली।

**भारत ने दूसरी पारी में गंवाए दो विकेट:** दूसरी पारी में भारत ने दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट गंवा दिए और कुल बढ़त 96 रन तक पहुंचा दी। जायसवाल 4 रन बनाकर आउट हुए। पहली पारी में शून्य पर आउट होने वाले साई सुदर्शन ने 30 रन की पारी खेली। वह दूसरी बार भी बेन स्टोक्स का शिकार बने। बारिश के चलते दिन का खेल जल्दी समाप्त हो गया। केएल राहुल 47 रन और गिल 6 रन बनाकर नाबाद लौटे।

## टेस्ट में 150 विकेट पूरे करने वाले तीसरे भारतीय विकेटकीपर बने पंत

भारतीय टीम के धाकड़ विकेट-कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने जहां इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले की पहली पारी में शानदार शतक ठोक सभी का दिल जीता, वहीं तीसरे दिन उन्होंने विकेट के पीछे रहते हुए अपने नाम एक और उपलब्धि जोड़ ली। दरअसल, वह टेस्ट क्रिकेट में बतौर विकेट-कीपर 150+ कैच लेने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। ऋषभ पंत ने लीड्स के हेडिंग्ले में भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन उस वक्त यह उपलब्धि हांसिल की, जब प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर उन्होंने मेजबान टीम के बल्लेबाज ओली पोप का कैच विकेट के पीछे रहते हुए लपका। अब ऋषभ पंत के नाम कुल 151 कैच और 15 स्टंपिंग हैं।




## 5 विकेट लेकर बुमराह ने बनाया कीर्तिमान

रिकॉर्डतोड़ जस...
कपिल देव के बराबर प...



हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट में बुमराह ने महान कपिल देव की बराबरी की है। इस मैच में बुमराह ने पांच विकेट लिए। ये तब हुआ, जब उनकी गेंदों पर कैच छूटे और विकेट लेने के बाद गेंद नो बॉल हो गई। बुमराह के कॉलम में 7-8 विकेट आसानी से हो सकते थे। हालांकि, पांच विकेट लेकर भी बुमराह ने बड़ा काम कर दिया। वह कपिल देव की खास लिस्ट में अपना नाम लिखवाने में सफल रहे। बुमराह ने भारतीय जमीन के बाहर टेस्ट में 12वीं बार पांच या उससे ज्यादा विकेट लेने का कारनामा किया है। भारत के बाहर ऐसा करने वाले भारतीय गेंदबाजों में कपिल देव का नाम पहले नंबर पर था, लेकिन अब बुमराह उनके साथ संयुक्त रूप से नंबर-1 बन गए हैं। कपिल ने भी विदेशी जमीन पर 12 बार पांच या उससे ज्याद विकेट लिए। उन्होंने ये काम 66 टेस्ट मैचों में किया, जबकि बुमराह ने ये काम महज 34 टेस्ट मैचों में किया।

# कनाडा ने टी20 वर्ल्डकप के लिए किया क्वालिफाई

## अब सिर्फ 7 स्थानों पर टीमों का चयन बाकी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** कनाडा ने भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप-2026 के लिए क्वालिफाई कर लिया है। अमेरिका क्वालिफायर में कनाडा ने बहामास के खिलाफ जीत हासिल करके टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की की है, जो मौजूदा अभियान में उनकी लगातार पांचवीं जीत है। आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप अमेरिका रीजन फाइनल-2025 में 21 जून को कनाडा और बहामास के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें कनाडा ने सात विकेट से जीत दर्ज की। किंग सिटी में खेले गए इस मैच में बहामास की टीम महज 57 रन पर सिमट गई थी, जिसके बाद कनाडा ने महज 5.3 ओवरों में सात विकेट शेष रहते जीत दर्ज कर ली। कनाडा ने अब तक अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं। टीम प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान पर है।



### अब तक 13 टीमें हुई क्वालिफाई

यह दूसरी बार होगा, जब कनाडा, भारत में किसी विश्व कप में हिस्सा लेगा। इससे पहले वनडे विश्व कप-2011 में भी यह देश भाग ले चुका है, जो भारत, श्रीलंका और बांग्लादेश में संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। कनाडा 20 टीमों के आयोजन के लिए पहले से ही क्वालिफाई कर चुकी 10 टीमों की लिस्ट में शामिल हो गया है। इसमें सह-मेजबान भारत और श्रीलंका भी हैं। अन्य योग्य टीमों में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त राज्य अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान शामिल हैं। टी20 विश्व कप-2026 के लिए अभी 7 अन्य टीमों का चयन होना है, जिन्हें अगले कुछ महीनों में अलग-अलग क्वालिफायर टूर्नामेंट्स के जरिए जगह बनाने का मौका मिलेगा। पहली बार टी20 वर्ल्डकप में 20 टीमें शामिल होंगी। पहली बार 2007 में इस छोटे फॉर्मेट का सबसे बड़ा टूर्नामेंट खेला गया था, जहां भारत चैंपियन बना था। आखिरी बार अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में वर्ल्डकप आयोजित हुआ, यहां भी भारत चैंपियन बना।

## भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में खेल सकते हैं आर्चर



विशेष संवाददाता

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में खेल सकते हैं। आर्चर रविवार से काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स टीम से खेलेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, आर्चर काउंटी मैच में फिट रहे तो दूसरे टेस्ट में उन्हें खिलाया जा सकता है। दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से एजबेस्टन में खेला जाएगा।

वहीं इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने भी भारत-इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले बयान दिया था कि 30 साल के आर्चर फिर से टेस्ट जर्सी पहनने के लिए बेताब हैं। आर्चर चार साल से टेस्ट टीम से बाहर हैं।


## नहीं रहे इंग्लैंड के पूर्व गेंदबाज लॉरेंस, बीमारी ने ली जान

### क्रिकेट जगत में पसरा मातम

विशेष संवाददाता

**लंदन।** इंग्लैंड और ग्लूस्टरशायर के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड वैलेंटाइन लॉरेंस का 61 वर्ष की आयु में मोटर न्यूरॉन रोग (एमएनडी) से जूझने के बाद निधन हो गया।

1988 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद, लॉरेंस ने 1988 और 1992 के बीच पांच टेस्ट खेले, जिसमें 18 विकेट लिए, जिसमें 1991 में द ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक प्रसिद्ध पांच विकेट हॉल भी शामिल है - उसी पारी में उन्होंने महान विव रिचड्र्स को आउट किया था। 1992 में वेलिंगटन, न्यूजीलैंड में एक टेस्ट मैच के दौरान लगी भयानक घुटने की चोट के कारण उनका अंतरराष्ट्रीय कॅरियर दुखद रूप से समाप्त हो गया। 2023 में, उन्हें मोटर न्यूरॉन रोग का पता चला, जो जीवन को छोटा करने वाला एक न्यूरोलॉजिकल विकार है जो मांसपेशियों की कमजोरी का कारण बनता है, जो कुछ महीनों या वर्षों में खराब हो जाता है।



लॉरेंस ने 1981 में ग्लूस्टरशायर के लिए मात्र 17 वर्ष की उम्र में प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया था। उन्होंने ग्लूस्टरशायर के लिए 170 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिसमें 31.27 की औसत से 477 विकेट लिए, जिसमें वारविकशायर के खिलाफ 47 रन देकर 7 विकेट का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी शामिल है।

16 साल के कॅरियर में, वह अपनी निडर तेज गेंदबाजी के लिए क्लब आइकन बन गए। एक दिवसीय क्रिकेट में, उन्होंने 110 मैचों में 148 विकेट लिए, जिसमें 1991 में संयुक्त विश्वविद्यालय इलेवन के खिलाफ 20 रन देकर 6 विकेट शामिल हैं - ग्लूस्टरशायर के 50 ओवर के इतिहास में तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन।

# भारतीय टीम के कोच बनना चाहते हैं गांगुली

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली टीम इंडिया का कोच बनने के लिए तैयार हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में यह इच्छा जाहिर की। उन्होंने राजनीति में आने से साफ इनकार कर दिया। इसके अलावा पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष ने गौतम गंभीर की कोचिंग पर भी बात की।

भारतीय टीम इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का पहला मुकाबला लीड्स के हेडिंग्ले ग्राउंड पर खेला जा रहा है। कोचिंग के सवाल पर गांगुली ने कहा, 'मैंने अलग-अलग भूमिकाएं निभाईं। मैं बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) का अध्यक्ष बना और फिर बीसीसीआई अध्यक्ष। मुझे कभी समय नहीं मिला, लेकिन देखते हैं फ्यूचर में क्या होता है। मैं अभी 50 साल का हूं और मौका मिलने पर भारतीय टीम का कोच बनने को तैयार हूं। देखते हैं भविष्य में क्या होता है।'




**गौतम अच्छा काम कर रहे :** गांगुली ने मौजूदा कोच गौतम गंभीर की खूब तारीफ की। गांगुली ने कहा, 'गौतम अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से हारते हुए थोड़ी धीमी शुरुआत की, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के साथ उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। यह एक बड़ी सीरीज (इंग्लैंड के खिलाफ) होने जा रही है।

## भारत ने रचा इतिहास, फ्रीस्टाइल टीम ने जीती चैंपियन ट्रॉफी

विशेष संवाददाता

**वुंगताऊ (वियतनाम)।** शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भारतीय फ्रीस्टाइल टीम ने यहां वुंगताऊ में आयोजित अंडर-23 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में छह स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम की। यह किसी भी एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में फ्रीस्टाइल श्रेणी में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। 61 किग्रा में निखिल, 65 किग्रा में सुजीत, 74 किग्रा में जयदीप, चंद्र मोहन (79 किग्रा), सचिन (92 किग्रा) और 97 किग्रा वर्ग में विक्की ने स्वर्ण पदक जीते।



125 किग्रा भार वर्ग में जसपूरन सिंह ने रजत पदक जीता। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा, 'भारतीय फ्रीस्टाइल टीम का मैट पर दबदबा ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो अंतरराष्ट्रीय कुश्ती में देश की बढ़ती ताकत को दर्शाता है।

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराया

विशेष संवाददाता

**बर्लिन।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को करारी शिकस्त दी। यहां ब्लाउ वीस स्टेडियम में चार देशों के टूर्नामेंट में अपने दूसरे मैच में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर 3-1 से शानदार जीत दर्ज की।

भारतीय टीम की ओर से शारदानंद तिवारी ने (15वें), सौरभ आनंद कुशवाहा ने (36 वें) और आमिर अली ने (43वें) मिनट में गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए एकमात्र गोल ओलिवर विल ने (55वें) मिनट में किया। भारत ने मैच की शानदार शुरुआत की और 15वें मिनट में शारदानंद तिवारी ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में लगातार दो गोल करके अपनी लय को बनाए रखा। भारत के लिए 36वें मिनट में सौरभ आनंद कुशवाहा ने ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर को छकाते हुए महत्वपूर्ण मैदानी गोल करके अपनी बढ़त को और मजबूत किया। इसके कुछ ही देर बाद 43वें मिनट में आमिर अली ने विजेता टीम के लिए एक और मैदानी गोल कर भारत को जीत के और करीब पहुंचा दिया। मैच के अंतिम क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने भी पांच मिनट शेष रहते ओलिवर विल के फील्ड गोल की बदौलत गोल करने में सफलता पाई। भारतीय टीम का अगला मैच 24 जून को इसी स्टेडियम में स्पेन से होगा।



# भारत ने पैरा पावरलिफ्टिंग विश्वकप के पहले दिन जीते चार पदक

विशेष संवाददाता

**बीजिंग।** भारत ने विश्व पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप 2025 के पहले दिन एक स्वर्ण, एक रजत सहित दो कांस्य पदक जीतकर अपने अंतरराष्ट्रीय अभियान की एक मजबूत शुरुआत की।

विश्व पैरा पावरलिफ्टिंग (डब्ल्यूपीपीओ) के तत्वावधान में आयोजित विश्वकप में 40 से अधिक देशों के शीर्ष पैरा पावरलिफ्टर स्पर्धा कर रहे हैं। गुलफाम अहमद ने पुरुष एलीट 59 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला। उन्होंने अपने पहले प्रयास में 145 किग्रा उठाया और इसके बाद अपने दूसरे प्रयास में 151 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ भार उठाया। 153 किग्रा में उनका तीसरा प्रयास बहुत कम अंतर से विफल रहा, लेकिन उनके पहले के प्रयास भारत को टूर्नामेंट का पहला पदक दिलाने के लिए पर्याप्त थे।



पुरुषों की एलीट 72 किग्रा श्रेणी में रामुभाई बंभवा ने अपने पहले प्रयास में 151 किग्रा का सफल भार उठाकर भारत के खाते में एक और कांस्य पदक जोड़ा। हालांकि 155 किग्रा और 156 किग्रा में उनके अगले दो प्रयास मान्य नहीं हुए, लेकिन शुरुआती प्रयास मजबूत रहा और उन्हें सर्वश्रेष्ठ लिफ्ट वर्गीकरण में पोडियम पर स्थान मिला।

अनुभवी भारोत्तोलक जॉबी मैथ्यू ने मास्टर्स श्रेणी में 140 किग्रा के शुरुआती असफल भारोत्तोलन के बाद, उन्होंने 145 किग्रा और 150 किग्रा के आत्मविश्वास के साथ भारोत्तोलन स्पर्धा में वापसी करते हुए स्वर्ण और रजत पदक हासिल किया।

## प्रदेश समाचार

### शासन सचिव मीणा ने किया प्रस्तावित आदर्श वेद विद्यालय गोमरख धाम का अवलोकन



#### पोकरण विधायक प्रतापपुरी एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में लिया फीडबैक

महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** राज्य सरकार की बजट घोषणा 2024-25 के तहत गोमरख धाम तारातरा मठ बाड़मेर में राजकीय आवासीय आदर्श वेद विद्यालय स्थापित किया जाएगा। राज्य सरकार की इस जनहितैषी बजट घोषणा की सफल एवं त्वरित क्रियान्विति के लिए बाड़मेर दौरे पर आए संस्कृत शिक्षा विभाग के शासन सचिव विश्राम मीणा ने गोमरखधाम में आदर्श वेद विद्यालय के नवीन भवन निर्माण होने तक अस्थाई संचालन के लिए प्रस्तावित तारातरा मठ परिसर का दौरा किया।

इस दौरान शासन सचिव ने तारातरा मठ प्रबंधन की ओर से राज्य सरकार को नवीन भवन के निर्माण होने तक निशुल्क उपलब्ध कराए गए कार्यालय कक्ष, आवासीय परिसर, स्वाध्याय कक्ष, भोजन शाला, यज्ञशाला सहित विभिन्न भौतिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उसके पश्चात शासन सचिव विश्राम मीणा ने गोमरख धाम में आदर्श वेद विद्यालय के लिए आवंटित भूमि का अवलोकन किया।

उन्होंने वेद विद्यालय के मापदंडों के अनुरूप प्राकृतिक स्थल के अवलोकन उपरांत पोकरण के विधायक प्रतापपुरी एवं संस्कृत शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करते हुए राजकीय आवासीय आदर्श वेद विद्यालय के आगामी एक जुलाई से शुभारंभ, प्रवेश एवं अन्य गतिविधियों के संचालन के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को आदर्श वेद विद्यालय के सफल संचालन के लिए दिशा निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान विधायक प्रतापपुरी ने गोमरख धाम के पास वैदिक गुरुकुल एवं पर्यटन केंद्र स्थापित करने की इच्छा जताई। उन्होंने बताया कि यहां पर वैदिक गुरुकुल एवं पर्यटन केंद्र के लिए पूर्ण रूप से अनुकूल परिस्थितियां हैं। यहां राजस्थान का सफलतम वैदिक गुरुकूल एवं पर्यटन केंद्र स्थापित हो सकता है। राज्य सरकार से इसकी मांग की जाकर भारत के एक अद्वितीय वैदिक गुरुकुल एवं पर्यटन केंद्र को स्थापित करने के प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान मठ प्रबंधन के गुलाब सिंह धांधू, सांवलपुरी, रतन पंचारिया, रामपुरी, संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद शर्मा, उप निरीक्षक डॉ. भंवरलाल उमरलाई, हेमंत दवे, बाड़मेर तहसीलदार, पटवारी तारातरा सहित विभिन्न गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


### निशुल्क चिकित्सा शिविर में मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ



महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** नजदीकी ग्राम खादरा में बाल विकास सीनियर सेकंडरी स्कूल निदेशक शास्त्री माडूराम सैनी के जन्म दिन पर रविवार को विजय हॉस्पिटल नीमकाथाना द्वारा स्कूल प्रांगण में निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर आयोजित हुआ। इससे बड़ी संख्या में क्षेत्र वासी लोग लाभान्वित हुए। माडूराम सैनी ने बताया कि विशेषज्ञ जनरल फिजिशियन डॉ. महू रानी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीषा चौधरी तथा डॉ. पंकज ने मरीजों की निशुल्क जांच कर उपचार किया। सभी रोगियों की यथा जांच रिपोर्ट प्राप्त कर निशुल्क दवाइयां भी दी गई हैं। शिविर में प्रभारी सैनी मेडिकल खादरा श्रीराम सिंह यादव व डॉ. मदन लाल सैनी का पूर्ण सहयोग रहा। निदेशक सैनी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य गांव के उन गरीब एवं असहाय परिवार जनों को चिकित्सा सुविधा देना रहा है, जो शहर में जाकर महंगा इलाज एवं खर्च नहीं उठा सकते। उन्हें गांव में ही निशुल्क विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह और दवा उपलब्ध करवाना सच्ची मानव सेवा है। शिविर में गंभीर, असाध्य 117 मरीज एवं सामान्य बीमारियों के मरीजों का उपचार किया गया।

### गार्गी पुरस्कार के लिए चयनित बालिकाओं का किया सम्मान



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** निकटवर्ती गांव जोरावरनगर स्थित राउमावि में अध्ययन कर बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली बालिकाओं का गार्गी पुरस्कार में चयन होने पर विद्यालय द्वारा सम्मान किया गया। शाला प्रधान महावीर चौपड़ा ने बताया कि जनप्रतिनिधियो, ग्रामीण जनों की उपस्थिति में विद्यालय में अध्ययन कर गार्गी पुरस्कार प्राप्त करने वाली बालिकाएं पलक मीना, मोनिका मीना, खुशबू कंवर, नेहा कुमावत, निकिता कंवर का माला, साफा पहनाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर इंचार्ज सुभाष कुमार, पूर्व उपप्रधान बनवारी लाल यादव, हीरालाल डूडी, हरिसिंह शेखावत, प्रभु सिंह, दौलत शर्मा, गीगराज वर्मा सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर रनवे पर जाने से पहले ही इंडिगो एयरलाइंस के पायलट को खराबी का पता चला

# उड़ान भरने से पहले ही रोक दी फ्लाइट

महानगर संवाददाता

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर रविवार को तकनीकी खराबी आने से एक फ्लाइट को अचानक कैंसिल कर दिया गया। फ्लाइट के रनवे पर जाने से पहले ही पायलट को तकनीकी खराबी का पता चला। शुरुआती जांच में तकनीकी खामी की पुष्टि होने के बाद फ्लाइट को कैंसिल करने का फैसला किया गया। जिस समय यह निर्णय लिया गया, उस वक्त फ्लाइट में करीब 177 लोग सवार थे। सभी को फ्लाइट से उतार दिया गया। यह फ्लाइट इंडिगो एयरलाइंस की थी, जो चंडीगढ़ से लखनऊ के लिए उड़ान भरने को तैयार थी।

विमान में क्या तकनीकी खामी आई थी, अभी एयरपोर्ट अथॉरिटी या एयरलाइंस की ओर से इस बारे में जानकारी नहीं दी गई है। बता दें कि इस महीने में ही इंडिगो एयरलाइंस की यह चौथी फ्लाइट है, जिसमें तकनीकी समस्या आई है। जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ से लखनऊ जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई-146 रविवार सुबह साढ़े 8 बजे रवाना होने वाली थी। पायलट को उड़ान से पहले जांच के दौरान तकनीकी समस्या का पता लगा। इसके बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी को इसकी जानकारी दी गई।

### एहतियातन सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारा

तकनीकी खामी का पता चलते ही एहतियातन सभी यात्रियों को सुरक्षित विमान से उतार लिया गया। विमान ने उड़ान नहीं भरी और उसे रनवे पर ले जाने से पहले ही रोक दिया गया। इसके बाद यात्रियों को ऑप्शनल फ्लाइट्स से भेजा गया। साथ ही उन्हें विमान कंपनी की तरफ से टिकट का पूरा पैसा भी लौटाया गया। विमान में क्या तकनीकी खामी आई थी, अभी एयरपोर्ट अथॉरिटी या एयरलाइंस की ओर से इस बारे में जानकारी नहीं दी गई है। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार टीमें इस तकनीकी खराबी को ठीक करने की कोशिश कर रही हैं। शाम तक इस खामी को ठीक नहीं किया जा सका था।

### इंडिगो की फ्लाइट में एक माह में चौथी बार आई समस्या

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2 जून को रांची में इंडिगो का एक विमान गिद्ध से टकराया था, जिसके कारण आपात लैंडिंग करानी पड़ी। टक्कर के बाद विमान करीब 40 मिनट तक



हवा में रहा। इंडिगो की इस फ्लाइट में क्रू मेंबर्स समेत 175 यात्री सवार थे। इसके बाद 18 जून को भी इंडिगो की एक फ्लाइट को रद्द करना पड़ा था। उड़ान से कुछ मिनट पहले फ्लाइट को रद्द कर दिया गया। इसका कारण भी विमान में तकनीकी खराबी बताया गया था। इसके अगले दिन 19 जून को दिल्ली से लेह जाने वाली इंडिगो फ्लाइट की तकनीकी कारणों से इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई थी, जिसमें करीब 180 लोग सवार थे। फ्लाइट ने दिल्ली से लेह के लिए उड़ान भरी, लेकिन कुछ देर पहले ही तकनीकी गड़बड़ी का पता चला।

## सीएम का एक कार्यक्रम, दो विभागों से करा लिया भुगतान

महानगर संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गोंडा में पार्वती अरगा झील के पास बीती दो फरवरी को विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम हुआ था। इस एक कार्यक्रम का महेंद्र सिंह टेंट हाउस, झिलाही बाजार ने दो विभागों से 13.95 लाख रुपए का भुगतान करा लिया। जांच में मामला सामने आया। इस पर लोक निर्माण विभाग खंड एक के अवर अभियंता ने फर्म के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। अवर अभियंता ललित कुमार पाठक के अनुसार केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के आर्द्रभूमि दिवस समारोह को पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड एक व सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग बलरामपुर ने मिलकर आयोजित किया। टेंट व खानपान की जिम्मेदारी महेंद्र सिंह टेंट हाउस को सौंपी गई। सभी मदों को मिलाकर 29 मार्च को पीडब्ल्यूडी की ओर से 69.30 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया।

## विपक्ष के शक्ति प्रदर्शन के जवाब में तृणमूल का निकाला मार्च



महानगर संवाददाता

**आसनसोल।** पश्चिम बंगाल दिवस के अवसर पर बीते दिनों विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की ओर से आसनसोल के आश्रम मोड़ से निकाले गए महा मिछिल और गिरजा मोड़ पर आयोजित जनसभा के जवाब में तृणमूल कांग्रेस ने भी उसी जगह से जबरदस्त शक्ति प्रदर्शन करते हुए विशाल मार्च का आयोजन किया गयाख जिसमें तृणमूल के करीब 10 हजार से भी अधिक कार्यकर्ता व नेता शामिल हुए। तृणमूल कांग्रेस ने इस आयोजन के जरिए जहां एक तरफ भाजपा के मिछिल का जवाब दिया, वहीं दूसरी ओर पार्टी की आंतरिक एकता व संगठनात्मक ताकत का प्रदर्शन किया। नेताओं ने मंच से कहा कि विपक्ष चाहे जितनी भी रैलियां कर ले, जनता का विश्वास तृणमूल कांग्रेस पर कायम है और आसनसोल समेत पूरे बंगाल में ममता बनर्जी की लोकप्रियता को कोई चुनौती नहीं दे सकता। इस दौरान भाजपा पर हमला बोलते हुए यह भी कहा गया कि उनके पास सिर्फ नारे हैं, जबकि तृणमूल के पास जनता का समर्थन व विकास का एजेंडा है।

## शिशु श्रम विरोधी दिवस पर बच्चों के अधिकारों की रक्षा का संकल्प



**आसनसोल (मसं)।** विश्व शिशु श्रम विरोधी दिवस के अवसर पर शिशु कल्याण दफ्तर की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिशु श्रम के खिलाफ आवाज उठाई गई और इसके उन्मूलन को लेकर गंभीर चर्चा की गई। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल सरकार के कानून मंत्री मलय घटक, पश्चिम बर्दवान जिला शासक एस. पोन्नाबलम, आसनसोल नगर निगम के डिप्टी मेयर अभिजीत घटक सहित जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने शिशु श्रम के सामाजिक, आर्थिक व नैतिक प्रभावों पर प्रकाश डाला और कहा कि बच्चों का स्थान स्कूल है, काम की जगह नहीं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाज के हर वर्ग को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो और उसे काम करने के लिए मजबूर न किया जाए। इस मौके पर अधिकारियों ने यह भी बताया कि सरकार द्वारा शिशु श्रम उन्मूलन के लिए कौन-कौन सी योजनाएं चलाई जा रही हैं और भविष्य में किस तरह इसे और प्रभावी बनाया जा सकता है। इसके साथ ही बच्चों और उनके अभिभावकों को जागरूक करने के लिए विभिन्न स्तरों पर अभियान चलाने की बात कही गई। कार्यक्रम के अंत में यह संकल्प लिया गया कि जिले में किसी भी प्रकार के शिशु श्रम को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए प्रशासन सतर्क रहेगा।

# 'वंदे गंगा' जल संरक्षण-जन अभियान ने रचा कीर्तिमान

## मुख्यमंत्री भजनलाल के मार्गदर्शन में जल संरक्षण के कार्यों में 2 करोड़ 53 लाख से अधिक ने की सहभागिता

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर संचालित 'वंदे गंगा' जल संरक्षण-जन अभियान ने जल संरक्षण एवं संचयन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अपार जन सहयोग के साथ संचालित इस अभियान से प्रदेशभर में जल स्त्रोतों की दिशा और दशा में अभूतपूर्व सुधार आया है। विस्तृत कार्ययोजना और व्यापक प्रभाव से यह अभियान पर्यावरणीय दृष्टि से प्रेरणा स्त्रोत के रूप में उभरा है, जिसके आगामी समय में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

देश के सबसे बड़े प्रदेश राजस्थान में विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण जल की उपलब्धता सबसे बड़ी चुनौती रही है। मानसून के दौरान वर्षा का असमान रूप से वितरण और सतही जल की कम उपलब्धता के कारण राजस्थान मुख्यतः परंपरागत जल स्त्रोतों एवं साधनों पर आश्रित रहा है। इन जल स्त्रोतों के संरक्षण और इनमें संचयन के लक्ष्य की प्राप्ति के क्रम में मुख्यमंत्री ने वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान (5 जून से 20 जून) की पहल की। इस अभियान का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसे जन केंद्रित रखा गया, ताकि इसका प्रभाव व्यापक हो।

### विभिन्न अंचलों में अभियान में शामिल हुए सीएम

मुख्यमंत्री ने गंगा दशहरा और विश्व पर्यावरण दिवस पर अभियान की शुरुआत की। अभियान के पहले दिन जयपुर के रामगढ़ बांध पर श्रमदान करने के साथ बूंदी के केशोरायपाटन में चंबल मां को चुनरी ओढ़ाई और भरतपुर की सुजानगंगा नहर पर दीपदान किया। इस दिन मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने भी प्रदेशभर में अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण संबंधित गतिविधियों में शिरकत की। इसके बाद सीएम ने विभिन्न अंचलों में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

### 3 लाख 70 हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित

मुख्यमंत्री की प्रेरणा से यह अभियान




आंदोलन में परिवर्तित हुआ। लाखों लोग घरों से निकले और जल संरक्षण कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। 20 जून तक के आंकड़ों के अनुसार अभियान के अंतर्गत 3 लाख 70 हजार से अधिक कार्यक्रम हुए, जिनमें 1.32 करोड़ महिलाओं सहित लगभग 2 करोड़ 53 लाख लोग शामिल हुए। 42 हजार 200 से अधिक जल स्त्रोतों के साथ लगभग 73 हजार 900 से अधिक कार्यालयों, अस्पतालों एवं विद्यालयों की साफ-सफाई की गई है। इसके साथ ही आमजन ने जल संरक्षण गतिविधियों के अंतर्गत लगभग 1 लाख 2 हजार से अधिक स्थानों पर श्रमदान भी किया।

### सामूहिक प्रयासों से मिली अभियान को गति

अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण और संचयन की दिशा में विशेष कार्ययोजना के तहत कार्य किए गए। विभिन्न विभागों, गैर सरकारी संस्थाओं, औद्योगिक समूह एवं भामाशाहों के साथ बड़ी संख्या में आमजन अभियान में शामिल हुए। सामूहिक प्रयासों एवं पारस्परिक समन्वय से नदी-नालों, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, जल संचयन संरचनाओं का निर्माण और बावड़ियों, तालाबों, कुओं जैसे परंपरागत जलाशयों का पुनरुद्धार व्यापक रूप से हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन, हरियालो राजस्थान और कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के संबंध में भी व्यापक कार्य किए गए। इन कार्यों से प्रदेश के भू-जल स्तर में भी बढ़ोत्तरी होना अपेक्षित है।

### गांव-ढाणी से कस्बों तक पर्याप्त जल आपूर्ति ही प्राथमिकता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने लगभग डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में राजस्थान को जल संपन्न बनाने की दृष्टि से ऐतिहासिक निर्णय कर अभूतपूर्व योजनाएं बनाई हैं। रामजल सेतु लिंक परियोजना से प्रदेश के 17 जिलों को पेयजल एवं सिंचाई का पानी मिलेगा। इसी तरह शेखावाटी क्षेत्र के लिए यमुना जल समझौते को मूर्त रूप दिया जा रहा है। इंदिरा गांधी नहर परियोजना के सुदृढ़ीकरण का कार्य हो रहा है, ताकि गंगानगर, हनुमानगढ़ से लेकर बाड़मेर, जालोर को भरपूर पानी मिल सके। ये योजनाएं दर्शाती हैं कि गांव-ढाणी से कस्बों तक पर्याप्त जल आपूर्ति राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



## राजस्थान घूमर क्वीन सीजन-5 का जयपुर में ऑडिशन

**जयपुर (मसं)।** सद्भावना परिवार की ओर से आयोजित राजस्थान घूमर क्वीन सीजन-5 के जयपुर ऑडिशन आज होटल लक्ष्मी निवास (विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास) में संपन्न हुए। इस सांस्कृतिक उत्सव में प्रदेशभर से आईं महिलाओं और बालिकाओं ने पारंपरिक घूमर नृत्य के माध्यम से राजस्थान की लोक संस्कृति की समृद्ध छवि प्रस्तुत की। इस सीजन के जयपुर ऑडिशन को अंतिम ऑडिशन के रूप में आयोजित किया गया है। अब सभी चयनित प्रतिभागी 29 जून को होने वाले फिनाले में हिस्सा लेंगी, जहां राजस्थान की नई घूमर क्वीन का चयन किया जाएगा। निर्णायक मंडल में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स होल्डर कोरियोग्राफर रोहित शर्मा, राजस्थान घूमर क्वीन 2022 सीमा सेठी, प्रतिमा भारद्वाज, रितु शर्मा (मिस ग्लोबल इंडिया), आरती माथुर और मोना वर्मा जैसे शामिल रहे।

पेज एक से जारी...

## वित्त, गृह, उर्जा, उद्योग सहित कई प्रमुख विभागों के मुखिया बदले

सबसे वरिष्ठ अधिकारी सुबोध अग्रवाल अपने ठीकठाक पुनर्वास की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन उनकी उम्मीद पूरी नहीं हुई। इंदिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान से उनकी बदली तो हुई है, लेकिन उन्हें राजस्थान वित्त निगम की जिम्मेदारी दी गई है, जो उम्मीद के मुताबिक पुनर्वास नहीं कहा जा सकता। पर्यटन विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे रवि जैन को अब स्वायत्त शासन विभाग दिया गया है, वहीं उनके स्थान पर राजेश कुमार यादव को लाया गया है। इनके अलावा संदीप वर्मा को कौशल एवं उद्यमिता रोजगार विभाग, कुंजीलाल मीणा को जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की जिम्मेदारी दी है। सुबीर कुमार को प्रमुख शासन सचिव, आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा पद्धति विभाग, भवानी सिंह देथा को प्रमुख शासन सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, रविकुमार सुरपुर को अध्यक्ष, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, डॉ. आरुषि अजेय मलिक अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, राजस्थान राज्य भंडारण निगम, डॉ. टीना सोनी संभागीय आयुक्त, भरतपुर, विश्राम मीणा को संभागीय आयुक्त बीकानेर, नेहा गिरि को स्टेट मिशन निदेशक, आजिविका परियोजनाएं एवं स्वयं सहायता समूह, जयपुर, ओम प्रकाश बुनकर को विशिष्ट शासन सचिव, गृह विभाग, कन्हैया लाल स्वामी को आयुक्त, टी.ए.डी., उदयपुर, शक्ति सिंह राठौड़ को संभागीय आयुक्त, अजमेर, हरि मोहन मीणा को कार्यकारी निदेशक, राजस्थान शहरी पेयजल सीवरेज और इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड (रूडसीको) एवं परियोजना निदेशक, राजस्थान शहरी आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी), जयपुर, हरजीलाल अटल को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट हेल्थ एश्योरेन्स एजेंसी, नथमल डिडेल को संयुक्त शासन सचिव, वित्त (कर) विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

**कमर उल जमन चौधरी मुख्यमंत्री के गृह जिले भरतपुर के कलेक्टर होंगे:** कमर उल जमन चौधरी मुख्यमंत्री के गृह जिले भरतपुर के कलेक्टर होंगे। जलदाय विभाग के संयुक्त सचिव से उनका भरतपुर कलेक्टर पद पर तबादला किया है। वे पहले दौसा कलेक्टर रह चुके हैं।

# 'हथियार नहीं डालेंगे तो नक्सलियों को बारिश में भी सोने नहीं देंगे चैन की नींद'

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फिर छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद खात्मे का किया ऐलान

महानगर संवाददाता

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर से छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद के खात्मे का ऐलान किया। उन्होंने नक्सलियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हथियार नहीं डालोगे तो बारिश में भी चैन की नींद नहीं सोने देंगे। साथ ही कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ केंद्र सरकार का अभियान मानसून के मौसम में भी जारी रहेगा। अमित शाह ने कहा कि हर बार बरसात के मौसम में नक्सलियों को आराम मिल जाता था, क्योंकि उफनती नदियां घने जंगल के अंदर नक्सल विरोधी अभियानों में बाधा डालती हैं, लेकिन इस बार हम उन्हें मानसून के दौरान भी सोने नहीं देंगे।

शाह ने कहा कि हम मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। इस दिशा में हमारा फोर्स आगे बढ़ रहा है। शाह ने नक्सलियों से हथियार डालने और विकास की यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। शाह ने




कहा कि हथियार डाल दीजिए और विकास की यात्रा में शामिल हो जाइए। बातचीत की कोई जरूरत नहीं है। बस सशस्त्र संघर्ष छोड़ दीजिए और मुख्यधारा में शामिल हो जाइए।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की सरकार और राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उन्होंने रुके हुए नक्सल विरोधी अभियान को तेज गति से शुरू किया। मैंने देखा है कि सरकार बनने के बाद से न केवल नक्सली विरोधी अभियान को धार दी, बल्कि समय-समय पर इसका मार्गदर्शन भी किया है। पुलिस और सुरक्षा बलों को प्रोत्साहित किया है और इस लड़ाई को कुशलता से आगे बढ़ाया है।

### 'मार्च 2026 तक होगा नक्सलवाद का सफाया'

शाह ने कहा कि मैं उन सभी का तहे दिल से स्वागत करता हूं, जिन्होंने हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं और उन्हें आश्वस्त करता हूं कि छत्तीसगढ़ सरकार और केंद्र ने उनसे जो भी वादे किए हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा और हम आपकी और भी अधिक मदद करने का प्रयास करेंगे। अमित शाह रविवार को राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर और केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की आधारशिला रखने के लिए छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर में थे। शाह ने दावा किया है कि मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा।

### पड़ोसी राज्यों के पुलिस अधिकारियों की ली बैठक

शिलान्यास के बाद शाह ने नवा रायपुर स्थित रिसॉर्ट में नक्सलवाद पर बैठक की। इसमें छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्य ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश के डीजीपी-एडीजीपी रैंक के अधिकारी शामिल हुए। अमित शाह ने अंतरराज्यीय सुरक्षा और नक्सल ऑपरेशन की स्थिति की समीक्षा की। सुरक्षा संबंधी दो अहम बैठकों में शाह ने दूसरे राज्यों को इंटेलिजेंस इनपुट छत्तीसगढ़ के साथ शेयर करने के निर्देश दिए हैं।

## 'भारत के साथ चलने से पड़ोसी देशों को फायदा, नहीं तो नुकसान'

### विदेश मंत्री ने कहा- पाक में भारत विरोधी सेना चला रही देश

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि हर पड़ोसी को समझना चाहिए कि भारत के साथ मिलकर चलने से फायदा और दूरी बनाने से नुकसान है। हालांकि, पाकिस्तान एक अपवाद है, वहां की सेना की सोच भारत विरोधी है और वो ही वहां देश चलाती है। डीडी इंडिया को दिए इंटरव्यू में जयशंकर ने कहा कि भारत को अपने पड़ोसी देशों के साथ रिश्तों में हर बार सब कुछ आसान नहीं मिलेगा। हालांकि, भारत ने ऐसा माहौल बनाया है, जिसमें सामूहिक हित को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि सरकारें बदलें, फिर भी रिश्ते मजबूत रहें।

चीन के बारे में उन्होंने कहा कि गलवान झड़प के बाद भारत ने बॉर्डर पर खड़े रहने की नीति अपनाई है। पहले बड़ी गलती थी कि हम सीमा पर ढांचा ही नहीं बना रहे थे, लेकिन अब भारत एलएसी पर अपने हितों की रक्षा कर सकता है। जयशंकर ने ऑपरेशन सिंधु और यूक्रेन संकट के दौरान ऑपरेशन गंगा का जिक्र करते हुए भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका पर भी जोर दिया।

अमेरिका पर जयशंकर ने कहा कि अमेरिका के रूख का कभी भी अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। हालांकि, हम अमेरिका के साथ अच्छे रिश्ते बना रहे हैं। पाकिस्तान और आतंकवाद पर कहा कि 26/11 मुंबई हमले ने बड़ा बदलाव लाया। मोदी सरकार आने के बाद भारत की नीति बदली। हमारी सरकार ने अनुच्छेद 370 को हटाया था, यह आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई थी। चीन पर कहा कि हमने अपनी रणनीति बदली है, अब भारत एलएसी पर अपने हितों की रक्षा कर सकता है।

**नई शुरुआत** प्रदेशभर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा कल से

# जरूरतमंद लोगों को मिलेगा योजनाओं का लाभ : भजनलाल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को व्यापक बनाने के लिए कार्ययोजना बनाकर 24 जून से 9 जुलाई तक प्रदेशभर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसके तहत जरूरतमंद व्यक्ति को महत्वपूर्ण विभागों की योजनाओं व आवश्यक कार्यों के माध्यम से लाभान्वित किया जाएगा।

शर्मा ने कहा कि इस पखवाड़े में राजस्व मामलों के तहत लंबित पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान और नामांतरण प्रकरणों का निस्तारण सहित विभिन्न कार्य किए जाएंगे। वहीं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में बीपीएल परिवारों को विभिन्न लाभकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। साथ ही पंचायतीराज विभाग द्वारा स्वामित्व पट्टों का वितरण एवं वर्षा जल संरक्षण के लिए जलग्रहण संरचनाओं की मरम्मत संबंधी कार्य करवाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि इस पखवाड़े के दौरान ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली के झूलते तार एवं विद्युत पोल की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। पीएचईडी द्वारा आमजन को लंबित जल कनेक्शन जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत ड्रिप,



मिनी एवं फव्वारा इत्यादि की स्वीकृतियां जारी की जाएंगी और मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण भी किया जाएगा। वन विभाग इस पखवाड़े के तहत नर्सरियों से पौधा वितरण एवं हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण का कार्य करेगा।

### पखवाड़े के दौरान यह कार्य भी होंगे

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि खाद्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण, नवीन पात्र परिवारों व सदस्यों की आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी संबंधी कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग की ओर से पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालयों में प्रवेशोत्सव, विद्यालयों का क्रमोन्यन सहित अन्य शिक्षण आवश्यकताओं की पूर्ति संबंधी कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्कूटी वितरण किया जाएगा। साथ ही अन्य विभागों द्वारा योजनाओं एवं महत्वपूर्ण कार्यों से जरूरतमंद को लाभान्वित किया जाएगा।

### प्रत्येक तहसील में प्रतिदिन लगेंगे 2 से 3 शिविर

उल्लेखनीय है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत प्रत्येक तहसील में प्रतिदिन 2 से 3 शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर समाप्ति के पश्चात प्रतिदिन सभी विभागों के द्वारा जिला कलेक्टर के माध्यम से राज्य सरकार को प्रगति से अवगत करवाया जाएगा।

# अप्रेल में ईपीएफओ से जुड़े रिकॉर्ड 19.1 लाख नए सदस्य, युवाओं की भागीदारी अधिक

## 2 लाख 45 हजार महिलाएं भी जुड़ीं

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अप्रेल 2025 में अपने रिटायरमेंट फंड में 19.1 लाख नए सदस्य जोड़े, जो पिछले साल के अप्रेल महीने की तुलना में 1.17 फीसदी ज्यादा है। रविवार को जारी डेटा के मुताबिक, इस दौरान नए रोजगार के अवसरों की वजह से सदस्यों की संख्या में




अच्छी-खासी बढ़ोतरी देखी गई।

ईपीएफओ के आंकड़ों के अनुसार, अप्रेल 2025 में करीब 8.49 लाख नए सब्सक्राइबर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया, जो मार्च 2025 के मुकाबले 12.49 फीसदी ज्यादा है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि नए सब्सक्राइबर्स की संख्या में यह उछाल बढ़ते रोजगार के अवसरों को दर्शाता है। खास बात यह है कि 18 से 25 साल की उम्र के युवा इस बार सबसे ज्यादा संगठित क्षेत्र की नौकरियों में शामिल हुए।

### युवाओं का दबदबा, महिलाओं की भी बढ़ी भागीदारी

अप्रेल 2025 में 18-25 साल के आयु वर्ग में 4.89 लाख नए सब्सक्राइबर्स जुड़े, जो कुल नए सदस्यों का 57.67 फीसदी हिस्सा है। यह आंकड़ा मार्च 2025 की तुलना में 10.05 फीसदी ज्यादा है। इस आयु वर्ग में नेट पेरोल जोड़ 7.58 लाख रहा, जो मार्च के मुकाबले 13.60 फीसदी की बढ़ोतरी दिखाता है। ईपीएफओ ने कहा कि यह ट्रेंड दर्शाता है कि ज्यादातर नए कर्मचारी युवा हैं, खासकर वे जो पहली बार नौकरी शुरू कर रहे हैं।

महिलाओं की भागीदारी में भी इस बार उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी गई। अप्रेल में 2.45 लाख नई महिला सब्सक्राइबर्स ईपीएफओ से जुड़ीं, जो मार्च 2025 के मुकाबले 17.63 फीसदी ज्यादा है। वहीं, नेट महिला पेरोल जोड़ 3.95 लाख रहा, जिसमें महीने-दर-महीने 35.24 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

राज्यों की बात करें तो महाराष्ट्र ने 21.12 फीसदी के साथ सबसे ज्यादा योगदान दिया। टॉप पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने मिलकर कुल नेट पेरोल का 60.10 फीसदी हिस्सा जोड़ा, यानी करीब 11.5 लाख सदस्य। महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना जैसे राज्यों ने 5 फीसदी से ज्यादा का योगदान दिया।

इंडस्ट्री की बात करें तो एक्सपर्ट सर्विसेज से 43.69 फीसदी नेट पेरोल जोड़ आया, जिसमें मैनपावर सप्लायर्स का हिस्सा करीब 50 फीसदी रहा। इसके अलावा, 15.7 लाख ऐसे सदस्य जो पहले इपीएफओ से बाहर हो गए थे, वे अप्रेल में फिर से जुड़े।

यह आंकड़ा मार्च 2025 के मुकाबले 19.19 फीसदी और पिछले साल अप्रेल के मुकाबले 8.56 फीसदी ज्यादा है। ये वे कर्मचारी हैं जिन्होंने नौकरी बदलने के बाद अपने फंड को ट्रांसफर किया, न कि फाइनल सेटलमेंट चुना।

## मेड़ता के पारीक के नेतृत्व में उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल रूस रवाना



महानगर संवाददाता

**मेड़ता सिटी।** रूस के मॉस्को स्थित क्रोकस एक्सपो सेंटर में 24 से 26 जून तक आयोजित होने जा रही स्टोन इंडस्ट्री 2025 प्रदर्शनी में भाग लेने एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल रूस रवाना हुआ। इस अवसर पर फरवरी 2026 में भारत में आयोजित होने वाले इंडिया स्टोन मार्ट के अंतरराष्ट्रीय प्रचार एवं सहभागिता को विस्तार देने के उद्देश्य से भारतीय प्रतिनिधिमंडल पहली बार रूस जा रहा है। इस प्रतिनिधिमंडल में लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सचिव नरेश पारीक, सीडीओएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकुल रस्तोगी, प्रांत संयुक्त महासचिव सुरेश बिश्नोई एवं जयपुर इकाई के उपाध्यक्ष दीपक अजमेरा शामिल हैं।

यह टीम रूस में भारतीय पत्थर उद्योग की वैश्विक प्रस्तुतियों को सशक्त करने, नए साझेदारों से संपर्क स्थापित करने और आगामी इंडिया स्टोन मार्ट 2026 के लिए अंतरराष्ट्रीय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न बैठकों, संवादों एवं बी टू बी इवेंट्स में भाग लेगी।

विश्वस्तरीय प्रदर्शनी स्टोन इंडस्ट्री 2025 में लगभग तीन सौ से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं, जिनमें इटली, चीन, तुर्की, ईरान जैसे देशों के नेशनल पवेलियन विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। भारत के लिए यह अवसर केवल व्यापारिक नहीं, बल्कि रणनीतिक भी है - जिसमें देश की प्राकृतिक संसाधनों की विरासत, उत्पादकता और नवाचार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा। यह भागीदारी इंडिया स्टोन मार्ट 2026 के लिए वैश्विक निवेशकों, डिजाइनरों, वितरकों और व्यापार प्रतिनिधियों को भारत की ओर आकर्षित करने में सहायक सिद्ध होगी।

### ऑनलाइन फ्रॉड पर लगेगी लगाम

# आरबीआई लाएगा रियल टाइम निगरानी प्लेटफॉर्म

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** डिजिटल पेमेंट से जुड़ी धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर लगाम लगाने के लिए रिजर्व बैंक की निगरानी और मार्गदर्शन में एक नया प्लेटफॉर्म तैयार किया जा रहा है। इसे डिजिटल पेमेंट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म कहा जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, इस पहल के तहत प्रमुख सार्वजनिक और प्राइवेट सेक्टर के बैंकों को शामिल किया गया है। यह प्लेटफॉर्म डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में विकसित किया जाएगा। इसका मकसद डिजिटल लेन-देन में होने वाली धोखाधड़ी को रोकना और जोखिम प्रबंधन को बेहतर बनाना है। डीपीआईपी के जरिए धोखाधड़ी से जुड़ी जानकारी को रियल टाइम में साझा किया जा सकेगा, जिससे समय रहते फर्जी ट्रांजैक्शन को रोका जा सकेगा।




**रिजर्व बैंक कर रहा इनोवेशन हब तैयार**

डीपीआईपी का प्रोटोटाइप रिजर्व बैंक इनोवेशन हब तैयार कर रहा है। इसके लिए आरबीआईएच पांच से दस बैंकों के साथ मिलकर काम कर रहा है। इस प्लेटफॉर्म में अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा ताकि पेमेंट फ्रॉड पर लगाम लगाई जा सके।

वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने के लिए केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक मिलकर एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू करने की तैयारी में हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस प्लेटफॉर्म की संस्थागत संरचना सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों की मदद से तैयार की जाएगी। इस महीने की शुरुआत में इस मसले पर एक उच्चस्तरीय बैठक भी हुई थी, जिसमें वरिष्ठ बैंक अधिकारी, आरबीआई के अधिकारी और अन्य संबंधित पक्ष शामिल हुए थे। बैठक का उद्देश्य इस प्लेटफॉर्म की रूपरेखा को अंतिम रूप देना था। सूत्रों के अनुसार, यह मसला सरकार और आरबीआई दोनों की प्राथमिकता में है। ऐसे में उम्मीद है कि यह प्लेटफॉर्म अगले कुछ महीनों में शुरू हो सकता है।

आरबीआई एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार कर रहा है, जिसका मकसद डिजिटल पेमेंट से जुड़ी धोखाधड़ी को रोकना है। इस प्लेटफॉर्म का नाम डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर प्रोडक्ट एग्रीगेशन होगा। जब यह प्लेटफॉर्म पूरी तरह से काम करने लगेगा, तब यह अलग-अलग स्रोतों से डेटा इकट्ठा करेगा और उसका विश्लेषण करेगा, ताकि किसी भी संभावित खतरे या धोखाधड़ी की पहचान की जा सके। यह प्लेटफॉर्म रियल-टाइम में डेटा साझा करेगा, जिससे फ्रॉड रोका जा सकेगा और लेनदेन को सुरक्षित बनाया जा सकेगा।

## आईएमएफ के बाद अब बांग्लादेश की मदद के आगे आए दो बड़े बैंक, 1.5 अरब डॉलर का लोन देंगे

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष से मई में 762 मिलियन डॉलर (करीब 6.360 करोड़ रुपए) की मदद मिलने के बाद अब बांग्लादेश को दुनिया के दो बड़े बैंकों से फिर से लोन मिलने जा रहा है। एशियन डेवलपमेंट बैंक और वर्ल्ड बैंक ने बांग्लादेश के लिए 1.5 अरब डॉलर के लोन को मंजूरी दे दी है। इससे बैंकिंग सेक्टर में सुधार, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और एनर्जी सेक्टर के डेपलपमेंट में मदद मिलेगी।



**दोनों बैंकों से मिलेगी इतनी बड़ी रकम:** मिली जानकारी के मुताबिक, छ्क्र ने बांग्लादेश के लिए 90 करोड़ डॉलर और वर्ल्ड बैंक ने 64 करोड़ डॉलर के लोन को मंजूरी दी है। बांग्लादेश को यह वित्तीय सहायता एक ऐसे वक्त पर मिलने जा रही है, जब देश को विदेशी व्यापार और अपने डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के लिए फॉरेन करेंसी की सख्त जरूरत है। एडीबी बैंक ने जानकारी दी है कि 90 करोड़ डॉलर में से 50 करोड़ से देश के बैंकिंग सिस्टम में सुधार लाने और उसे मजबूत बनाने में किया जाएगा। बाकी के 40 करोड़ का इस्तेमाल जलवायु परिवर्तन की चुनातियों से निपटने और विकास को बढ़ावा देने में किया जाएगा।

**बांग्लादेश के बैंकिंग सिस्टम के आगे कई चुनौतियां:** बांग्लादेश का बैंकिंग सिस्टम इस वक्त कई चुनौतियों से निपट रहा है जैसे कि बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी की भारी कमी है, जिससे सरकार के पास अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नकदी नहीं है। बांग्लादेश के बैंकिंग सिस्टम को एक मजबूत रेगुलेटरी फ्रेमवर्क बनाने की भी जरूरत है ताकि मनी लॉन्ड्रिंग जैसे समस्याओं से बखूबी निपटा जा सके। साइबर अटैक को कम करने की दिशा में भी काम करना है ताकि कस्टमर्स की डेटा और उनके पैसों को सिक्योर रखा जा सके। यहां के बैंकिंग सिस्टम में ह्क्क की समस्या भी काफी चिंताजनक है, जो कि 2025 की पहली तिमाही में 74,570 करोड़ टका तक पहुंच गया है। बैंकों को दिए गए लोन पर ब्याज वसूलने में भी कठिनाई हो रही है। एडीबीकी तरफ से की गई मदद के बलबूते बैंकिंग सेक्टर में नकदी बढ़ाने, अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुपालन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए किफायती लोन की पहुंच सुनिश्चित कराने की दिशा में काम किया जाएगा। इसके अलावा, एडीबी बैंक जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए भी बांग्लादेश को 400 मिलियन डॉलर का भी लोन देगा। वर्ल्ड बैंक से मिलने वाले 64 करोड़ डॉलर का इस्तेमाल शहर में वायु प्रदूषण को कम करने और गैस आपूर्ति में आ रही बाधाओं को कम करने में किया जाएगा।रिपोर्ट के मुताबिक, देश में बिजली की बढ़ती मांग के कारण युनूस के नेतृत्व वाली सरकार ने गैस आपूर्ति को बिजली संयत्रों में बदल दिया है।

## जयपुर

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी: एक बलिदानी नेता, जिनकी गूंज आज भी देश के कण-कण में

## एक ऐतिहासिक मुलाकात से बनी जनसंघ की नींव



**6 अप्रेल** 1950 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जवाहरलाल नेहरू की कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद वे नागपुर पहुंचे, जहां उनकी मुलाकात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक माधव राव गोलवलकर से हुई। यह सिर्फ एक मुलाकात नहीं थी, बल्कि भारतीय राजनीति की दिशा बदलने वाला क्षण था।

इस मुलाकात के बाद संघ ने राजनीति में भूमिका निभाने का निर्णय लिया और अपने पांच प्रचारकों-पंडित दीनदयाल उपाध्याय, नानाजी देशमुख, बलराज मधोक, बापू साहेब सोहनी और सुन्दरसिंह भंडारी को राजनीति में भेजा। नतीजा हुआ 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना, जिसके पहले अध्यक्ष बने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी।

**विरोध की राजनीति का मजबूत स्तंभ :** डॉ. मुखर्जी ने सत्ता नहीं, सिद्धांतों को चुना। नेहरू-लियाकत समझौते से असहमति जताते हुए उन्होंने मंत्री पद छोड़ दिया। उनका मानना था कि हिंदुओं के हितों की अनदेखी हो रही है। वे मानते थे कि विपक्ष मजबूत हो, जो कांग्रेस के वर्चस्व को चुनौती दे सके।

**कश्मीर आंदोलन और बलिदान :** एक देश में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान-नहीं चलेंगे! यह नारा डॉ. मुखर्जी ने तब दिया जब जम्मू-कश्मीर को भारत से पूरी तरह जोड़ने की बात उठी। उन्होंने बिना परमिट कश्मीर जाने का निर्णय लिया और वहां गिरफ्तार हुए। 23 जून 1953 को रहस्यमय हालात में उनकी मृत्यु हो गई। लेकिन यह बलिदान व्यर्थ नहीं गया। आज अनुच्छेद 370 और 35 का हटना, उनके सपनों की साकार झलक है।

**नेतृत्व जो आज भी प्रेरणा है :** डॉ. मुखर्जी सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा के प्रतीक थे। भारतीय जनसंघ से शुरू हुई यात्रा आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में देश का नेतृत्व कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से 370 हटाकर और सीएए जैसे निर्णय लेकर उनके विचारों को धरातल पर उतारा है।

**शिक्षा से लेकर राजनीति तक- एक सर्वांगीण व्यक्तित्व:** 33 वर्ष की उम्र में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बनना और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करना, डॉ. मुखर्जी के बौद्धिक तेज का प्रमाण था। लेकिन वे सिर्फ शिक्षा तक सीमित नहीं रहे। देश के लिए जीना और मरना उनका जीवन मंत्र था।

**आज भी जीवंत है डॉ. मुखर्जी की प्रेरणा:** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन त्याग, साहस और विचारधारा का अद्वितीय उदाहरण है। उनका बलिदान आज भी हर उस व्यक्ति को प्रेरित करता है, जो भारत को एकजुट, आत्मनिर्भर और आत्मगौरव से परिपूर्ण देखना चाहता है।

**लेखक : शिव शंकर शर्मा,** (स्वतंत्र पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक)

## दुनिया की सबसे बड़ी लॉजिस्टिक्स-कंपनी फेडएक्स के संस्थापक का निधन

महानगर संवाददाता


**मुंबई।** दुनिया की सबसे बड़ी लॉजिस्टिक्स कंपनियों में से एक फेडेक्स के संस्थापक और एग्जीक्यूटिव चेयरमैन फ्रेडरिक वॉलेस स्मिथ का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है।

फेडेक्स के सीईओ राज सुब्रमण्यम ने कंपनी के स्टाफ को ईमेल भेजकर इसकी जानकारी दी है। फ्रेडरिक ने 1973 में 389 लोगों और 14 छोटे प्लेन्स के साथ फेडेक्स की शुरुआत की थी।

कंपनी आज 705 एयरक्राफ्ट, 2 लाख से ज्यादा गाड़ियों और 5,000 ऑपरेटिंग फैसिलिटी तक पहुंच गई है। 5 लाख से ज्यादा कर्मचारी रोज करीब 1.7 करोड़ शिपमेंट संभालते हैं।

**सैनिक से बिजनेसमैन बने थे फ्रेडरिक :** 1944 में जन्मे फ्रेडरिक स्मिथ ने वियतनाम युद्ध में अमेरिकी मरीन कॉर्प्स ऑफिसर के तौर पर काम किया था । इसके बाद उन्होंने 1973 में फेडरल एक्सप्रेस की नीव रखी। उस वक्त फेडेक्स ने 25 अमेरिकी शहरों में 186 पैकेज डिलिवर किए गए थे। आज कंपनी का नेटवर्क पूरी दुनिया में फैला है।

**100 ग्रेटेस्ट लिविंग बिजनेस माइंड में शामिल हो चुके हैं**



**स्मिथ :** फ्रेडरिक स्मिथ को फोर्ब्स की '100 ग्रेटेस्ट लिविंग बिजनेस माइंड' लिस्ट में जगह मिली चुकी है। इसके अलावा उन्हें टाइम्स, फार्च्यून जैसी मैगजीनों ने मोस्ट इन्फ्लुएंशियल कम्पनीज और वर्ल्ड्स मोस्ट एडमायर्ड कम्पनीज की लिस्ट में लगातार शामिल लिया है। वे यूएस वर्ल्ड वॉर द्वितीय मेमोरियल के को-चेयरमैन भी रहे। उन्हें कई अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड और ऑनरेरी डिग्री मिल चुकी हैं।

**इनोवेशन के लिए पहचाने जाते थे स्मिथ :** फ्रेडरिक स्मिथ अपने इनोवेशन और तेज दिमाग के लिए जाने जाते थे। स्मिथ हाल के वर्षों में कंपनी के बोर्ड गवर्नेंस, इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी जैसे ग्लोबल मुद्दों पर फोकस कर रहे थे।

## घरेलू सर्राफा बाजारों में नरमी, 930 रुपए तक सस्ता हुआ सोना

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में रविवार को 24 कैरेट सोना 1,00,750 रुपए से लेकर 1,00,900 रुपए प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 92,350 रुपए से लेकर 92,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना की तरह ही चांदी के भाव में आज गिरावट दर्ज की गई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,10,000 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है।

साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 930 रुपए प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 850 रुपए प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो चुका है। साप्ताहिक आधार पर सोने की कीमत में तो गिरावट आई है, लेकिन उतार चढ़ाव का सामना करने के बावजूद चांदी की कीमत में सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के बाद साप्ताहिक आधार पर कोई बदलाव नहीं हुआ है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,900 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 92,500 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,750 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,350 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,00,800 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,400 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 1,00,750 रुपए प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,350 रुपए प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,00,750 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,350 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।



लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना रविवार को 1,00,900 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 92,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका।

### पश्चिम एशिया में तनाव के चलते भारत ने अपनाई खास रणनीति

## रूस से बढ़ाया कच्चे तेल का आयात



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** ईरान इजराइल युद्ध में अमेरिका की एंट्री हो चुकी है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर रविवार तड़के बम बरसाए। जिसके बाद ईरान ने भी पलटवार की धमकी दी है। इस घटनाक्रम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका है। इसका सीधा असर तेल की कीमतों पर पड़ेगा। हालांकि भारत ने पहले ही हालात को भांपते हुए रणनीति के तहत रूस और अमेरिका से कच्चे तेल का आयात बढ़ा दिया है। भारत ने जून महीने में रूस से इतना तेल खरीदा है, जो पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों से खरीदे गए कुल कच्चे तेल से भी ज्यादा है।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का आयातक है और पूर्व में भारत अपने तेल आयात का अधिकतर हिस्सा खाड़ी के देशों से आयात करता था, लेकिन रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद, जब रूस ने भारत को तेल खरीद पर भारी रियायत दी तो भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात बढ़ा दिया।

**रूस से तेल खरीद में भारी उछाल**

वैश्विक व्यापार विश्लेषक फर्म कैपलर के आंकड़ों के मुताबिक भारत ने जून महीने में रूस से 20-22 लाख बैरल प्रति दिन के हिसाब से कच्चे तेल की खरीद की है। यह बीते दो साल में सबसे ज्यादा है। मई माह में भारत ने रूस से तकरीबन 11 लाख बैरल प्रति दिन के हिसाब से कच्चा तेल खरीदा था। भारत पहले रूस से अपनी जरूरत का महज एक प्रतिशत तेल ही आयात करता था, लेकिन अब इसमें भारी बढ़ोतरी हुई है और अब भारत अपने कुल तेल आयात का 40-44 प्रतिशत तेल रूस से मंगाता है।

**बढ़ सकते हैं तेल के दाम**

साफ है कि जून में पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव के चलते भारत ने अपनी आयात रणनीति में बदलाव किया है। भारत ने जून माह में इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत से कुल करीब 20 लाख बैरल प्रति दिन तेल की खरीद की है। हालांकि तनाव बढ़ने से तेल के दाम बढ़ सकते हैं। ईरान ने धमकी दी थी कि अगर अमेरिका इजराइल के साथ उसके युद्ध में शामिल हुआ तो वे होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों पर हमले करेंगे। भारत का 40 प्रतिशत तेल अभी भी होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर भारत पहुंचता है। ईरान के समर्थन में हूती विद्रोही भी लाल सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना सकते हैं।

### 12 कंपनियां आईपीओ मार्केट में दे रही दस्तक, 15,800 करोड़ रुपए जुटाना है लक्ष्य

# अगले हफ्ते शेयर बाजार में आईपीओ की बाढ, दांव पर होंगे 15,800 करोड़ रुपए

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली ।** 23 जून से शुरू हो रहे हफ्ते में आईपीओ मार्केट में हलचल बढ़ने वाली है क्योंकि इस दौरान एक या दो नहीं, बल्कि पूरी 12 कंपनियां आईपीओ मार्केट में दस्तक देने जा रही हैं। इनका लक्ष्य 15,800 करोड़ रुपए जुटाना है। इनमें से 5 आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट में खुलेंगे और एसएमई सेगमेंट में 7 आईपीओ लॉन्च किए जाएंगे। इनमें से एचबीडी फाइनेंशियल सर्विसेज को लेकर चर्चाएं जोरो पर है, जो साल का सबसे बड़ा आईपीओ लॉन्च करने




जा रही है। इस इश्यू के जरिए कंपनी का लक्ष्य 12,500 करोड़ रुपए जुटाना है। इसके साथ ही ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स, एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेस, कल्पतरु और संभव स्टील ट्यूब्स जैसी कंपनियां भी अपने पब्लिक इश्यू के साथ बाजार में उतर रही हैं। एचबीडी फाइनेंशियल सर्विसेज के आईपीओ के लिए निवेशक 27 जून तक बोली लगा सकेंगे। इसमें 20 शेयरों के मिनिमम लॉट के साथ 700 रुपए से 740 रुपए प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया गया है। यह एक मिक्स्ड इश्यू है, जिसमें 2,500 करोड़ रुपए की नई इक्विटी जुटाई जाएगी और 10,000 करोड़ रुपए की शेयरों की बिक्री ऑफर-फॉर सेल विंडो के तहत होगी।

मुंबई बेस्ड रियल एस्टेट कंपनी कल्पतरू लिमिटेड का आईपीओ 24 जून को लॉन्च हो रहा है। इसके जरिए कंपनी का लक्ष्य 1,590 करोड़ रुपए जुटाना है। यह पूरी तरह से 3.84 करोड़ इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू है। आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 387-414 रुपए रखा गया है।

संभव स्टील ट्यूब्स का आईपीओ 25 जून को लॉन्च हो रहा है। यह इश्यू 27 जून को बंद होगी। इसके लिए प्राइस बैंड 77-82 रुपए तय किया गया है। इस आईपीओ के जरिए कंपनी 540 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इसमें फ्रेश इश्यू के जरिए 5.37 करोड़ रुपए के शेयर जारी किए जाएंगे और 1.22 करोड़ शेयरों की बिक्री ऑफर-फॉर सेल के तहत होगी। आईपीओ का लॉट साइज 182 शेयरों का है। इसके लिए रिटेल निवेशकों को कम से कम 14,924 रुपए का निवेश करना होगा।

एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज का आईपीओ 24 जून को खुल रहा है। इश्यू की क्लोजिंग 26 जून को होगी। इस आईपीओ के जरिए कंपनी 852.53 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 380 रुपए से 400 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। इसमें 400 करोड़ के फ्रेश इश्यू के साथ 11.3 मिलियन शेयर ओएफएस के जरिए जारी किए जाएंगे। ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स का आईपीओ 24 जून को खुलकर 26 जून को बंद होगा। आईपीओ के लिए प्रति शेयर प्राइस बैंड 67-71 रुपए तय किया गया है।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



## प्राध्यापक और कोच प्रतियोगिता परीक्षा-2024

# अनुपस्थित ना रहें शिक्षक, रोका जाएगा अगले माह का वेतन

महानगर संवाददाता




**जयपुर।** प्रदेश में प्राध्यापक और कोच प्रतियोगिता परीक्षा-2024 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अध्यापकों की ड्यूटी लगाई गई है। सरकार की ओर से बिना अनुमति अनुपस्थिति को लेकर गंभीर निर्णय लिया गया है। अनुपस्थित रहने वाले अध्यापकों का अगले माह का वेतन रोक लिया जाएगा।

राज्य सरकार की ओर से निदेशक माध्यमिक और प्रारंभिक शिक्षा बीकानेर, सचिव राजस्थान लोक आयोग, संयुक्त निदेशक और अन्य जिला शिक्षा अधिकारियों की ओर से यह आदेश जारी किया गया है। जयपुर जिले के लिए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा की ओर से जारी आदेश में सभी ड्यूटीरत शिक्षकों को निर्देशित किया गया है। आदेश के अनुसार राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से जयपुर में बनाए गए राजकीय एवं निजी परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली प्राध्यापक और कोच प्रतियोगिता परीक्षा-2024 में जिन-जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, वे आवश्यक रूप से परीक्षा केंद्र पहुंचें। आदेश के अनुसार बिना अनुमति के वीक्षण कार्य से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों का माह जून का वेतन आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक और प्रारंभिक की ओर से जयपुर जिले के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी आदेश दिए गए हैं कि यदि वे आदेश की अवहेलना करने वाले अध्यापकों का वेतन जारी करते हैं तो उन्हें ही इसका उत्तरदायी मानकर जवाब देना होगा।

### विभाग अनुशासन का दे रहा सख्त संदेश

ऐसे में यह साफ हो गया है कि आने वाले समय में शिक्षा विभाग की ओर से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में ड्यूटी लगने की स्थिति में शिक्षक किसी प्रकार का बहाना नहीं कर पाएंगे। उन्हें इस बात के लिए पाबंद कर दिया गया है कि वे परीक्षा केंद्र पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं। इस बार अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के वेतन की कटौती होने पर अगली परीक्षा ड्यूटी आने पर शिक्षक तुरंत ही ड्यूटी पर जाने के लिए तैयार रहेंगे। दूसरी ओर विद्यालय के प्रधानाचार्य भी इसमें कार्रवाई के लिए अनुशासित हैं। अनुशासन तोड़ने वाले वीक्षक अध्यापक का वेतन जारी नहीं कर पाएगा।

### शिक्षक संघ ने कहा-पारदर्शिता रहे

दूसरी ओर शिक्षक संघ अरस्तु की ओर से कहा है कि इस आदेश के अनुसार केवल उन्हीं वीक्षक शिक्षकों को अनुशासन में लाया जाए, जो ड्यूटी में कोताही बरतते हैं, अन्य किसी का वेतन आहरण नहीं रोका जाना चाहिए। शिक्षक संघ अरस्तु के अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में भी जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक की ओर से ऐसे आदेश के बाद सभी शिक्षकों के वेतन रुकने की स्थिति बनी थी, तब तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी का ध्यान इस ओर दिलाया गया तो अलग से दोबारा आदेश जारी किया गया।

### सोमवार से शुरू होंगी परीक्षाएं

उल्लेखनीय है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से 23 जून से 4 जुलाई तक प्रदेश में प्राध्यापक और कोच प्रतियोगिता परीक्षा-2024 का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न विषयों की इन परीक्षाओं को प्रतिदिन दो पारियों में आयोजित किया जाएगा। इन्हीं परीक्षाओं के लिए दोनों पारियों में अध्यापकों की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान अलग-अलग विषयों की परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा।

# भाजपा के पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी विमल कटियार का जन्मदिन मनाया



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी विमल कटियार का रविवार को जन्मदिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। यह समारोह जन्मदिवस के साथ-साथ संगठन के समर्पित सेवक, विचारशील मार्गदर्शक और जनसम्पर्क के सशक्त स्तम्भ को सम्मान देने का भी अवसर बना। कार्यक्रम में पार्टी के अनेक पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं कटियार के प्रशंसकों ने भाग लिया। सभी ने उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सशक्त जीवन की मंगलकामना की। समारोह में राजनीतिक समर्पण, संगठनात्मक नेतृत्व और मीडिया रणनीति में कटियारके बहुमूल्य योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में प्यारे लाल वर्मा, प्रेम नारायण, महेश जोशी, प्रदेश मीडिया कार्यालय प्रभारी चम्पालाल रामावत, योगेश सिंह सिसोदिया, निर्मल सैनी, मुकेश भारद्वाज, मुकेश जैमन, दर्शन सिंह नरूका, प्रिंस भटनागर, योगेश शर्मा, विरेन्द्र कुमार शर्मा, अरूण शर्मा, नयन माधानी, हरिओम वैष्णव, त्रिलोक शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, ओमप्रकाश छीपा, कृष्ण मुरारी शर्मा, सीताराम सैनी, बलराम सिंह शेखावत, गणेश सिंह शेखावत आदि प्रमुख से उपस्थित रहे।

# योगा एवं वैलनेस शिविर का किया आयोजन

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** श्री अग्रवाल वैश्य समाज समिति/ट्रस्ट, गीजगढ़ विहार की ओर से रविवार को योगा एवं वैलनेस शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वेलनेस सेंटर सीड टू फीड न्यूट्रीशन सेंटर, सोडाला एवं आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर में लोगों को खराब जीवन शैली से स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई। इस अवसर पर समाज के पूर्व अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रमोद सिंगला के साथ महामंत्री ललित पोद्दार का सहयोग रहा। सीड टू फीड सेंटर एवं समाज की ओर से शिविर के समापन पर सभी को एनर्जी ड्रिंक एवं हेल्थी स्वल्पाहार दिया गया।

# अमरापुर स्थान पहुंचा 139 भक्तों का पदयात्रा जत्था



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मानसरोवर के अग्रवाल फार्म से 13 किलोमीटर की दूरी तय कर रविवार को 139 भक्तों का पदयात्रियों का जत्था श्री अमरापुर स्थान पहुंचा। श्री अमरापुर स्थान पर भक्तों ने गुरु दरबार पर शीश झुका मनोकामना गुरुदेव के समक्ष रखी।

सद्गुरु टेऊंराम 139 जन्मोत्सव 26 से 30 जून के उपलक्ष्य में यह पद यात्रा निकाली गई। करीब 10 वर्षों से अधिक समय से अग्रवाल फार्म आश्रम के भक्त स्वामी टेऊंराम महाराज के पावन चालिया महोत्सव पर प्रत्येक वर्ष पद यात्रा कर गुरु दरबार आते हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग पूरे जोश उत्साह के साथ पद यात्रा में शामिल होते हैं।

अशोक कुमार, सुदामा, रमेश, लोकेश, गुरबक्श, राजकुमार आदि भक्तों ने संतों का आशीर्वाद लिया। एकादशी पर सभी भक्तों ने संतों के साथ भजन संकीर्तन का आनंद लिया।

# लहर डांस ग्रुप की समापन प्रस्तुति ने मोहा मन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आमेर स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर कीर्ति स्तंभ की नसियां सराय बावड़ी परिसर में आयोजित लहर डांस ग्रुप की नियमित डांस क्लासेस का रविवार को समापन हुआ।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित गुरु अविनाश शर्मा और गुरु सुमेर सिंह रहे। संयोजक जगदीश बागड़ी ने कहा कि यह केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं बल्कि क्षेत्र के नवांकुरों को आत्मविश्वास के पंख देने का प्रयास रह है। कार्यक्रम के आयोजन में सत्यनारायण सैनी और बद्रीनारायण सैनी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में 5 वर्ष की आयु से लेकर 30 वर्ष तक के लोगों ने भाग लिया और अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने बॉलीवुड, राजस्थानी, शास्त्रीय और फ्यूजन डांस फॉर्म्स में अपनी प्रस्तुति दी। नन्हें कदमों की थिरकन और चेहरे की मुस्कान ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में चैयरमैन पूरणमल सैनी, अविनाश सैनी पार्षद प्रतिनिधि, वार्ड नंबर 4, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जयपुर शहर राधेकृष्ण सैनी, विश्वास सैनी अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा आमेर, अंजली ब्रह्मभट, सुनील कुमार सैनी हिंदू परिषद, गोपाल लाल सैनी पार्षद प्रत्याशी, वार्ड नंबर 3, समाज सेवी राजाराम पारीक आदि उपस्थित रहे।

# स्पेशल ओलंपिक के खिलाड़ियों ने किया समावेशी योगाभ्यास



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्पेशल ओलंपिक भारत के जयपुर स्थित सेंटर आर्यन्स स्पोर्ट्स स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सवाई मानसिंह स्टेडियम में समावेशी योगाभ्यास किया। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, खेल मंत्री केके बिश्नोई समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने योगाभ्यास किया। आर्यन्स स्पोर्ट्स स्कूल के निदेशक अनुराग आर्य ने बताया कि स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष मल्लिका नड्डा की ओर से भारत के हर राज्य में स्थित स्पेशल ओलंपिक भारत स्पोर्ट्स सेंटर पर समावेशी योगाभ्यास का कार्यक्रम संचालित करवाया जा रहा है। जयपुर में भी स्पेशल खिलाड़ियों ने साधारण खिलाड़ियों के साथ मिलकर पिछले 10 दिन से समावेशी योगाभ्यास की कड़ी मेहनत की। योग से विशेष योग्यजन बच्चों को शारीरिक व मानसिक रूप बहुत लाभ मिलता है। योग को अधिक से अधिक विशेष योग्यजन बच्चों तक पहुंचाने के लिए ही यह समावेशी योग शिक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# राधे राधे क्लब ने थैलीसीमिया रोगियों के लिए किया रक्त एकत्रित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नंदपुरी स्थित अग्रसेन त्रिलोकी सेवा धाम पर रविवार को थैलीसीमिया रोगियों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राधे-राधे क्लब के तत्वावधान में आयोजित शिविर में 368 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। शिविर में 496 रक्तदाताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में अवधेश दास महाराज, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, पूर्व विधायक अरुण चतुर्वेदी अतिरिक्त आयुक्त खाद्य एवं सुरक्षा विभाग पंकज ओझा ने भी शिरकत की। क्लब के सभी सदस्यों के उत्साह एवं ट्रस्ट के सम्मानित सदस्यों के सहयोग से यह रक्तदान शिविर 368 यूनिट एकत्रित करके कीर्तिमान बनाने में सफल रहा। इसमें टीम गोविंददेवजी का विशेष सहयोग। क्लब अध्यक्ष मनोज बंसल ने सभी सहयोगियों का सम्मान किया। इस अवसर पर राजेश बंसल, नीरज शर्मा, आनंद शर्मा, कपिल सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रमोद भारद्वाज सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



# गूंजा गौ माता का गौरव

**जयपुर(मस)।** श्री राम दरबार गौ गंगा चैरिटेबल ट्रस्ट, नौगांव (फतेहपुर) के तत्वावधान में रविवार को गोविन्ददेवजी के प्रांगण में गौ संरक्षण एवं संवर्धन विषयक कथा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गौभक्त साध्वी कल्याणी गिरी ने समाज को गौ माता के महत्व का गूढ़ ज्ञान दिया। साध्वी ने कहा कि गाय केवल पशु नहीं, बल्कि सनातन धर्म की जड़ है। उसका संरक्षण करना हमारा धर्म और ऋषियों की परंपरा का निर्वहन है। आज जब आधुनिकता की दौड़ में लोग प्रकृति और परंपरा से दूर हो रहे हैं, ऐसे में गाय और गंगा की सेवा ही सनातन धर्म की रक्षा है। उन्होंने भक्तों को गौ रक्षा की प्रतिज्ञा दिलवाई। 'हम सब मिलकर गौ माता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान का संकल्प लेते हैं और उनके संरक्षण के लिए तन-मन-धन से समर्पित रहेंगे।

# जयपुर कॉट्योर शो के सेकंड लुक लॉन्च में दिखी राजस्थान की झलक

### क्लब अरमानी में एक मंच पर आए डिजाइनर और आयोजक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान की पारंपरिक शान और आधुनिक फैशन के ट्रेंड्स एक ही मंच पर दिखाने के उद्देश्य से जयपुर कॉट्योर शो 2025 के सेकंड लुक लॉन्च का आयोजन रविवार को क्लब अरमानी, टोंक रोड पर किया गया। इस दौरान मंच पर मॉडल्स, डिजाइनर और आयोजक एक साथ नजर आए और आगामी शो की झलक से सभी को उत्साह से भर दिया। शो के फाउंडर व डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया कि 11, 12 और 13 जुलाई को अलंकारा रिसॉर्ट एंड होटल्स में आयोजित होने वाला यह शो एक तरह से खास फैशन इवेंट बनेगा। हमारा उद्देश्य पारंपरिक शिल्प और आधुनिक डिजाइन को जोड़ते हुए राज्य की फैशन इंडस्ट्री को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना है। इस तीन दिवसीय आयोजन में करीब 60 मॉडल्स (मेल व फीमेल) रैंप पर डिजाइनर आउटफिट्स पहनकर फैशन के नए रंग बिखेरेंगे। लुक लॉन्च इवेंट में शो डायरेक्टर जेडी माहेश्वरी, फैशन विशेषज्ञ पीएन डूडी, चंद्रशेखर चौधरी, अलंकारा रिसॉर्ट डायरेक्टर मनोज मालानी सहित फैशन इंडस्ट्री से जुड़े अन्य प्रमुख लोग भी मंच पर उपस्थित रहे। गौरव गौड़ ने कहा कि इस बार की थीम पारंपरिक और मॉडर्न फैशन का संगम होगी, जो देसी सौंदर्य को ग्लोबल टच देने का प्रयास है। हम हर बार कुछ नया लाते हैं, इस बार फैशन और संस्कृति दोनों का संगम होगा, एक ऐसा अनुभव जो शाही भी होगा और ग्लैमरस भी। इस दौरान दो विशेष डिजाइनर कलेक्शन को शोकेस किया गया। डिजाइनर दशरथ सिंह सोडा (जोधपुर) राजस्थानी रॉयल थीम पर आधारित रुखमन कलेक्शन लहरिया, बंधेज और कढ़ाईदार आउटफिट्स के माध्यम से पारंपरिक खूबसूरती को जीवंत करता है। मोनिका अडवाणी का ट्रेंडी, ग्लैमरस और रेड कार्पेट लुक की झलक से भरपूर दीवा कलेक्शन आधुनिक फैशन के चाहने वालों को खासा आकर्षित करेगा।



# अखंड योग विश्व कीर्तिमान महोत्सव-2025 मनाया

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर के तत्वावधान में रविवार को बहनों द्वारा अखंड योग विश्व कीर्तिमान महोत्सव 2025 मनाया गया। खेल राज्य मंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई एवं महापौर सौम्या गुर्जर ने बहनों के साथ स्वास्थ्य एवं योग पर चर्चा की।

सभी बहनों ने निरंतर चल रहे हवन यज्ञ में गायत्री मंत्र के जाप कर आहुति दी।

समर्था सेवा न्यास एवं राष्ट्र सेविका समिति की महोत्सव में सहभागिता रही।



# भागवत कथा में सुनाया रुकमणी विवाह प्रसंग



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** चतुर्भुज मंदिर धाबाई जी का खुर्रा में हरियाणा गोड़ ब्राह्मण समाज की ओर से हो रही भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में रविवार को प्रभु दास महाराज ने रुकमणी विवाह का प्रसंग सुनाया। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण भगवान की बारात निकाली गई। बारात में शामिल मुकेश कांजला, सुनील टिलावाला, विष्णु, राजेश, पहलाद समाज बन्दुओं ने घोड़े व बाजे के साथ चतुर्भुज मंदिर पहुंचे। जहां वधू पक्ष की ओर से अरुण शर्मा, जगदीश, मंदिर अध्यक्ष महामंत्री भागचंद काजला ने स्वागत किया। इसके बाद भोजन प्रसादी करके विदा किया गया।


**आम सूचना**

क्रम संख्या 101/2025 दिनांक 22.06.2025

हर आम व खास को सुचित किया जाता हैं कि मेरे अभिभाष्यगण श्री मुकेश नावरिया पुत्र स्व. श्री गोपीराम नावरिया एवं श्रीमति संजु नावरिया धर्म पत्नी श्री मुकेश नावरिया निवासी-203 मण्डी खटीकान चार दरवाजा दर्बलनाथ जी की बगीची रामगंज जयपुर का पुत्र निखिल नावरिया उनके कहने में नहीं हैं ना ही कहना मानता है तथा मनमर्जी से रहता है पिछले दो वर्षों से निखिल नावरिया अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होकर मेरे अभिभाष्यगण से अलग निवास कर रहा है मेरे अभिभाष्यगण ने निखिल नावरिया से अपने समस्त प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिए हैं तथा निखिल नावरिया को अपनी चल-अचल सम्पत्ति व निजी जीवन से भी बे-दखल कर दिया हैं यदि कोई व्यक्ति मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र निखिल नावरिया से किसी भी प्रकार का सबंन्ध, सरोकार रखेगा, संव्यवहार या लेन-देन करेगा तो उसके लिए वह स्वयं व्यक्ति जिम्मेंदार होगा जिसमें मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी एवं दायित्व नहीं होगा सूचित रहें।

रमेश कुमार विमल, एडवोकेट
(राज. उ. न्यायालय)
मो. 9468769324



**अनुसूची-1**
**फॉर्म ए- सार्वजनिक घोषणा**
**(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2017 का विनियम 14)**

**कैंसोक्लाउड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों के ध्यानार्थ**

विशिष्ट विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट व्यक्ति का नाम | कैंसोक्लाउड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट व्यक्ति के निगमन की तिथि | 07/12/2022 |
| 3. | वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट व्यक्ति निगमित/पंजीकृत है | आरओसी - जयपुर |
| 4. | कॉर्पोरेट व्यक्ति की कॉर्पोरेट पहचान संख्या/सीमित देयता पहचान संख्या | U72900RJ2022FTC085059 |
| 5. | कॉर्पोरेट व्यक्ति के पंजीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | 402, दिव्य ज्योति अपार्टमेंट, न्यू भूपाल पुरौदयपुर, उदयपुर, उदयपुर, राजस्थान, भारत, 313001 |
| 6. | कॉर्पोरेट व्यक्ति के परिसमापन प्रारंभ तिथि | 18/06/2025 |
| 7. | परिसमापक का नाम, पता, ईमेल पता, संपर्क नंबर और पंजीकरण संख्या | नाम: श्री संदीप जवाहरलाल सिंघल पंजीकृत पता: 313/314, गिरि शिखर, प्लॉट नंबर 8891, गोयनका हॉल के सामने, जेबी नगर, अंधेरी (पूर्व), मुंबई शहर, महाराष्ट्र, 400059 ईमेल आईडी sandeepjsinghal@hotmail.com संपर्क संख्या -9820060027 पंजीकरण संख्या: IBBI/IPA-001/IP-P00519/2017-2018/10920 |
| 8. | जमा करने की अंतिम तिथि दावों की संख्या | 18/07/2025 |

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कैंसोक्लाउड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 18 जून, 2025 को स्वैच्छिक परिसमापन शुरू कर दिया है। कैंसोक्लाउड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों से अनुरोध है कि वे 18 जुलाई, 2025 को या उससे पहले मद 7 के सामने उल्लिखित पते पर परिसमापक को अपने दावों का प्रमाण प्रस्तुत करें। वित्तीय लेनदार अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी हितधारक व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दावों का प्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। दावे के झूठे या भ्रामक प्रमाण प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जाएगा। संदीप जवाहरलाल सिंघल IBBI/IPA-001/IP-P00519/2017-2018/10920 (कैंसोक्लाउड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का स्वैच्छिक परिसमापक)

दिनांक: 23/06/2025
स्थान: जयपुर



**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**
**Bank of Maharashtra**
ONE FAMILY ONE BANK

बैंक ऑफ महाराष्ट्र, अंचल कार्यालय, जयपुर, 6वां तल, फॉर्चून हाईट्स, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर- 302001
फोन:- 0141-2379903, 905 ई-मेल आईडी: legal_jai@mahabank.co.in; dzmjaipur@mahabank.co.in
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे-5

**अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (परिशिष्ट - IV –A)**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्ति का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।** आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहाँ है, जैसी है और जो कुछ भी है''** के आधार पर ऋणी और जमानतदारों से बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शेष राशि की वसूली के लिए **दिनांक 28.07.2025 को प्रातः 11.00 बजे एवं दोपहर 3.00 बजे के मध्य** बेचा जाएगा। ऋणी और जमानतदारों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और उस पर ज्ञात भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा इस प्रकार है:–

| क्र. सं. | ऋणी का नाम | बकाया राशि | सम्पत्तियों का पता | कब्जा प्रकार / शाखा नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा (ईएमडी) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. अक्षिता इंडस्ट्रीज (ऋणी) 2. श्री सुरेश कुमार यादव पुत्र लाल चंद यादव (प्रोपराईटर) | 22.10.2024 तक बकाया रूपये 2,13,88,845.76 + आगे की लागतों, ब्याज, शुल्कों एवं खर्चों सहित, वसूली कम करके यदि हो | साम्यिक बंधकः श्री सुरेश कुमार यादव के नाम पर भूमि के सभी अंश और हिस्से जो प्लॉट संख्या जी1-102ए रीको औद्योगिक क्षेत्र ग्राम कालाडेरा जयपुर 303801 में स्थित जिसका कुल क्षेत्रफल 560.00 वर्गमीटर है। संपत्ति की सीमाएं: उत्तर: प्लॉट संख्या जी-1(101), दक्षिण: प्लॉट संख्या जी-1(102), पूर्व: 18 मीटर चौड़ी सड़क, पश्चिम: प्लॉट संख्या जी-1(93) | सांकेतिक कब्जा / गोपालपुरा बाईपास | आरक्षित मूल्य- रू. 75,00,000/- (रूपये पिचहत्तर लाख मात्र) ईएमडी- रू. 7,50,000/- (रूपये सात लाख पचास हजार मात्र) |
| 2 | मैसर्स ओम प्रेम एंटरप्राइजेज (ऋणी) जरिये इसके प्रोपराईटर श्री सत्येन्द्र सिंह चौधरी | 23.01.2025 तक बकाया रूपये 1,56,20,874/- + आगे की लागतों, ब्याज, शुल्कों एवं खर्चों सहित, वसूली कम करके यदि हो | साम्यिक बंधकः श्री सत्येंद्र सिंह चौधरी के नाम पर आवासीय सम्पत्ति के सभी अंश और हिस्से जो प्लॉट नंबर ए-42, स्कीम नंबर 18 जय किशन नगर, आर्य नगर, मुरलीपुरा, सीकर रोड जयपुर, राजस्थान- 302013 में स्थित जिसका क्षेत्रफल 165 वर्गगज है। संपत्ति की सीमाएं: पूर्व: सड़क, पश्चिम: अन्य की भूमि, उत्तर: प्लॉट नंबर ए 43, दक्षिण प्लॉट नंबर ए 41 | सांकेतिक कब्जा / एम.आई. रोड़ | आरक्षित मूल्य- रू. 1,31,50,000/- (रूपये एक करोड़ इकतीस लाख पचास हजार मात्र) ईएमडी- रू. 13,15,000.00/- (रूपये तेरह लाख पन्द्रह हजार मात्र) |
| 3 | 1. मैसर्स धानी कम्युनिकेशन (ऋणी) 2. श्रीमती सानवी आनंद (प्रोपराईटर एवं गारंटर) | 09.06.2023 तक बकाया रूपये 10,55,277.00 + आगे की लागतों, ब्याज, शुल्कों एवं खर्चों सहित, वसूली कम करके यदि हो | साम्यिक बंधकः श्रीमती सान्वी आनंद पुत्री श्री लीला राम चंदानी के नाम से सम्पत्ति के सभी अंश और हिस्से जो फ्लैट नंबर डी- 404, चौथी मंजिल, सीडर लक्सुरिया, खसरा 248,250,674/252, गांव- सुखिया, तहसील- सांगानेर, जयपुर, राजस्थान- 302020 में स्थित जिसका बिल्टअप एरिया (SBUA) 1052.77 वर्गफीट है। संपत्ति की सीमाएं: उत्तर: गलियारा, दक्षिण: बालकनी, पूर्व: फ्लैट नंबर डी-405, पश्चिम: खाली जगह | भौतिक कब्जा / प्रतापनगर | आरक्षित मूल्य- रू. 34,30,000/- (रूपये चौंतीस लाख तीस हजार मात्र) ईएमडी- रू. 3,43,000.00/- (रूपये तीन लाख तियालीस हजार मात्र) |
| 4 | 1. मैसर्स फूड मेट एग्रो (ऋणी) 2. श्री सुरेन्द्र कुमार चौधरी (गारंटर) 3. श्री संत राम (गारंटर) | 28.12.2023 तक बकाया रूपये 90,40,171.20 + आगे की लागतों, ब्याज, शुल्कों एवं खर्चों सहित, वसूली कम करके यदि हो | साम्यिक बंधकः श्री संत राम जाट पुत्र श्री बुद्धा राम जाट के नाम से वाणिज्यिक सम्पत्ति के सभी अंश और हिस्से जो खसरा नंबर 341/2, ग्राम कल्याणपुरा, बाखरी रोड, पावटा, तहसील कोटपूतली, जयपुर, राजस्थान -303110 में स्थित जिसका कुल क्षेत्रफल 696 वर्गमीटर है। संपत्ति की सीमाएं: उत्तर: खसरा नं. 341/1, दक्षिण: सड़क, पूर्व: खसरा नंबर 342, पश्चिम: खसरा नंबर 340 | भौतिक कब्जा / मालवीयनगर | आरक्षित मूल्य- रू. 48,30,000/- (रूपये अड़तालीस लाख तीस हजार मात्र) ईएमडी- रू. 4,83,000.00/- (रूपये चार लाख तियासी हजार मात्र) |

बोली वृद्धि राशि रूपये 20,000/- होगी जो प्रत्येक 10 मिनट की असीमित वृद्धि के साथ है।

**संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समयः- 24.07.2025 को सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे के मध्य।**

**बोली जमा करने/ईएमडी और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि और समय: 28/07/2025 प्रातः 10.30 बजे तक।**

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट पर दिए गए लिंक https://bankofmaharashtra.in/asset-for-sales-search और baaknet पोर्टल (https://baanknet.com) का संदर्भ लें।

दिनांक 23.06.2025 स्थानः– जयपुर प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र



## अमिताभ बच्चन ने की अभिषेक की तारीफ

# फिल्म 'कालीधर लापता' की तारीफ में की पोस्ट, लिखा- 'बेटा होने से मेरे...

दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन अक्सर अपने बेटे अभिषेक बच्चन के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट करते रहते हैं और उनका हौसला बढ़ाते रहते हैं। इसी कड़ी में उन्होंने हाल ही में एक खूबसूरत पोस्ट की है। पोस्ट में अमिताभ बच्चन ने अभिषेक बच्चन की इसलिए तारीफ की कि वह न सिर्फ उनके बेटे हैं, बल्कि वह एक अभिनेता भी हैं और अपने काम से उन्होंने इज्जत कमाई है।

अमिताभ बच्चन ने अपने पिता हरिवंश राय बच्चन की लाइन से शुरुआत करते हुए लिखा, 'मेरे बेटे, बेटे होने से मेरे उत्तराधिकारी नहीं होंगे, जो मेरे उत्तराधिकारी होंगे वो मेरे बेटे होंगे।' अमिताभ बच्चन ने अभिषेक बच्चन के लिए लिखा, 'उन्होंने फिल्मों में मुश्किल रोल किया। उन्होंने अभिनय करने की हिम्मत की और पहचान बनाई।'

### अमिताभ ने अपकमिंग फिल्म की तारीफ की

अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अभिषेक बच्चन की अपकमिंग फिल्म 'कालीधर लापता' को अपना समर्थन दिया। इस फिल्म का ट्रेलर 21 जून को रिलीज हुआ था। इसके बाद अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'अभिषेक के साथ मेरी प्रार्थनाएं हैं। आपका अलग-अलग तरह की फिल्मों में अलग-अलग तरह का रोल चुनना और कामयाब होना बहुत अच्छा है। आपको प्यार और आशीर्वाद।'

### कालीधर लापता के बारे में

गौरतलब है कि अभिषेक बच्चन की आगामी फिल्म 'कालीधर लापता' का शनिवार को ट्रेलर रिलीज हुआ है। फिल्म में अभिषेक बच्चन ने अहम किरदार निभाया है। फिल्म में अभिषेक बच्चन ने एक ऐसे शख्स का किरदार निभाया है, जिसकी याददाश्त चली गई है। फिल्म एक लापता शख्स की कहानी पर बनी है, जिसका नाम है कालीधर। फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि कालीधर की तलाश की जा रही है और कालीधर खुशी की तलाश में घर से निकल चुका है। उसकी खोज जारी है। इसके बाद उन्हें एक छोटा दोस्त मिलता है। फिल्म की कहानी इसी के आस-पास घूमती है। मधुमिता के निर्देशन में बनी फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# फिल्म 'घायल' को पूरे हुए 35 साल




### सनी देओल ने वीडियो शेयर कर लिखी दिल की बात

अभिनेता सनी देओल की फिल्म 'घायल' उनके कॅरियर की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है। लोगों को आज भी इस फिल्म के डायलॉग याद हैं। इस फिल्म की रिलीज के 35 साल हो गए हैं। ऐसे में सनी देओल ने रविवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस फिल्म की एक क्लिप शेयर की है।

घायल फिल्म साल 1990 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया था। इस फिल्म की दर्शकों ने काफी तारीफ की थी। अपनी पोस्ट में सनी देओल ने अजय मेहरा के रोल के बारे में बताया। सनी देओल ने इस फिल्म में अजय के किरदार को सिर्फ एक भूमिका से बढ़कर बताया है। उन्होंने बताया है कि यह फिल्म उनके लिए कितनी खास है। उन्होंने फिल्म के कई बेहतरीन दृश्यों को पोस्ट किया है।

पोस्ट को शेयर करते हुए सनी देओल ने लिखा, 'आज फिल्म घायल को रिलीज हुए 35 साल हो गए हैं। ऐसा लगता है जैसे कल ही की बात हो, जब हमने अजय मेहरा की जिंदगी को जीवंत किया था। उनका साहस, उनका दृढ़ विश्वास और न्याय की भावना आज भी दर्शकों के दिलों में गूंजती है। यह फिल्म एक भूमिका से कहीं ज्यादा थी। ये मेरे दिल के करीब थी। इसने मुझे चुनौती दी, मुझे प्रेरित किया और कहानी कहने की शक्ति दी।'

यूजर्स को पसंद आ रही पोस्ट

सनी देओल की इस पोस्ट पर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा 'बॉलीवुड में असली और सबसे अच्छा एक्शन।' एक दूसरे यूजर ने लिखा, 'बचपन की मेरी सबसे अच्छी फिल्म।' एक और जूजर ने लिखा है, 'बचपन में देखा था। 90 का दशक सबसे अच्छा था।'

### घायल फिल्म के बारे में

निर्देशक राजकुमार संतोषी ने 'घायल' फिल्म से अपने बॉलीवुड कॅरियर की शुरुआत की थी। इसके निर्माता धर्मेंद्र थे। फिल्म में सनी देओल के अलावा मीनाक्षी शेषाद्रि, राज बब्बर और अमरीश पुरी ने अभिनय किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी। गौरतलब है कि सनी देओल जल्द ही फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है।

# प्रियंका ने जॉन सीना को किया नाराज, पहली मुलाकात में किया मीम वाला पोज

## फिर पता चला कि रेसलर को ये पसंद नहीं, तो हुईं नर्वस





एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में जॉन सीना से पहली मुलाकात का अनुभव शेयर किया। प्रियंका ने बताया कि वह जॉन सीना से पहली मुलाकात में काफी नर्वस थीं और उन्होंने माहौल हल्का करने के लिए एक मीम पर मजाक कर दिया, जिससे सीना नाराज हो गए।

प्रियंका चोपड़ा अपनी फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट के प्रमोशन के लिए जिमी फॉलन के 'द टुनाइट शो' में पहुंची थीं। फिल्म में उनके साथ इद्रिस एल्बा और जॉन सीना भी हैं।

प्रियंका ने जॉन सीना और इद्रिस एल्बा को बहुत शानदार इंसान बताया। प्रियंका ने कहा कि जॉन सीना उनके अंदाज से बिल्कुल अलग निकले। उन्होंने पहली मुलाकात को याद करते हुए बताया, 'मैं बहुत नर्वस थी। जॉन बिल्कुल वैसे नहीं निकले, जैसे मैंने सोचा था। मैंने उन्हें पहले कभी नहीं देखा था, क्योंकि वह जॉन से पहली बार मिल रही थीं, इसलिए उन्होंने मजाक में बात शुरू करने की कोशिश की। प्रियंका ने जॉन सीना के 'यू कांट सी मी' वाले फेमस मीम पर मजाक कर दिया। प्रियंका ने बताया, 'हम पहले सीन की शूटिंग कर रहे थे और मैंने उनके सामने जाकर वही पोज मार दिया। उस वक्त जॉन और इद्रिस पास-पास खड़े थे। पोज करते ही इद्रिस ने इशारे में मना किया और कहा कि ऐसा मत करो, जॉन को ये पसंद नहीं।' प्रियंका ने बताया, 'मुझे लगा, अब मैंने उन्हें नाराज कर दिया।' बाद में इद्रिस ने उन्हें बताया कि जॉन को वो पोज बिल्कुल पसंद नहीं है, खासकर जब कोई उनके सामने करे।' यह घटना प्रियंका के लिए काफी टेंशन वाली रही।

### 'यू कांट सी मी' है जॉन सीना का सिग्नेचर

गौरतलब है कि 'यू कांट सी मी' जॉन सीना का एक मशहूर डायलॉग और सिग्नेचर हैंड जैश्चर है। डब्ल्यूडब्लूयूई रेसलिंग के दौरान सीना यह कहते हुए अपने चेहरे के सामने हाथ घुमाते थे, जैसे वो कह रहे हों कि मैं इतना तेज हूं कि मुझे देख नहीं सकते। यही अंदाज इंटरनेट पर मीम बन गया। लोग मजाक में कहते हैं कि जॉन सीना दिखते ही नहीं, जैसे वो अदृश्य हों। प्रियंका चोपड़ा ने भी इसी मीम पर चुटकी ली, जब पहली बार उनसे मिलीं।

### प्रियंका की बेटी को एपीटी गाना पसंद है

बेटी मालती की बात करते हुए प्रियंका ने बताया कि मालती को हर तरह का म्यूजिक पसंद है। प्रियंका ने कहा कि मालती को फिल्म मोआना बहुत पसंद है। वह दिनभर मोआना की ड्रेस पहनती है और मोआना 2 उसकी फेवरिट फिल्म है। हाल ही में वे लोग डिज्नी वर्ल्ड भी गए थे। प्रियंका ने आगे बताया कि मालती को एपीटी नाम का गाना बहुत पसंद है। उन्होंने शो में गाने की लाइनें भी गाईं और कहा कि हर सुबह उनकी बेटी का यही मॉर्निंग सॉन्ग होता है।गौरतलब है कि एपीटी न्यूजीलैंड और दक्षिण कोरियाई सिंगर रोजे और अमेरिकी सिंगर ब्रूनो मार्स का एक गाना है। गाने का टाइटल और बोल एक कोरियाई ड्रिंकिंग गेम से प्रेरित हैं जिसे एपीटी भी कहा जाता है।

# खतरनाक बीमारी से जूझ रहे हैं सलमान खान

### खुद किया खुलासा, बोले- 'हर दिन दर्द होता है, फिर भी...'



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान इस समय चर्चा का विषय बने हुए हैं। हाल ही अभिनेता 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए सीजन में बतौर गेस्ट पहुंचे थे, जहां उन्होंने कई खुलासे किए हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। अब भाईजान ने बताया है कि वो एक गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, जिस कारण उन्हें बहुत दर्द झेलना पड़ता है फिर भी वह अपने काम के प्रति समर्पित रहते हैं।

कपिल शर्मा शो के तीसरे सीजन की शुरुआत हुई है, जिसके पहले ही एपिसोड में सलमान खान मेहमान बनकर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर कई बातें बताई हैं। उन्होंने बताया कि वह ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया, ब्रेन एन्यूरिज्म और एवी मालफॉर्मेशन जैसी खतरनाक बीमारियों से जूझ रहे हैं। अभनेता ने कहा, 'हम ये जो रोजाना की हड्डियां तुड़वा रहे हैं, पसलियां टूट गई हैं, ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया के साथ काम कर रहे हैं, एन्यूरिज्म है ब्रेन में, उसके इलाज का काम चल रहा है, एवी विकृति है, उसके इलाज चल रहे हैं। इसके बावजूद मैं काम कर रहा हूं।'

### कॅरियर से नहीं किया कोई समझौता

आगे बातचीत में अभिनेता ने बताया कि इन बीमारियों के बाद भी वो अपने काम को लेकर काफी सीरियस हैं। उन्होंने कहा कि अगर ये स्वास्थ्य समस्याएं उन्हें पहले हुई होती, तो सब कुछ फिर से शुरू कर लेते, लेकिन इस उम्र में होने से समस्याएं बढ़ गई हैं। उन्होंने बताया कि हर दिन दर्द होता है, फिर भी वो लड़ रहे हैं।

### सलमान खान का वर्कफ्रंट

सलमान खान के कॅरियर की बात करें, तो सलमान को आखिरी बार 'सिकंदर' फिल्म में देखा गया था, जो बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन ही कर पाई थी। इस फिल्म में अभिनेता के साथ रश्मिक मंदाना भी मुख्य भूमिका में नजर आईं थीं।

# बिना हीरो-विलेन की फिल्म 'ऑ' बनी ब्लॉकबस्टर

जब भी बॉलीवुड या साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कोई फिल्म बनती है, तो आमतौर पर उसमें एक हीरो, एक हीरोइन और एक विलेन जरूर होता है, लेकिन कुछ फिल्में ऐसी भी होती हैं, जिसका सस्पेंस और थ्रिलर सीट से उठने नहीं देती हैं। ऐसी ही एक फिल्म है, जिसमें न कोई हीरो है, न कोई विलेन, फिर भी ये फिल्म दर्शकों के दिलों में जगह बना गई और हिट साबित हुई। ये फिल्म एक थ्रिलर है, जिसमें तीन मशहूर अभिनेत्रियों ने अपनी दमदार एक्टिंग से कहानी को खास बना दिया। आईएमडीबी पर इस फिल्म को 7.6 की शानदार रेटिंग मिली है।




**सस्पेंस और थ्रिलर भरी है ये फिल्म:** साल 2018 में आई फिल्म 'ऑ' (अवे) की, जिसे प्रशांत वर्मा ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म में काजल अग्रवाल, नित्या मेनन और रेजिना कैसेंड्रा लीड रोल में हैं। पहले यह फिल्म साउथ में चर्चा में रही और फिर धीरे-धीरे पूरे देश में पसंद की जाने लगी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर भी उपलब्ध है।

## सोनाक्षी ने शेयर किया भूतिया अनुभव, कहा-

# 'आंखें नहीं खोलीं, फ्रीज हो गई, अचानक लगा कि कोई मुझे जगा रहा है'



एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा की अगली फिल्म 'निकिता रॉय' एक सुपर नेचुरल फिल्म है। फिल्म के प्रमोशन के दौरान सोनाक्षी ने एक निजी अनुभव शेयर किया। सोनाक्षी ने बताया कि वह भूत-प्रेत पर यकीन नहीं करती थीं, लेकिन एक बार उनके घर में कुछ अजीब हुआ। एक इंटरव्यू में सोनाक्षी सिन्हा ने कहा, 'मैं कभी मानती ही नहीं थी। बिल्कुल भी नहीं, लेकिन एक दिन मेरे साथ कुछ अजीब हुआ। मेरे ही घर में। उसके बाद से मैं थोड़ी हिल गई। हां, उसके बाद कुछ और नहीं हुआ, तो लगा शायद सपना रहा हो।'

### डर के मारे सोनाक्षी ने आंखें तक नहीं खोलीं

सोनाक्षी ने बताया कि ये घटना सुबह के करीब 4 बजे हुई थी। उस वक्त वह आधी सोई हुई थीं और आधी जाग रही थीं। सोनाक्षी ने कहा, 'मैं उस स्टेज में थी, जब आंखें बंद होती हैं, लेकिन दिमाग जाग रहा होता है। अचानक मुझे लगा कि कोई मुझे जगा रहा है। जैसे किसी ने शरीर पर दबाव डाला हो।' सोनाक्षी ने आगे कहा, 'मैं डर गई थी। बिल्कुल फ्रीज हो गई। आंखें नहीं खोलीं। हिल भी नहीं पाई। मैं ऐसे ही लेटी रही, जब तक कमरे की लाइट नहीं जली। उस अनुभव ने मुझे अंदर से हिला दिया।'

सोनाक्षी ने बताया, 'अगली रात जब मैं घर आई, तब भी देर हो चुकी थी। पहले मैंने कमरे में झांका, फिर जोर से कहा-'जो भी था कल रात, प्लीज फिर मत आना। मैं बहुत डर गई थी। अगर कुछ कहना है, तो सपने में आना, सामने मत आना।' फिर मैं अंदर चली गई। कसम से, उसके बाद कभी ऐसा कुछ नहीं हुआ।' गौरतलब है कि फिल्म निकिता रॉय 27 जून को रिलीज होगी। इसमें सोनाक्षी के साथ परेश रावल और अर्जुन रामपाल भी हैं।

# विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' का टाइटल ट्रैक रिलीज



विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' को लेकर फैन्स के बीच खासा उत्साह बना हुआ है। इसी बीच मेकर्स ने फिल्म का टाइटल ट्रैक जारी कर दिया है, जो प्यार में दूरी, तड़प और अधूरे जज्बातों को बेहद खूबसूरती से दर्शाता है। यह गाना एक सच्चे दिल की कहानी है, जो दूर रहकर भी किसी को टूटकर चाहता है।

विक्रांत और शनाया ने गाने में अपने किरदारों की भावनाओं को बड़े ही सहज और असरदार अंदाज़ में निभाया है। उनकी नजरों के ज़रिए कहा गया हर जज्बात सीधे दिल को छू जाता है। गाने का माहौल दिल टूटने वाले हर शख्स से जुड़ता है और एक गहरी भावनात्मक छाप छोड़ता है। इस टाइटल ट्रैक को जुबिन नौटियाल ने गाया है, संगीत और बोल विशाल मिश्रा के हैं।

'आंखों की गुस्ताखियां' में मोहब्बत की शुरुआत एक नजर से होती है, फिर आती है हलचल, मुस्कुराहटें, उम्मीदें और कभी-कभी धोखा भी। यह गाना पुराने बॉलीवुड रोमांस की मासूमियत और सादगी को दोबारा महसूस कराता है।

जी स्टूडियोज और मिनी फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' को मानसी बागला, वरुण बागला और ओपन विंडो फिल्म्स ने को प्रोड्यूस किया है। निर्देशन संतोश सिंह का है और कहानी मानसी बागला ने लिखी और रची है। विक्रांत मैसी और शनाया कपूर अभिनीत यह रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**एसएमएस का कार्डियक सेंटर :** अगस्त माह में पहला फेज शुरू होने की संभावना

# दिल के मरीजों को एक छत के नीचे मिलेगा उच्च स्तरीय इलाज

**इलाज के लिए उपकरणों की खरीद शुरू, सेंटर में 250 बेड होंगे और इसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है**

**नए कार्डियक सेंटर में 5 कैथ लैब और पांच ऑपरेशन थिएटर होंगे**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएमएस में बन रहे कार्डियक सेंटर का काम पूरा होने में हैं। सब कुछ ठीक रहा तो इसी साल अगस्त माह में इसका पहला फेज शुरू होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि दिल के मरीजों के बेहतर इलाज के लिए नई तकनीक से लैस आधुनिक संसाधनों की सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध होगी। इसके बनने से प्रदेश सहित आसपास के राज्यों से आने वाले हार्ट पेशेंट को जल्द ही बड़ी राहत मिलेगी। एसएमएस अस्पताल परिसर में बन रहा कार्डियक सेंटर शुरू होने के बाद पूरा कार्डियक विभाग यहां शिफ्ट हो जाएगा। सेंटर में 250 बेड होंगे और इसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अगले कुछ ही दिनों में इलाज के लिए यहां उपकरण खरीदे जाएंगे। इस सेंटर के शुरू होने के साथ ही अस्पताल आने वाले 500 से अधिक मरीजों को ओपीडी, जांच और भर्ती होने के लिए इधर-उधर चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।



### रोजाना कार्डियक ओपीडी में आते हैं 500 से अधिक मरीज

कार्डियक सेंटर बन जाने से हार्ट संबंधी पूरा इलाज इस सेंटर में ही मिलेगा। एसएमएस में फिलहाल कार्डियक ओपीडी धन्वन्तरि में और आईपीडी बांगड़ परिसर में है। ऐसे में मरीजों को डॉक्टर्स को दिखाने और फिर जांच एवं एडमिशन के लिए इधर-उधर कई चक्कर लगाने पड़ते हैं। हाल में रोजाना 500 से अधिक मरीज कार्डियक ओपीडी में पहुंचते हैं, जिनमें से करीब 150 को एडमिट किया जाता है। ना केवल कार्डियक सेंटर बल्कि मई और जून माह तक सीटीवीएस भी यहां शुरू होगा और कार्डियक सर्जरी भी इसी सेंटर में होगी। ये प्रदेश का पहला कार्डियक सेंटर होगा, जहां ओपीडी, आईपीडी, एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, कार्डियो थोरेसिक सर्जरी एक ही जगह होंगी। मालूम हो कि एसएमएस में ना केवल राजस्थान बल्कि हरियाणा, उप्र, दिल्ली, मप्र तक के सैकड़ों केस हर साल आते हैं।

### रात में हो सकेंगी एंजियोग्राफी-एंजियोप्लास्टी

नए कार्डियक सेंटर में 5 कैथ और पांच ऑपरेशन थिएटर होंगे, जिनसे रोजाना होने वाले केस की संख्या भी बढ़ सकेगी। साथ ही इमरजेंसी केस को भी तुरंत एडमिट किया जा सकेगा। सेंटर बनने के बाद रातभर कैथ लैब चालू रहेंगी और रात में भी एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी हो सकेगी। कार्डियक सेंटर 54 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा है और इसमें पांच मॉड्यूलर ओटी, पांच कैथ लैब की सुविधा होगी।

**इनका कहना है....**

कार्डियक सेंटर शुरू होने से यहां दिल के मरीजों को बेहतर और तुरंत इलाज दिया जाना आसान होगा।
**- डॉ. दीपक माहेश्वरी, प्रिंसीपल, एसएमएस मेडिकल कॉलेज**

# जमीदारा पार्टी और आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों ने ली भाजपा की सदस्यता



**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पहनाया पार्टी का दुपट्टा**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा की रीति और नीति से प्रभावित होकर प्रदेश के कई विपक्षी दलों के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर जमीदारा पार्टी और आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाई। जमीदारा पार्टी से पूर्व में भाजपा में शामिल हुए श्योपत सिंह, भीम सिंह कासनिया और आम आदमी पार्टी से भाजपा में शामिल हुए मयंक त्यागी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देशवासियों के मन में भाजपा के प्रति अटूट विश्वास बन रहा है।

# गालव ऋषि की तपोभूमि का जिला प्रशासन ने किया कायाकल्प

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गुलाबी नगरी जयपुर में लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र गलता तीर्थ इन दिनों विरासत को सहेजकर विकास की ओर लगातार अग्रसर है। जयपुर जिला प्रशासन के प्रयासों से मंदिर ठिकाना गलता जी की तस्वीर बदली-बदली नजर आ रही है। सुनियोजित विकास से सुसज्जित हो रही इस ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक धरोहर की दिव्यता एवं भव्यता को सैलानियों एवं श्रद्धालुओं की सराहना मिल रही है।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर अशीष कुमार ने बताया कि जिला कलेक्टर एवं मंदिर प्रशासक मंदिर ठिकाना गलता जी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की पहल से गलता तीर्थ एक बार फिर से अपने भव्य स्वरूप में लौटने लगा है। जिला प्रशासन की ओर से 11 करोड़ 94 लाख रुपए की लागत से मंदिर ठिकाना गलता जी के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण करवाया गया है। सैलानियों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं विकसित की जा



रही है। जिला प्रशासन ने ना केवल गलता तीर्थ में पवित्र मंदिरों एवं कुंडों का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण करवाया है, बल्कि यहां कि ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक विरासत को सहेजने का कार्य भी किया है।

उन्होंने बताया कि गलता परिसर में गलता तीर्थ के इतिहास का हिन्दी व अंग्रेजी में वर्णन करने वाली शिलालेख उत्कीर्ण करवाए गए हैं। गलता जी से घाट के बालाजी तक हेरिटेज पोल लगाकर सुन्दर व आकर्षक लाइटें लगाई गई हैं। साथ ही गलजा जी तक पैदल आने-जाने के लिए पाथवे विकसित किया गया है।

जिला प्रशासन की ओर से कोबल स्टोन कार्य, नाला कम पार्किंग का कार्य, स्वागत द्वार, गेन्ट्री बोर्ड, बाहरी दीवारों पर कड़ा, खमीरा कार्य, रेड सेंड कार्य, पत्थर की जालियां, सेल्फी पॉइंट विकसित करवाया गया है।

**सीसीटीवी कैमरों से रखेंगे मंदिर पर नजर**

आशीष कुमार ने बताया कि गलता मंदिर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ एवं चुस्त-दुरुस्त करने के लिए जिला प्रशासन ने गलता मंदिर परिसर एवं घाट के बालाजी पर 15 नाइट वीजन तकनीक से लैस सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। इन कैमरों से जिला प्रशासन मंदिर में होने वाली गतिविधियों पर अपनी नजर रख रहा है। वन विभाग की ओर से गलताजी क्षेत्र में वन क्षेत्र बढ़ाने की दिशा में प्रयास किए गए हैं। साथ ही आकर्षक फूलों वाले पौधे एवं बेल भी लागाई गई है जो गलता तीर्थ की खूबसूरती में चार चांद लगा रही हैं।

# राज्य स्तरीय संस्कृत दिवस समारोह के पुरस्कारों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय संस्कृत-दिवस-समारोह में संस्कृत-क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले संस्कृत विद्वानों का सम्मान किया जाएगा। आयुक्त, संस्कृत-शिक्षा, राजस्थान ने सभी कलेक्टर, विश्वविद्यालय-कुलसचिवों, संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारियों, निदेशक, प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा, एवं संस्कृत शिक्षा विभाग के संस्था प्रधानों के माध्यम से विद्वत्प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। आयुक्त, संस्कृत-शिक्षा प्रियंका जोधावत ने बताया कि प्रस्तावों के साथ विद्वानों का संक्षिप्त परिचयात्मक विवरण निर्धारित प्रपत्र में चाहा गया है। प्रस्ताव 15 जुलाई तक अनिवार्य रूप से डाक द्वारा/व्यक्तिगत रूप से एवं विभागीय ईमेल dir-sans-rj@nic.in पर भेजे जा सकेंगे। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन-प्रारूप विभागीय वेबसाइट https://education.rajasthan.gov.in/sanskrit पर उपलब्ध है।

**ये हैं निर्धारित मानदंड**

**योजना :** संस्कृत विद्वानों की समाज में प्रतिष्ठा बढ़ाने तथा समाज के प्रति की गई प्रशंसनीय सेवाओं के लिए उत्कृष्ट एवं उच्च कोटि के संस्कृत विद्वानों तथा संस्कृत कर्मियों को प्रतिवर्ष संस्कृत-दिवस समारोह के अवसर पर राज्यस्तरीय पुरस्कार से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाना।

**कार्यक्षेत्र :** पुरस्कार के लिए निम्नलिखित कार्यक्षेत्रों में शैक्षणिक अर्हता एवं विशेष दक्षता रखने वाले, उल्लेखनीय साहित्यसर्जन करने वाले, समाज में संस्कृत शिक्षा और उसके शिक्षण की प्रतिष्ठा के लिए प्रशंसनीय-सेवा करने वाले तथा संस्कृत के प्रचार-प्रसार, विकास और विस्तार के लिए सचेत, सजग और समर्पित उन संस्कृत-शिक्षाविदों, विद्वानों एवं संस्कृत कर्मियों को चुना जाएगा, जिन्होंने परंपरागत वेदपाठ का अभ्यास कर या छात्रों को सस्वर वेद संहिताओं का अध्यापन कर अथवा वेद-भाष्यों के अनुशीलन, उपनिषदों के अध्ययन तथा अन्य वैदिक वाङ्मय के विवेचन का कार्य कर वैदिक वाङ्मय की सेवा की है।, जो शास्त्रीय-परंपराओं के अध्येता होने के साथ-साथ, शास्त्र-विशेष के अधिकृत विद्वान हों। जिन्होंने संस्कृत वाङ्मय के विभिन्न अंगों, किसी अंग/ उपांग में अंतर्निहित गूढ़-ज्ञान के प्रकाशन द्वारा संस्कृत वाङ्मय की श्रीवृद्धि की हो। जिन्होंने संस्कृत अध्ययन-अध्यापन एवं प्रशिक्षण पद्धतियों में नवाचार का प्रयोग कर इस क्षेत्र में साहित्य-सर्जन किया हो। जिन्होंने उच्चस्तर की शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थाओं की स्थापना एवं संचालन कर संस्कृत-शिक्षा की विशिष्ट पहचान बनाई हो। जिन्होंने संस्कृत वाङ्मय को आधार बनाकर अनुसंधान, तुलनात्मक अध्ययन या शोधात्मक सेवा द्वारा अन्वेषण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर संस्कृत वाङ्मय की सेवा की हो एवं संस्कृत में निहित ज्ञान-विज्ञान को प्रकाशित एवं प्रचारित किया हो। सम्मानार्थ चुने जाने वाले योग्य-विद्वानों के लिए किसी एक मानदंड के अंतर्गत पात्र पाया जाना पर्याप्त होगा तथा परंपरागत शैली एवं आधुनिक शैली दोनों प्रवृत्तियों के विद्वान इसके लिए पात्र होंगे।




स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25